kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-226 | गुरुवार, 18 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

भगवान ने स्वयं मोदी जी को एक अवतार पुरुष के रूप में भेजा है ताकि वे दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनने की यात्रा में देश का नेतृत्व कर सकें। श्री मोदी एक ऐसे नेता हैं जो देश और देशवासियों के बेहतर भविष्य के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने पहले गुजरात को आर्थिक शक्तिकेंद्र बनाया और अब पूरे देश को वैश्विक महाशक्ति बना रहे हैं। **मुकेश अंबानी**



मोदी की पगड़ियां देती हैं राष्ट्रीय एकता का संदेश 11

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम अभियान का शुभारंभ 12

## संक्षेप

### तीनों सेनाओं की एकीकृत 'थिएटर' कमान का मसला खुलेपन से सुलझाएंगे : सीडीएस

**महू।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि तीनों सेनाओं की एकीकृत 'थिएटर' कमान की योजना को लेकर सेना में व्याप्त 'असहमति' को राष्ट्र के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए दूर किया जाएगा। सीडीएस ने यह टिप्पणी तीनों सेनाओं की संयुक्त संगोष्ठी 'रण संवाद 2025' के दौरान एकीकृत 'थिएटर' कमान की योजना को लेकर दो बलों के प्रमुखों के अलग-अलग विचार सामने आने के बाद की। संगोष्ठी के दौरान एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने इस योजना पर जल्दबाजी में आगे बढ़ने के प्रति मंगलवार को आगाह किया था और तीनों सेनाओं के बीच तालमेल सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली में शीर्ष सैन्य अधिकारियों वाला एक संयुक्त योजना और समन्वय केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा था।

### पूर्वांचल में आकाशीय बिजली से चार की मौत

**लखनऊ।** देश के कुछ हिस्सों से वापसी कर रहा मानसून उत्तर प्रदेश में एक बार फिर सक्रिय हो गया है। इसके कारण कई जिलों में बारिश आफत बनकर बरसी। आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई और पांच झुलस गए। मौसम विभाग ने प्रतापगढ़, गोंडा, सीतापुर, बाराबंकी और अमेठी समेत कई जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा, बांदा, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ और गोरखपुर समेत 30 जिलों में भी भारी बारिश की संभावना है। मौसम की मार जारी है। बुधवार को बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से जौनपुर जिले में तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें से दो किशोरों पर खेलते समय वज्रपात हो गया। वहीं, मिर्ज़ापुर में जंगल में लकड़ी बीनने गई महिला झमाझम बारिश के दौरान वज्रपात की जद में आ गई। इससे उसकी जान चली गई।

### घोटाले की जांच हाईकोर्ट ने राज्य सतर्कता अधिष्ठान को सौंपी

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने राजधानी के गोमतीनगर विस्तार में बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति के नाम पर बड़े पैमाने पर भूखंडों का समायोजन कर बेंच देने के आरोपों वाले मामले में राज्य सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) को जांच सौंप दी है। अब तक इस मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा( ई ओ डबल्यू ) कर रही थी। याची के अधिवक्ता शरद पाठक ने बताया कि कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 25 सितंबर को नियत कर विजिलेंस से कारवाई रिपोर्ट मांगी है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने बुधवार को यह आदेश बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड की ओर से दाखिल याचिका पर दिया। याचिका में आग्रह किया गया था कि वर्तमान चुनी हुई कार्यकारिणी को काम करने दिया जाय, साथ ही कालातीत हो चुकी कार्यकारिणी को काम करने से रोका जाय।

# युवा कारीगरों को 23 कंपनियां देंगी प्रशिक्षण : योगी


## विश्वकर्मा जयंती पर सीएम योगी का बड़ा ऐलान टूलकिट और ट्रेनिंग स्कीम से जुड़ेंगे 12 नए ट्रेड्स

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 'विश्वकर्मा एक्सपो-2025 का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि परंपरागत 11 कारीगर ट्रेड्स के साथ अब 12 नए ट्रेड्स को जोड़ा गया है। इनमें मोबाइल रिपेयरिंग, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिकल गुड्स रिपेयरिंग, प्लंबर, कंप्यूटर रिपेयरिंग, सोलर पैनल रिपेयरिंग, डिजिटल फोटोग्राफी, ब्यूटी एंड वेलनेस सहित अन्य शामिल हैं। योगी ने कहा कि इन नए क्षेत्रों को जोड़कर युवाओं को आत्मनिर्भरता, आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजार से जोड़ा जाएगा। सरकार का लक्ष्य युवाओं को नौकरी करने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनाना है। एमओयू से नई तकनीकी ट्रेनिंग का रास्ता खुला इस अवसर पर विभिन्न कंपनियों और संगठनों के साथ तीन महत्वपूर्ण एमओयू साइन किए गए।

इन कंपनियों में रेलटेल इंडिया, जीएमआर, शाही एक्सपोर्ट्स, यदुपति, ऊषा इंटरनेशनल, लक्मे, मिस्टर ब्राउन, राधेलाल, धोबीलाइट, मेसर्स ऐप्टेक, लाउंड्री लेजेंड, समाधान, महेश नमकीन, मिंडा सिल्का, केयर स्किल एकेडमी, अप्रैल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर, रॉयल इम्पैक्ट, विजय इंडस्ट्रीज, श्याम सन्स, अजिमुत बिजनेस ऑन व्हील्स, जेडी वेलफ़ेयर, ब्लैक पॉटरी फाउंडेशन, एचसीएल फाउंडेशन, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के सीए चरनजीत सिंह नंदा, सीए ज्ञानचंद मिश्रा मौजूद रहे। ये कंपनियां परंपरागत कारीगरों को नई तकनीक से प्रशिक्षित करेंगी। कनिष्ठ सहायकों को सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र प्रदेश के 111 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने मंच से 11 अभ्यर्थियों को स्वयं नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमें औरैया की शिवा दीक्षित, मथुरा की ज्योति सिंह, हमीरपुर के रोहित कुमार, बांदा के नंदबाबू पटेल, देवरिया के अमित कुमार गोंड, बहराइच के रजनीश कुमार तिवारी, ● शेष पेज 11 पर



- अबतक 11 ट्रेड्स से जुड़े शिल्पकारों और कारीगरों को मिलते थे टूलकिट और प्रशिक्षण
- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय विश्वकर्मा एक्सपोका सीएम ने किया शुभारंभ
- कारीगरों, शिल्पकारों ने यूपी को बीमारू राज्य से विकास का ग्रोथ इंजन बना दिया
- ओडीओपी योजना ने यूपी को दिलाई वैश्विक पहचान हमारे कामगारों और शिल्पकारों की बदौलत यूपी का निर्यात पहुंचा 1.86 लाख करोड़

### प्रधानमंत्री ने विरासत को सम्मान देने का काम किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विरासत को सम्मान देने का काम किया है और देश में बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन हुआ। उनके नेतृत्व में देश ने दुनिया को रास्ता दिखाने का काम किया है। जीपीओ पार्क में श्री मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम' का शुभारंभ करते हुए उन्होने मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आज से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। यह हम सबका सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ हो रहा है। योगी ने कहा मोदी जी ने विरासत को सम्मान दिया। कोरोना से पूरी दुनिया पस्त थी। ● शेष पेज 11 पर

# अब ईवीएम में दिखेगी प्रत्याशी की रंगीन फोटो

एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने ईवीएम मतपत्र को स्पष्ट और पठनीय बनाने के लिए उसकी डिजाइन और मुद्रण शैली में बदलाव किया है। आयोग ने चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49बी के तहत निर्देशों में संशोधन किया है। इसके तहत अब ईवीएम में अब उम्मीदवार के नाम और चुनाव चिह्न के साथ उनकी रंगीन तस्वीर भी दिखेगी। यह नई व्यवस्था बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से लागू होगी।

निर्वाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए चुनाव आयोग लगातार नई पहल कर रहा है। पिछले छह महीने में चुनाव आयोग 28 नए कदम उठा चुका है। इसमें एसआईआर के मुद्दे को लेकर विवाद भी हुआ है। अब आयोग ने ईवीएम मतपत्र को लेकर बड़ा फैसला लिया है। ईवीएम मतपत्र पर अब उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें छपी होंगी। उम्मीदवार का फोटो साफ तौर पर दिख सके इसलिए तस्वीर के तीन-चौथाई हिस्से पर उसका चेहरा दिखेगा। उम्मीदवारों और नोटा के क्रमांक भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप में छापे जाएंगे। वहीं फॉन्ट का आकार 30 होगा और बोल्ड लिखा जाएगा। इसके अलावा सभी उम्मीदवारों और नोटा के नाम एक ही फॉन्ट प्रकार और फॉन्ट साइज में होंगे। ताकि यह आसानी से पढ़ने में आए। इसके अलावा ईवीएम मतपत्र 70 जीएसएम कागज पर मुद्रित किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए तय आरजीबी गुलाबी रंग के कागज का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कागज की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। आयोग का कहना है कि इस पहल से मतदान प्रक्रिया सुगम हो सकेगी। साथ ही चुनाव के प्रति पारदर्शिता और लोगों का भरोसा भी मजबूत होगा। रंगीन तस्वीरें, बड़े फॉन्ट और ● शेष पेज 11 पर

- चुनाव आयोग ने नियमों में किया संशोधन, बिहार से होगी शुरुआत




### एसआईआर में आधे से ज्यादा वोटर्स को पेपर नहीं दिखाने होंगे

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) बिहार की तर्ज पर देशभर में होगा। लेकिन ज्यादातर राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं को किसी प्रकार का दस्तावेज दिखाने की जरूरत नहीं होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके नाम पिछली एसआईआर की वोटर लिस्ट में शामिल हैं। ज्यादातर जगह यह प्रक्रिया 2002 से 2004 के बीच हो गई थी। जिन लोगों के नाम उस समय की वोटर लिस्ट में थे, उन्हें अपनी जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए कोई नया कागज नहीं देना होगा। जो नए वोटर बनना चाहते हैं, उन्हें डिक्लेरेशन फॉर्म भरना होगा। इसमें उन्हें यह बताना होगा कि वे भारत में कब जन्मे हैं। 1987 के बाद जन्मे लोगों को पैरेंट्स के दस्तावेज दिखाने होंगे

# पराली जलाने वालों की गिरफ्तारी क्यों नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में हर साल अक्टूबर-नवंबर में जहरीली हवा का कहर बरपता है। इसकी एक बड़ी वजह पंजाब और हरियाणा में पराली जलाना है। आज सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर सख्त रुख अपनाया है।

कोर्ट ने कहा कि कुछ किसानों को जेल भेजने से दूसरों को सबक मिलेगा और पराली जलाने की आदत पर लगाम लगेगी। कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने इस मामले पर गहरी नाराजगी जताई। इस मामले की एमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने बताया कि किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए सब्सिडी और मशीनें दी गई हैं, मगर किसान बहाने बनाते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ किसान कहते हैं कि उन्हें ऐसी जगह पर पराली जलाने को कहा जाता है, जहां सैटेलाइट नजर नहीं रखता। अपराजिता ने कोर्ट से कहा, ''2018 से सुप्रीम कोर्ट ने कई आदेश दिए, लेकिन किसान सिर्फ लाचारी दिखाते हैं। चीफ जस्टिस ने सवाल उठाया कि आखिर क्यों सरकार इस मामले में सख्त कानूनी कदम नहीं उठा रही। उन्होंने कहा, ''अगर कुछ लोगों को जेल भेजा जाए तो सही संदेश जाएगा। पर्यावरण बचाने की सच्ची मंशा है तो सजा के प्रावधान क्यों नहीं बनाए जाते? चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि किसान हमारे लिए खास हैं, क्योंकि वही हमें अन्न देते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वे कानून तोड़ें। पंजाब सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील राहुल ● शेष पेज 11 पर

- जुर्माना नाकाफी, सुप्रीम कोर्ट कहा- किसान हमारे अन्नदाता, लेकिन पर्यावरण को बचाना भी जरूरी



### डॉक्टर की भर्ती में गड़बड़ी की जांच शुरू

लखनऊ। कैंसर संस्थान में बिना साक्षात्कार डॉक्टर के चयन के मसले में जांच कमेटी गठित कर दी गई है। चार सदस्यीय जांच कमेटी पूरे प्रकरण की जांच करेगी। इस दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक सहायक का तबादला कर दिया गया है। कैंसर सुपर स्पेशियल्टी संस्थान में 96 चिकित्सकों की भर्ती का विज्ञापन निकाला गया था। इसमें देश भर के करीब 150 चिकित्सकों ने आवदेन किया था। चार सितंबर को चयनित डॉक्टरों की सूची जारी की गई थी। इसमें एनस्थीसिया (बेहोशी) विभाग में छह डॉक्टरों का चयन किया गया। चयनित चिकित्सकों की लिस्ट में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर पर डॉ. श्वेता अग्रवाल का नाम भी शामिल है। जबकि साक्षात्कार में वह शामिल भी नहीं हुई थीं। हल्ला मचने के बाद रिजल्ट में संशोधित कर दिया गया। निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट ने बताया कि रिजल्ट में संशोधन कर दिया गया है। मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी गठित कर दी गई है। सीएमएस डॉ. विजयेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की गई है। इसमें चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वरुण विजय, कुलसचिव ● शेष पेज 11 पर

# सात आईपीएस इधर से उधर




कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सात अधिकारियों का तबादला कर दिया।

सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार डीआईजी स्थापना के पद पर गए देव रंजन वर्मा का स्थानांतरण पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण निदेशालय लखनऊ बनाया गया है। ममता रानी चौधरी को पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट बनाया गया है। इसके अलावा सतीश कुमार पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से संबद्ध किए गए हैं जबकि अभिजीत कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक मेरठ की ज़िम्मेदारी दी गई है । आईपीएस अतुल कुमार श्रीवास्तव को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर कमिश्नरेट बनाया गया है जबकि शैलेंद्र कुमार सिंह को पुलिस उपायुक्त गौतम बुध नगर पुलिस कमिश्नरेट भेजा गया है। आईपीएस त्रिगुण बिसेन को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को भी प्रशासनिक फ़ेरबदल करते हुए 16 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया था। आईएएस विजय विश्वास पंत को मंडलायुक्त लखनऊ बनाया गया था ।

### लखनऊ के एडीसीपी समेत 57 पीपीएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। शासन ने बुधवार रात को लखनऊ के एडीसीपी पूर्वी पकंज कुमार सिंह समेत प्रदेश के 57 पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। इनमें सम्भल के एएसपी अनुज कुमार चौधरी को अब फिरोजाबाद का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है। इन तबादलों में 44 एएसपी और 13 डिप्टी एसपी शामिल हैं। इनमें डिप्टी एसपी से प्रोन्नत हुए एएसपी भी शामिल है। एससीआरबी लखनऊ के एएसपी शीतांशु कुमार को पीएसी मुख्यालय में एएसपी, पुलिस मुख्यालय से सम्बद्ध अभिषेक यादव को छठी वाहिनी एसएसएफ अयोध्या, एटीएस के एएसपी अभिषेक कुमार सिंह को एटीएस का एएसपी, एसटीएफ के संजीव कुमार दीक्षित को डिप्टी एसपी से एएसपी पद पर प्रोन्नत पर यहीं तैनाती दी गई है। लखनऊ के एडीसीपी पंकज कुमार सिंह को आजमगढ़ में 20 वीं वाहिनी पीएसी का उपसेनानायक, पुलिस भर्ती बोर्ड की एएसपी मोनिका चड्ढा को अलीगढ़ की 38 वीं वाहिनी पीएसी, यूपीपीसीएल की एएसपी अंकिता सिंह को प्रोन्नति के बाद पुलिस भर्ती बोर्ड का एएसपी बनाया गया है। डिप्टी एसपी के तबादलों में कानपुर नगर, गाजियाबाद, आगरा के एएसपी शामिल हैं।

# अब निजी विश्वविद्यालयों को भी बनाना होगा लोकपाल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता विश्वविद्यालयों में परीक्षा, प्रवेश और फीस से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई के लिए तैनात लोकपालों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। राज्य के साथ ही निजी विश्वविद्यालयों को भी अनिवार्य रूप से लोकपाल की तैनाती करनी होगी। हर महीने उनके शिकायत निस्तारण का ब्योरा ऑनलाइन होगा। जिससे छात्रों को घर बैठे ही शिकायत निस्तारण की जानकारी मिल सके। उच्च शिक्षा विभाग निजी विश्वविद्यालयों व कॉलेजों के लिए समर्थ पोर्टल की तर्ज पर एक नया पोर्टल बनाने जा रहा है। जिससे इन उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों व संसाधनों सहित विभिन्न जानकारियों ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएं।

विद्यार्थियों की शिकायतों के निस्तारण के लिए विश्वविद्यालयों में पूर्व कुलपति व शिक्षाविद्दों को लोकपाल बनाया जा रहा है। विद्यार्थियों की शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध ढंग से करने के निर्देश दिए गए हैं। कई राज्य विश्वविद्यालय तो इसमें बेहतर कार्य कर रहे हैं लेकिन कुछ में ढिलाई भी बरती जा रही है। ऐसे में समयबद्ध ढंग से शिकायतें निस्तारित की जाएं और विद्यार्थियों को न्याय दिलाया जा सके। फिलहाल नए पोर्टल से निजी विश्वविद्यालय व कॉलेजों के विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी। उच्च शिक्षा विभाग पोर्टल के माध्यम से इनकी कड़ी निगरानी कर सकेगा। अगर कहीं किसी शिक्षण संस्थान ने गड़बड़ी की तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में तेजी से निजी राज्य विश्वविद्यालय खुल रहे हैं। अब इनकी संख्या 47 तक पहुंच गई है। वहीं निजी डिग्री कॉलेजों की संख्या 7422 है। ऐसे में छात्रों के हित सुरक्षित रहें इसके लिए सख्ती बढ़ाई जा रही है।

- विश्वविद्यालयों के लोकपालों के शिकायत निस्तारण का ब्योरा ऑनलाइन होगा

# वही खरीदें जिसमें देशवासी के पसीने की खुशबू हो : मोदी

एजेंसी

धार। आने वाले त्योहारों के पहले आज, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विकसित भारत की दिशा में ले जाने के उद्देश्य से देशवासियों से स्वदेशी अपनाने का आग्रह करते हुए 'गर्व से कहो, ये स्वदेशी है' का नया नारा दिया।

श्री मोदी मध्यप्रदेश के धार जिले के भैंसोला में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने देश के पहले 'पीएम मित्रा' पार्क की आधारशिला रखी। समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर समेत राज्य के मंत्रिमंडल के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

श्री मोदी ने कहा कि अब त्योहारों का समय आ रहा है, इस पूरे समय में हमें स्वदेशी का मंत्र लगातार दोहराना है। लोग अपने जीवन में इस मंत्र को उतारें। जो भी खरीदें, देश में ही बना हो, उसमें हिंदुस्तान की मिट्टी की महक हो। उन्होंने व्यापारी वर्ग का आह्वान करते हुए कहा कि ये वर्ग भी देश की मदद करे। 2047 तक हमें देश को विकसित भारत बनाना है, उसका रास्ता 'आत्मनिर्भर भारत' से होकर जाता है। व्यापारी जो भी बेचें, भारत में ही बना हो। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वदेशी को आजादी का माध्यम बनाया था, हमें अब स्वदेशी को विकसित भारत का माध्यम बनाना है। लोग अपने बच्चे के लिए खिलौना भी खरीदें, तो वो भारत का हो। कोई भी चीज़ खरीदने के पहले देखें कि वो देश में बनी हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हम स्वदेशी खरीदते हैं तो वो पैसा देश में ही रहता है। ये पैसा देश के विकास के काम आता है। उस पैसे से गरीब कल्याण की योजनाएं बनती हैं। स्वदेशी से रोजगार भी पैदा होता है। उन्होंने कहा कि आगामी 22 सितंबर से नवरात्रि की शुरुआत हो रही है, उसी दिन जीएसटी की कम दरें लागू हो रहीं हैं, लोग इस दौरान स्वदेशी चीजें ही खरीदें। इसी क्रम में उन्होंने राज्य सरकार से कहा कि वो ये अभियान चलाए, हर दुकान पर बोर्ड हो, 'गर्व से कहो, ये स्वदेशी है'। उन्होंने इस मंत्र का वहां उपस्थित लोगों से नारा भी लगवाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक और ऐतिहासिक अवसर है। आज ही देश ने सरदार पटेल की फौलादी इच्छाशक्ति का उदाहरण देखा। भारतीय सेना ने हैदराबाद को अनेकों अत्याचारों से मुक्त कराकर उनके अधिकारों की रक्षा कर भारत के गौरव को दोबारा प्रतिस्थापित किया। उन्होंने कहा कि देश की इतनी बड़ी उपलब्धि, सेना के इतने बड़े शौर्य को कई दशक बीत गए, लेकिन किसी ने याद नहीं किया। मौजूदा सरकार ने 17 सितंबर को भारत की एकता के प्रतीक रहे इस दिन को 'हैदराबाद लिबरेशन डे' मनाने की शुरुआत की है। आज हैदराबाद में लिबरेशन डे का कार्यक्रम शुरु किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी स्वतंत्रता सेनानियों का सपना विकसित भारत था। पीएम मोदी ने कौशल और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर उन्हें नमन कर अपने संबोधन की शुरुआत की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पाकिस्तान और आतंकवाद पर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि ये नया भारत है, ये किसी की परणामु धमकियों से नहीं डरता है। ये नया भारत, घर में घुसकर मारता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया। हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। अभी कल ही देश और दुनिया ने देखा है, फिर एक पाकिस्तानी आतंकी ने रो-रो कर अपना हाल बताया। पीएम मोदी ने कहा कि मां भारती से बड़ा कुछ नहीं है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने सबकुछ देश के लिए समर्पित कर दिया था। वे बस यही चाहते थे कि हमारा देश गुलामी की जंजीरों को तोड़कर आगे बढ़े। इसी प्रेरणा से हमने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। विकसित भारत की यात्रा के चार स्तंभ हैं। नारी शक्ति, गरीब, युवा और किसान। इस कार्यक्रम में चारों स्तंभों को मजबूती देने का काम हुआ है। ● शेष पेज 11 पर

- महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य से ज्यादा कीमती नहीं सरकारी तिजोरी, हर महिला जांच कराए : पीएम



### लखनऊ के गोमतीनगर विभूतिखंड में जोरदार बारिश से जलभराव

# स्मार्ट सिटी का सपना डूबा, लोग परेशान





कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मानसून का अंतिम दौर अपनी तीव्रता के साथ लौटा है। मंगलवार शाम से शुरू हुई जोरदार बारिश ने शहर को पानी-पानी कर दिया। खासकर गोमतीनगर के विभूतिखंड इलाके में स्थिति सबसे विकट हो गई, जहां सड़कें तालाब बन गईं और जलभराव ने वीआईपी क्षेत्र की चमक फीकी पड़ गई। मूसलाधार वर्षा ने न केवल यातायात को ठप कर दिया, बल्कि सैकड़ों परिवारों के घरों/दफ्तरों में भी पानी घुसने की खबरें आने लगीं।

विभूतिखंड, जो लखनऊ का एक प्रमुख व्यावसायिक और आवासीय केंद्र है, हमेशा से ही जल निकासी की समस्या से जूझता रहा है। इस बार की बारिश ने पुरानी कमियों को फिर उजागर कर दिया। मुख्य सड़कों पर पानी का स्तर घुटनों से ऊपर पहुंच गया, जिससे वाहन चालकों को भारी कठिनाई हुई। स्थानीय निवासियों ने बताया, ''हमारा इलाका स्मार्ट सिटी का प्रतीक माना जाता है, लेकिन हर बारिश में यह तालाब बन जाता है। इसी तरह, एक अन्य निवासी प्रिया सिह ने शिकायत की कि उनके अपार्टमेंट के निचले तलों में नाले का गंदा पानी घुस गया, जिससे फर्नीचर और सामान खराब हो गया। बारिश के दौरान विभूतिखंड के प्रमुख चौराहों पर जलभराव इतना गहरा हो गया कि एम्बुलेंस और अन्य इमरजेंसी वाहनों का आवागमन रुक गया। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, एक परिवार को अस्पताल ले जाते समय उन्हें कंधों पर बच्चे को उठाकर पानी पार करना पड़ा। ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन लागू किया, लेकिन जाम की स्थिति दो घंटे से अधिक बनी रही। नगर निगम की लापरवाही पर सवाल उठने लगे हैं। विगत वर्षों में भी इसी इलाके में जलभराव की घटनाएं हुईं, लेकिन नालों की सफाई और ड्रेनेज सिस्टम के आधुनिकीकरण के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। इस घटना ने लखनऊ के जल प्रबंधन की कमजोरियों पर फिर से बहस छेड़ दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि शहर की तेजी से बढ़ती आबादी और निर्माण कार्यों के कारण ड्रेनेज सिस्टम बोझ तले दब रहा है। विभूतिखंड जैसे पॉश इलाकों में अतिक्रमण और प्लास्टिक कचरे ने नालों को चोक कर दिया है। कुल मिलाकर, यह बारिश ने न केवल दैनिक जीवन को प्रभावित किया, बल्कि शहर की बुनियादी सुविधाओं पर सवालिया निशान लगा दिया। उम्मीद है कि यह घटना सबक बनेगी और लखनऊ वाकई स्मार्ट सिटी का सपना साकार कर सकेगा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पीएम का 75वां जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ। देश के यशस्वी एवं विश्वप्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 75 वां जन्मदिवस राम सागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय साढ़ामऊ सीतापुर रोड लखनऊ में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक योगेश शुक्ला के साथ क्षेत्रीय मंत्री विजय प्रताप सिंह,जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अतुल मिश्रा, जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा कामता प्रसाद,पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू कश्यप,पूर्व मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता कौशल सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता संजेश सिंह, पार्षद दीपक लोधी,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ वीके शर्मा,अधीक्षक डॉ सुमित महाजन सहित अन्य चिकित्सक व कर्मचारी शामिल रहे।प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के पावन अवसर पर प्रारंभ हुए ''सेवा पखवाड़ा'' के अंतर्गत चिकित्सालय परिसर में श्रमदान कर सफ़ाई अभियान चलाया गया तथा मरीजों को फल वितरण किया गया।रोगियों की सुविधा हेतु सम्राट विक्रमादित्य सेवा संस्थान के ओम प्रकाश पांडे,आनंद पांडे व प्रदीप सिंह द्वारा पांचऽपांच व्हील चेयर, स्ट्रेचर और बेड उपलब्ध कराकर शुभारंभ किया गया।विधायक जी ने कहा कि सेवा, सुशासन और राष्ट्रहित की भावना से प्रेरित प्रधानमंत्री जी का जीवन आदर्श है,और उनके नेतृत्व में हम सबका संकल्प है कि सेवा,समर्पण और स्वच्छता के मार्ग पर चलकर विकसित भारत का निर्माण करें।आइए,हम सब मिलकर स्वच्छता अभियान में भाग लें,जरूरतमंदों की सेवा करें और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।सेवा ही हमारा धर्म है,और यही हमारे कर्तव्य का सर्वोत्तम मार्ग है।

## आकाशीय बिजली गिरने एक व्यक्ति की हुई मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के करछना थाना क्षेत्र में मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के समय वह खेत के पास मौजूद था, तभी अचानक आसमान से गिरी बिजली की चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं गांव में मातम छा गया और लोग गमगीन हो गए। पुलिस मामले की आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट से छात्र नेता अजय सम्राट को राहत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने छात्र नेता अजय सम्राट की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। अजय सम्राट पर रंगदारी मांगने का आरोप है, जिसके तहत 25 अगस्त को कर्नलगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। सम्राट ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर एफआईआर रद्द करने की मांग की थी। मामले पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि राज्य सरकार अपनी स्थिति स्पष्ट करे। फिलहाल गिरफ्तारी पर लगी रोक से छात्र नेता को बड़ी राहत मिली है।

## प्रयागराज में फायर ब्रिगेड की ढिलाई उजागर, हजारों भवनों पर कार्रवाई शून्य

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में फायर ब्रिगेड विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जनवरी से अब तक केवल 10 होटलों, 13 अस्पतालों और 5 व्यावसायिक बिल्डिंग/अपार्टमेंट्स पर ही नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि जिले में हजारों की संख्या में व्यवसायिक भवन,होटल, अस्पताल, स्कूल और अपार्टमेंट संचालित हो रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि अधिकांश भवन बिना फायर सेफ्टी मानकों का पालन किए संचालित हो रहे हैं, लेकिन विभाग आंख मूंदे बैठा है। आरोप है कि विभागीय अधिकारी केवल ''माहवारी वसूली'' में व्यस्त रहते हैं, जिसके कारण बड़े स्तर पर कार्रवाई नहीं हो रही। चौंकाने वाली बात यह है कि फायर ब्रिगेड के पास जिले में मौजूद कुल होटलों, अस्पतालों, व्यावसायिक भवनों और स्कूलों की सूची तक उपलब्ध नहीं है। जानकारी मांगने पर कर्मचारी टालमटोल करते हैं और बाद में बताने का बहाना बना देते हैं। फिलहाल प्रयागराज फायर ब्रिगेड का कार्यभार सीएफओ चंद्र मोहन शर्मा और एसएफओ राजेश कुमार के पास है। अब देखना होगा कि विभाग इस गंभीर लापरवाही पर कोई ठोस कदम उठाता है या नहीं।

## अवैध खनन नेटवर्क पर हुई बड़ी कार्रवाई

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन माफिया अयोध्या दुबे पर एफआईआर दर्ज की है। बताया जा रहा है कि अयोध्या दुबे, शैलेंद्र पटेल का करीबी है। उस पर एमएम-11 के दुरुपयोग का गंभीर आरोप है। दुबे को प्रयागराज के मेजा क्षेत्र में खनन पट्टा मिला था, लेकिन परमिट का इस्तेमाल मिर्ज़ापुर तक अवैध खनन और परिवहन के लिए किया जा रहा था। मामले का खुलासा होने पर खनन विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। प्रशासन ने जांच तेज कर दी है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी है।

## भारतीय कोऑपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड संस्था की हुई बैठक, चुनाव कराने की मिली सहमति

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय कोऑपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड संस्था ने बुधवार को गोमती नगर स्थित एक निजी होटल में की सामान्य निकाय की बैठक। जिसमें इस बैठक में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व मध्य प्रदेश के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता उप निबंधक उपायुक्त लखनऊ मंडल सहकारिता उत्तर प्रदेश के डॉ रत्नाकर सिंह ने की। बैठक का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण करके हुआ। बैठक में बोलते हुए निदेशक छोटेलाल यादव ने सहकारिता को जन-जन का आंदोलन बताया और कहा कि सभी लोग मिलकर सहयोग करें। वहीं इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। बैठक के दौरान चुनाव कराने के लिए विचार विमर्श किया। जिसके बाद उपनिबंधक ने चुनाव कराने की सहमति दी। बैठक में संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष सोमेश वर्धन सिंह, प्रबंध निदेशक वी कुमार, महाप्रबंधक पवन कुमार पांडे, अधिशासी अभियंता शिवेंद्र प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता मो आमिर, वित्त नियंत्रक आशीष पाठक, कंप्यूटर ऑपरेटर रानी पाल, सुपरवाइजर सत्येंद्र कुमार सिंह, राजेश पांडे व सुशील कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## कलश यात्रा भव्य रूप से निकलेगी

**दुबग्गा लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी 28 सितम्बर 2025 को होने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आज दिनांक 17 सितम्बर 2025 को शाम 4 बजे दुबग्गा कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में जिलेभर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहीद रज कलश यात्रा दुबग्गा शहीद स्मारक मंदिर से प्रारम्भ होकर बजनगर शहीद स्मारक तक पहुंचेगी। यह यात्रा सुबह 11 बजे से शुरू होगी। कार्यक्रम में जिलेभर के कार्यकर्ता और नौजवान साथी वालंटियर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विशेष निर्देश दिए गए कि यात्रा सड़क के एक ओर से निकाली जाएगी। जिससे आम नागरिकों और एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं के आवागमन में कोई बाधा न आए। अनुशासन और कानून व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए यात्रा का संचालन किया जाएगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि कार्यक्रम की सफलता के लिए अनुभवी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपी जाएंगी, ताकि हर स्तर पर तैयारी मजबूत रहे। इस अवसर पर मनीष यादव दसहरी ने कहा कि यह यात्रा सिर्फ कार्यक्रम नहीं। बल्कि शहीदों के प्रति हमारी गहरी श्रद्धा और नौजवानों की एकता का प्रतीक होगी।

## बीकेटी में अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर,मौत

**बीकेटी,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत बुधवार शाम को लगभग सात बजे सीतापुर रोड़ हाईवे पर बाईक से ससुराल जा रहे युवक को तेज़ रफ़्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया, जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को ईलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां ईलाज के दौरान मौत हो गई।मृतक की पत्नी के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत बाबापुरवा निवासी ललित(32)पुत्र विनोद कुमार कई वर्षों से मडियांव थाना अंतर्गत मुतक्कीपुर में अपनी पत्नी रानी व अपने दो बेटे मयंक(10),अहम (6)बेटी वर्षा(1) के साथ रहते थे,बुधवार को ललित अपनी पत्नी रानी के साथ अपने चाचा की बाईक लेकर देंवा थाना अंतर्गत अपनी रिश्तेदारी गए थे शाम को वही से वापस होकर अपनी पत्नी को बीकेटी अंतर्गत इंदौराबाग ओवरब्रिज के पास उतार करके टैक्सी में बिठा दिया और चाचा की बाईक वापस करके ससुराल वापस आने की बात कहकर चले गए और कुछ देर बाद उनके नंदना कट के पास एक्सीडेंट में मौत होने की जानकारी पुलिस द्वारा प्राप्त हुई।वही बीकेटी थाना पुलिस ने मृतक के शव को मर्चरी में रखवाकर अन्य विधिक कार्यवाही में जुटी हुई थी।

# प्रभारी मंत्री ने दिव्यांग कौशल प्रदर्शनी का किया उद्घाटन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जनपद के प्रभारी मंत्री एवं जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र में आयोजित त्रिदिवसीय ''दिव्यांग कौशल प्रदर्शनी'' का शुभारम्भ किया। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं कामता प्रसाद सेवार्थ ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी में दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों व कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। मंत्री जी ने प्रत्येक स्टॉल का अवलोकन कर दिव्यांगजनों की सृजनशीलता की सराहना की और उत्पादों की खरीददारी भी की।

इस अवसर पर मंत्री जी ने 05 मोटराइज्ड साइकिल, 20 ट्राईसाइकिल, 10 एमआर किट, 02 ब्रेल किट एवं 1 स्मार्ट केन वितरित की। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांगजनों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। विशेष बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में आकर्षण बढ़ाया। मंत्री जी ने दिव्यांग बच्चों को शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान करने वाले शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए उन्हें समाज का सच्चा मार्गदर्शक बताया।

कार्यक्रम में मंत्री जी ने ''आठवें राष्ट्रीय पोषण माह'' का शुभारम्भ कर जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखायी। साथ ही 03 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 02 बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। कार्यक्रम में सांसद, विधायकगण, जिलाधिकारी, अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का किया शुभारम्भ

**प्रयागराज ।** जनपद प्रभारी मंत्री एवं जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को जिला पंचायत सभागार में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई 15 दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। यह प्रदर्शनी माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित है। मंत्री जी ने प्रदर्शनी को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग इसका अवलोकन कर प्रधानमंत्री जी के संघर्ष, सेवाभाव व राष्ट्र समर्पण से प्रेरणा लें और उसे अपने जीवन में आत्मसात करें। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जी के बाल्यकाल, हिमालय प्रवास, आपातकाल में प्रतिरोध, सामाजिक यात्राएं, महिला सशक्तीकरण, वोकल फॉर लोकल, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, योग प्रचार, अंत्योदय, स्वच्छता, ऊर्जा व आजीविका जैसे विषय शामिल किए गए हैं। यह प्रदर्शनी 2 अक्टूबर तक जनसामान्य के लिए खुली रहेगी। इस अवसर पर मंत्री जी ने ॡमेरा यूपी मेरा सम्मान विकसित उत्तर प्रदेश2047 अभियान के तहत डिजिटल मंच पर सुझाव दर्ज किए और लोगों से भी पोर्टल पर अपने विचार साझा करने की अपील की। इसके पूर्व मंत्री जी ने बालसन चौराहे पर पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, भारद्वाज आश्रम परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया तथा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## खुलेआम बिना हेलमेट दिया जा रहा है पेट्रोल



गोरखपुर। प्रदेश सरकार के स्पष्ट निर्देश और जिलाधिकारी के सूक्ष्म निर्देशन को धता बताते हुए गोरखपुर में कुछ पेट्रोल पंप खुलेआम बिना हेलमेट के तेल दे रहे हैं।

इस संबंध में आज वरिष्ठ पत्रकार रत्नाकर सिंह एडवोकेट ने जिला पूर्ति अधिकारी को प्रेषित एक पत्र में बताया कि आज प्रातः 11:00 बजे गोल्फ कोर्स सिविल लाइंस में गोरखपुर ऑटो पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के तेल दिया जा रहा था और मैनेजर से जब इस बात के बारे में पूछताछ की गई तो उन्होंने कहा कि अगर सारे आदेश मान लिए गए तो पेट्रोल पंप बंद करना पड़ेगा। इस संबंध में एक वीडियो क्लिप के साथ जिला पूर्ति अधिकारी और को एक कंप्लेंट दी गई है साथ ही जिलाधिकारी गोरखपुर के सीयूजी नंबर पर व्हाट्सएप कंप्लेंट भी की गई है। यह स्थिति माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशों का खुला उल्लंघन होने के साथ ही जिलाधिकारी के सूक्ष्म निर्देशन की अवहेलना भी है।

# विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण कर मनाया मोदी का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर जलकल परिसर में महापौर अशोक कुमार तिवारी के द्वारा एक भव्य कार्यक्रम में रु0 130 करोड़ की लागत से 575 कार्यो का शिलान्यास तथा 75 कार्यो का लोकार्पण किया गया। साथ ही महापौर के द्वारा माडल वाडी के लिये 10 टाटा इन्ट्रा कूड़ा उठाने वाले वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिसमें अलग-अलग प्रकार के कूड़े को रखने की व्यवस्था की गयी है। साथ ही दो, एन्टी रैबीज टीकाकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, इन वाहनों में सभी चिकित्सकीय प्रणाली उपलब्ध है जो सड़कों पर गलियों में घूम रहे कुत्तों का टीकाकरण किया जायेगा। साथ ही नगर निगम द्वारा होप संस्था के द्वारा कपड़े से बने झोले का प्रयोग करने हेतु लोकार्पित करते हुए प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। मा0 महापौर के द्वारा उत्तरी विधानसभा में रु0 27.70 करोड़ की लागत से कुल 153 सड़कें, गलियों, सीवरेज, पेयजल लाईन का कार्य कराया जायेगा। दक्षिणी विधान सभा में रु0 18.31 करोड़ की लागत से कुल 140 सड़कें, गलियों, सीवरेज, पेयजल लाईन का कार्य कराया जायेगा। वाराणसी कैण्ट विधानसभा क्षेत्र में रु0 39.66 करोड़ की लागत से कुल 164 सड़कें, गलियों, सीवरेज, पेयजल लाईन का कार्य कराया जायेगा। रोहनिया विधानसभा क्षेत्र में रु0 17.91 करोड़ की लागत से 82 सड़कें, गलियों, सीवरेज, पेयजल लाईन का कार्य कराया जायेगा। शिवपुर विधानसभा क्षेत्र में रु0 11.34 करोड़ की लागत से कुल 51 सड़कें, गलियों, सीवरेज, पेयजल लाईन का कार्य कराया जायेगा।

## गोरखपुर में नीट छात्र हत्याकांड : आरोपी रहीम पुलिस एनकाउंटर में घायल

गोरखपुर। नीट छात्र दीपक की हत्या के आरोपी पशु तस्कर रहीम को पुलिस ने बुधवार दोपहर कुशीनगर में एनकाउंटर में घायल कर दबोच लिया। घायल बदमाश को पुलिस ने अस्पताल भेजा है। सोमवार रात गोरखपुर के पिपराइच क्षेत्र के मऊआचापी गांव में पशु तस्करों और ग्रामीणों के बीच भिड़ंत के दौरान 19 वर्षीय छात्र दीपक की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। आरोपियों ने पीट-पीटकर उसका सिर कुचल दिया और शव को चार किलोमीटर दूर फेंक दिया था। घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। घटना के करीब 23 घंटे बाद मंगलवार रात एसएसपी राज करन नय्यर ने लापरवाही बरतने पर जंगल धूषण चौकी इंचार्ज ज्योति नारायण तिवारी समेत चार कॉन्स्टेबल को निलंबित कर दिया और पूरी चौकी के खिलाफ विभागीय जांच बैठा दी। देर रात एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश भी गोरखपुर पहुंचे और मामले की समीक्षा की। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ की तैनाती कर दी गई है। दरअसल, सोमवार रात करीब 11.30 बजे 10S12 पशु तस्कर दो पिकअप गाड़ियों से गांव पहुंचे थे। गांव के प्रवेश द्वार पर स्थित दुर्गेश गुप्ता की फर्नीचर की दुकान का ताला तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। आवाज सुनकर दुकान के ऊपर स्थित ट्रैवल ऑफिस में सो रहा युवक सतर्क हो गया और तुरंत दीपक को सूचना दी। शोर सुनकर दीपक स्कूटी से मौके पर पहुंचा। इसी दौरान ग्रामीण भी वहां जमा हो गए। ग्रामीणों का सामना होने पर पशु तस्करों ने फायरिंग शुरू कर दी और भगदड़ के बीच दीपक को जबरन गाड़ी में खींच लिया। बाद में उसकी हत्या कर शव को दूर फेंक दिया गया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी / हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा सूचना सं. | टीआरडी–15–सीनि.डी.ई.ई.–लखनऊ–25 |
| 2 | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के डीएसटीई/लखनऊ, डीएसटीई/1/लखनऊ एवं एडीएसटीई/लखनऊ सेक्शन में 20000 से अधिक टीवीयू वाले समपार फाटकों की इंटरलॉकिंग के लिए 50 केवीए के सहायक ट्रांसफार्मर का प्रावधान। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु.30,02,184.23/- |
| 4 | बयाना राशि | रु. 60,100.00/- |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 14.10.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद |
| 7 | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन |
| 8 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9 | पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: 1. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

नोट : इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं. टीआरडी–15–सीनि. डी.ई.ई.–लखनऊ–25 दिनॉक 14.09.2025

2847/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# प्रधानमंत्री का जन्मदिन विधायक कार्यालय पर मनाया गया

**मोदी के जन्मदिवस पर सरोजनीनगर में कार्यकर्ताओं का उत्सव और संगठन का संकल्प**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बुधवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के आशियाना स्थित कार्यालय पर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में केक काटा गया, लड्डू बांटे गए और प्रधानमंत्री जी की दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने ॡसेवा पखवाड़ाॠ के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का निश्चय किया तथा उनके नेतृत्व में विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को दोहराया। यह आयोजन न केवल उत्सव का प्रतीक रहा बल्कि प्रधानमंत्री मोदी जी के जनकल्याणकारी दृष्टिकोण और संगठन की सेवा भावना को जन-जन तक पहुंचाने का प्रेरणास्रोत भी बना। इस दौरान टीम राजेश्वर के साथ रीना चौधरी (पूर्व सांसद), शिवबक्श सिंह (मण्डल अध्यक्ष), विनोद मौर्य (मण्डल अध्यक्ष), गंगाराम अंबेडकर (वरिष्ठ नेता), कौशलेंद्र द्विवेदी (पार्षद), बृजमोहन शर्मा (पार्षद), गीता देवी (पार्षद), अतुल शुक्ला (सभासद), जितेन्द्र सिंह (महामंत्री किसान मोर्चा), रश्मि सिंह (महिला मोर्चा विधानसभा प्रभारी), बलदेव रमानी (कार्यालय सहमंत्री महानगर), बृजेन्द्र शुक्ला (वरिष्ठ नेता), अरविन्द सिन्हा (सेक्टर संयोजक), गुलाब चन्द श्रीवास्तव (वार्ड अध्यक्ष), पप्पू पाण्डेय (वरिष्ठ नेता), रंजना मिश्रा (वरिष्ठ नेता), अमृता वर्मा (मण्डल टीम), दीपा त्रिवेदी (मण्डल टीम), रजनीश श्रीवास्तव, साधना गुप्ता (महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष), अपर्णा भारती (बूथ अध्यक्ष), रेखा शर्मा (कार्यकर्ता), चांदनी रावत (कार्यकर्ता), हेमवती सिंह (बूथ अध्यक्ष), अरविन्द मिश्रा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूचि स0 | Catg-smu25 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.09.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 29.09.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने कि तिथि व समय | 29.09.2025 at 10:40 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहा पंजीकृत बोलिदातयो द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

**Details of catering stalls to be auctioned are as under:-**

| Sn | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UNNAO | Catg-LKO-ON-SMU-104-25-1 | ON/PF-1/173 | 29-09-2025 at 10:30 hrs | SMU | BPL/WOMEN |
| 2 | BHADOHI | Catg-LKO-BOY-SMU-111-25-1 | BOY/PF-1/70 | 29-09-2025 at 10:40 hrs | SMU | FF/WW/WRE/LD |

2855/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मनाया गया विश्व रोगी सुरक्षा दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ।गोसाईगा क्षेत्र में स्थित दयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बुधवार को फार्मास्युटिकल साइंसेज द्वारा विश्व रोगी सुरक्षा दिवस के पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजेश राज वर्मा व उनके साथ दयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक डॉ. अमित कुमार सिंह उप निदेशक तफ़ज़ील अहमद खान और डी. फार्मा की प्राचार्या बुशरा शौकत मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि कॉलेज द्वारा किये जाने वाले इस तरह के आयोजन न केवल छात्रों की प्रतिभा को प्रदर्शित करते हैं बल्कि यह समाज में रोगी सुरक्षा के महत्व को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाते है। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के छात्रों द्वारा रोगी सुरक्षा पर आधारित पोस्टर प्रदर्शित करने के साथ ही रोगी सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान दिए गए व नाटक प्रस्तुत किया गया।जिसने उपस्थित सभी लोगों को रोगी सुरक्षा के प्रति अपनी भूमिका समझने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक व प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए।

# चंद घंटे की बारिश ने फिर पेश की नगर निगम की नाकामी की दास्तान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । इस बार की बारिश जहाँ एक ओर सितंबर माह मे भी अपनी छाप छोड़ रही है तो वहीं दूसरी तरफ नगर निगम की लापरवाही इस बारिश मे लोगों के आंसू निकालने पर अमादा नज़र आ रही है। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं कि ज़रा सी बारिश लोगों का जीना सिर्फ इसलिए मोहाल कर रही है क्योंकि पानी निकासी का सिस्टम पूरी तरह फ़ेल नज़र आ रहा है ये तस्वीर राजधानी के क्वीन मेरी अस्पताल के अंदर की है जहाँ गर्भवती महिलाओं का आना जाना लगा रहता है इस अस्पताल के बाहर और अंदर काउंटर तक बुधवार को हुई चंद घंटो की बारिश ने अस्पताल के अंदर जाने वाले रास्ते को ही निगल लिया पानी मे रास्ता कहाँ गुम हो गया ये तस्वीर बया करने के लिए काफी है ऐसे मे पैदल चल कर जाना वहां खड़ा होकर परचा बनवाना बड़ा मुश्किल हो रहा जिससे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा ये तो एक तस्वीर है ऐसी ना जाने कितनी तस्वीर आपको राजधानी मे नज़र आ जायेंगी जब भी बारिश की बूँदे ज़मी पर आएँगी ऐसा होता इसलिए है क्योंकि नगर निगम अपने काम को तवज्जो ही नही दे रहा नाले और नालियां सभी चोक रहते हैं इसलिए पानी सड़कों मे जमा हो जाता है और सड़क गायब हो जाती है भुगतना आम जनता को पड़ रहा है लेकिन उसकी सुध लेने वाला कोई नही है सब राम भरोसे है लगता नही है कि नगर निगम कभी अपने काम को लेकर संजीदा होगा क्योंकि समस्या पुरानी है और नगर निगम की नींद भी कुम्भकरणी मालूम हो रही है पता नही नगर निगम को अपना काम करने का सही रास्ता कब सुझाई देगा ताकि बारिश मे आमजनता का रास्ता सुगम बन सके।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का लखनऊ में शुभारम्भ






कैनविज टाइम्स संवाददाता

ठाकुरगंज लखनऊ। आज स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारम्भ प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों से किया गया। इसका सीधा प्रसारण टी.बी. सह संयुक्त चिकित्सालय, ठाकुरगंज, लखनऊ के न्यू ओ.पी.डी. ब्लॉक में किया गया।

इस अवसर पर विधायक डॉ. नीरज बोरा के निर्देशन में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद रानी कन्नौजिया ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आयोजन के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच एवं परामर्श हेतु विशेष स्टॉल लगाए गए, जिनमें शुगर, ब्लड प्रेशर, थाइरॉइड और टी.बी. की जांच के साथ-साथ पोषण संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रेनू सान्याल ने महिलाओं को हाई रिस्क प्रेग्नेंसी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं और समय पर जांच एवं उपचार की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.पी. सिंह, चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी, जनप्रतिनिधि, मरीज तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को सुदृढ़ कर परिवार और समाज को सशक्त बनाना है।

# तीन दिन चली हड़ताल पर भगवान विश्वकर्मा के जन्मोत्सव पर लगा विराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजधानी लखनऊ के नगर पंचायत बीकेटी में तीन दिन से चल रही हड़ताल पर आज नगर विकास स्थानीय निकाय निदेशालय अपर निदेशक ऋतु सुहास के प्रयास पर तथा भगवान विश्वकर्मा जन्मोत्सव तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर विराम लगा।भगवान विश्वकर्मा जन्मोत्सव को देश में तथा उत्तर प्रदेश में स्वच्छता अभियान के शुभारंभ के रूप में मनाकर नागरिकों को बेहतर सुविधा तथा हमारे राष्ट्र को स्वच्छ बनाने के लक्ष्य हेतु सभी नागरिकों, अधिकारियों, मंत्रियों और कर्मचारियों द्वारा शपथ लेकर यह संकल्प लिया जा रहा है कि सभी अपने अपने क्षेत्र, ग्राम, शहर और राष्ट्र को स्वच्छ रखेंगे। इसी क्रम में आज बक्शी का तालाब नगर पंचायत में नगर विकास स्थानीय निकाय निदेशालय की अपर निदेशक ऋतु सुहास ने पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलाकर पौधारोपण किया, साथ ही अपर निदेशक के प्रयासों से तीन दिन से बक्शी का तालाब में चल रही हड़ताल भी समाप्त हुई। इस अवसर पर निकाय के अध्यक्ष अधिशासी अधिकारी ट्ठ्ष्ट सदस्यों वार्ड मेंबर्स ट्क्क्र तथा सफाई कर्मियों ने सम्मिलित रूप से स्वच्छता हेतु शपथ ली।

# भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत किया कार्यक्रम का आयोजन




**महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पुष्पा सिंह अपने कार्यकर्ताओं के साथ रही उपस्थित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत महिला मोर्चा पश्चिम विधानसभा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन मंडल एक में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मानवीय द्विवेदी क्षेत्रीय मंत्री उपस्थित रहे उन्होंने सेवा पखवाड़ा में माननीय प्रधानमंत्री जी के जीवन परिचय और सेवा भाव से कार्यक्रम करना और माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा आए हुए अभियान स्वच्छता एक पेड़ मां के नाम मंदिरों में स्वच्छता करना साफ सफाई और रक्तदान शिविर स्वास्थ्य शिविर चित्रकला का आयोजन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर के बारे में बताया गया कार्यक्रम संयोजक अर्चना साहू पूर्व पार्षद साधना वर्मा पूर्व नगर अध्यक्ष बीना गुप्ता उमा साहू नगर मंत्री अनिता सिंह मंडल अध्यक्ष रजनी मिश्रा पुष्पा सिंह मंडल संयोजक रचना साहू पूनम सिंह कर समिति सदस्य पार्षद रजनी विजय भुर्जी शिखा श्रीवास्तव संतोष सिंह वंदना अस्थाना रानी सिंह एवं समस्त मंडल पदाधिकारी नगर पदाधिकारी बहने उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा ने चलाया साफ सफाई अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मण्डल अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने अपनी टीम के साथ चलाया साफ सफाई अभियान**

लखनऊ । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान में महिला मोर्चा पश्चिम मंडल दो मंडल अध्यक्ष अपनी पूरी टीम के साथ स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में झाड़ू लगाकर स्वच्छ भारत बनाने का लक्ष्य पूरा किया है जिसमें मंडल अध्यक्ष पुष्पा सिंह निर्मला पांडे विमला मिश्रा आरती मिश्रा स्वाति शुक्ला मोनी शुक्ला सकीना स्क्री और अंजू वर्मा मीनाक्षी सिंह पूरी टीम के पश्चिम मंडल दो बालागंज में सफाई अभियान चलाकर सफल बनाया।

## सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत डिजास्टर प्रबंधन से संबंधित लगा प्रदर्शनी स्टॉल, लगाया ब्लड डोनेशन कैंप

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेवा पखवाड़ा के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश एवं लखनऊ शाखा द्वारा आपदा बचाव कार्य से संबंधित जानकारी आम जनमानस को दी गई। इस दौरान मनीष शुक्ला, श्वेता सिंह तलवार, रजनीश शर्मा एवं संजय जायसवाल द्वारा आपदा प्रबंधन के उपायों तथा उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश के उप-सभापति अमरनाथ मिश्र ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत अटल बिहारी बाजपेई कन्वेंशन सेंटर में डिजास्टर प्रबंधन से संबंधित एक प्रदर्शनी स्टॉल लगाया गया। साथ ही ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन ताल्लुकेदार कॉल्विन कॉलेज में ऋतुराज रस्तोगी, नफीस के नेतृत्व में लगाया गया। डॉक्टरों की टीम एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

## विश्वकर्मा पूजा का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बलरामपुर अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन विधि विधान से संपन्न हुआ। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन उप्र के प्रदेश महामंत्री कमल श्रीवास्तव, चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के जिलाध्यक्ष कपिल वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार, सत्य प्रकाश, आशीष मौर्या, शंभूनाथ, नेहा वर्मा, पूजा मिश्रा व अन्य डॉक्टर के साथ पैथोलॉजी विभाग के कर्मी मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल

मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ-रायबरेली रेलखंड पर बुधवार की शाम एक दर्दनाक हादसा उस वक्त हो गया जब रेलवे ट्रैक पार कर रहे एक अज्ञात युवक को तेज रफ्तार ट्रेन ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के फुलवरिया मोड़ के सामने रेलवे ट्रैक पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक अचानक पटरियों पर पहुंच गया और तभी सामने से आ रही ट्रेन ने उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद ट्रैक पर अफरा-तफरी मच गई।राहगीरों ने हादसे की जानकारी तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज पहुंचाया।डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत को गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर-2 रेफर कर दिया। फिलहाल घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस युवक की शिनाख्त कराने के साथ ही उसके परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे ट्रैक पर इस तरह की घटनाएं आए दिन होती रहती हैं। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ट्रैक पर उचित सुरक्षा उपाय और चौकसी बढ़ाई जाए, जिससे भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके।

## नगराम: खेत में पानी लगाने के विवाद को लेकर युवक की पिटाई, मुकदमा दर्ज

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के नेवाज खेड़ा मजरा तमोरिया गांव में खेत में पानी लगाने को लेकर विवाद होने पर कुछ लोगों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नेवाजखेड़ा मजरा तमोरिया निवासी पीड़ित राजू ने आरोप लगाया है कि बीते सोमवार की शाम वह खेत में पानी लगाने गया था। इसी दौरान छंगाखेड़ा मजरा देवती निवासी जय राम व अंजनी , अरविंद ने उसे रोक लिया और विवाद करने लगे। आरोप है कि सभी ने मिलकर लाठी-डंडों व लात-घूंसों से पिटाई कर दी। इस दौरान भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित के मुताबिक हमलावरों की पिटाई से उसके पूरे शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। शोर-शराबा होने पर आरोपी मौके से भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। वही नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# स्कूल जा रही दो छात्राएं रहस्यमय ढंग से हुई थी लापता, पुलिस ने दिल्ली से सकुशल किया बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । निगोहां थाना क्षेत्र के मस्ती पुर स्थित राजकीय हाईस्कूल में पढ़ने वाली दो किशोरियां अचानक रहस्यमय हालात में लापता हो गईं। मंगलवार की सुबह दोनों घर से स्कूल जाने के लिए निकली थीं, लेकिन स्कूल की छुट्टी होने के बाद भी वापस घर नहीं लौटीं। लापता छात्राएं विंध्यवासिनी निवासी छबीले खेड़ा मजरा दयालपुर व कोमल उर्फ लक्ष्मी निवासी ग्राम मदा खेड़ा की थी। दोनों कक्षा 9 और 10 की छात्राएं थी। परिजनों ने बताया कि अन्य बच्चियों ने उन्हें आखिरी बार मदाखेड़ा मंदिर के पास साथ देखा था। वहां उन्होंने तबीयत खराब होने का हवाला देकर घर लौटने की बात कही थी, लेकिन उसके बाद उनका कुछ पता नहीं चल सका।परिजनों और ग्रामीणों ने इधर-उधर काफी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। जिसके बाद पीड़ित परिवार की ओर से थाना निगोहां में तहरीर दी गई। वादी राधेलाल रावत पुत्र स्व. सतनू निवासी छबीले खेड़ा मजरा दयालपुर की शिकायत पर निगोहां गुमशुदगी में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि सूचना मिलते ही छात्राओं की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई और आसपास के गांवों व संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली गई। निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने टीम गठित किया पुलिस टीम उप निरीक्षक निरीक्षक राजेश कुमार दीक्षित के नेतृत्व में सर्विलांस की मदद से पता चला कि छात्राएं दिल्ली में हैं। इसके बाद विशेष पुलिस टीम ने दिल्ली जाकर दोनों छात्राओं को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों छात्राएं आपस में घनिष्ठ मित्र हैं और बातचीत के दौरान अचानक दिल्ली घूमने का प्लान बनाया और दिल्ली पहुंच गईं। पुलिस ने दोनों छात्राओं को सकुशल परिजनों को सौंप दिया है।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर हरदोइया बाजार में स्वच्छता अभियान

**सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सिद्धिदात्री मां दुर्गा मंदिर परिसर की हुई सफाई, काटा केक**

**जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने सैकड़ों समर्थकों के साथ शुरू किया अभियान**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज अपने समर्थकों के साथ हरदोइया बाजार स्थित सिद्धिदात्री मां दुर्गा मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया । मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।यह अभियान 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। हालांकि 17 सितम्बर को जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज का भी जन्म दिन होता है जिस पर सैकड़ों कार्यकर्ता हरदोइया बाजार करूणा काम्प्लेक्स में पहुंच कर केक काटकर उनका भी जन्म दिन बड़े धूम-धाम से मनाया। इस दौरान उनके समर्थकों का हूजूम उमड़ पड़ा, प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत लखनऊ स्थित काल्विन तालुकेदार्स मैदान परिसर में लखनऊ कौशल महोत्सव के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें अमरेन्द्र भारद्वाज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए । इस मौके पर हरिकृष्ण भारद्वाज (गौरव), विशाल भारद्वाज, रवि पांडे, मनीष द्विवेदी,हरिहर वर्मा, सुरेश वर्मा, विजय चौरसिया, उमाशंकर पांडे, सर्वेश तिवारी,प्रेम वर्मा, सदाशिव द्विवेदी, जितेंद्र भारद्वाज, शिवकरण वर्मा , लक्ष्मीनारायण, द्वारिका रावत, दशादीन रावत, घनश्याम भारद्वाज, अवधेश भारद्वाज, शिवकुमार भारद्वाज, रिंकू भारद्वाज,कल्लू वर्मा, लाला रावत, मोहम्मद कय्यूम , दिग्विजय प्रधान समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधानों ने हड़पी वृक्षारोपण व हरिशंकरी की धनराशि, पौधे नदाराद

**पौधा रोपण के नाम पर सिर्फ हुई खानापूर्ति, मौके से गायब है पौधे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सकरन, सीतापुर। सरकार की महत्वाकांक्षी हरिशंकरी व वृक्षारोपण योजना ग्राम प्रधानों और जिम्मेदारों की लापरवाही की भेंट चढ़ गई। मनरेगा मद से लाखों रुपये खर्च दिखाए गए, लेकिन दर्जनों ग्राम पंचायतों में एक भी पौधा नजर नहीं आता। ग्राम पंचायतें ओड़ाझार, चिल्हिया, मुर्थना, कौवाखेरा, बारासिंघा, कुण्डी, अमिरती, इस्माइलपुर, बेलवा, दौदापुर, अंगरासी, सकरन, टेड़वाकला, रेवान, उल्लहा, नसीरपुर, रसूलपुर, पटना, झउवाखुर्द, बेलवा बसहिया, तारपारा, जालिमपुर, किरतापुर सभी जगह पौधे लापता। कुछ प्रधान बोले ऽ ल्लपेड़ तो लगाए थे, लेकिन ट्रीगार्ड न होने से सूख गए या पशु खा गए।ङ्क हकीकत ऽ अधिकतर प्रधानों ने नर्सरी से पौधे मंगाकर लगवाए ही नहीं, फर्जी तरीके से धनराशि निकाल ली। नतीजा, लाखों पौधे कागजों पर जीवित, ज़मीनी स्तर पर मृत।

### फोटो खिंचवाकर दिखावा, धरातल पर फ़ेल योजना

जनप्रतिनिधियों ने प्रचार-प्रसार के लिए पौधरोपण के फोटो तो खिंचवाए, लेकिन न तो देखरेख हुई और न ही जिम्मेदारी दिखाई गई। हरी-भरी क्रांति का सपना भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता की भेंट चढ़ गया।

### सवाल खड़े करती है यह लूट

क्या यह लाखों पौधों की हत्या अक्षम्य अपराध नहीं?विभाग अब तक खामोश क्यों?दोषी प्रधानों व रोजगार सेवकों पर कार्रवाई कब होगी? ल्लजब पेड़ ही राजनीति और भ्रष्टाचार की बलि चढ़ेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां हरियाली का सपना कैसे देखेंगी?

## फर्जी हाजिरी का खेल उजागर, बहोरनपुर में मनरेगा बनी कमाई का जरिया



मछरेहटा (सीतापुर)। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत बहोरनपुर में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार का अड्डा बन गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि फर्जी हाजिरी का खेल जोरो पर चल रहा है । जिसपर जिम्मेदार अधिकारी पूर्णतया मेहरबान है। फर्जी हाजरी लगा भुगतान कर जमकर बंदरबाँट किया जा रहा है। खास बात यह है कि महिलाओं के नाम पर हाजिरी दर्ज की जा रही है जबकि पोर्टल पर अपलोड फोटो में कही दिखाई तक नही पड़ रही है। इससे स्पष्ट होता है कि योजना को कमाई का जरिया बनाकर सरकारी धन की बंदरबांट की जा रही है।जिसकी ग्रामीणों ने की उच्च अधिकारियों से जाँच कर उचित कार्यवाही की की माँग की है। अब देखना यह है की क्या कोई कार्यवाही की जाएगी या मनरेगा भ्रष्टाचारियो को यू ही बढ़ावा दिया जाता रहेगा।

## स्वच्छता सेवा पखवाड़ा की हुई शुरुवात



**खैराबाद नगर पालिका ईओ ने दिलाई स्वच्छता की शपथ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। खैराबाद नगर पालिका परिषद द्वारा आज बुधवार को स्वच्छता सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज सीएचसी खैराबाद में सफाई कार्यक्रम में प्रेम शंकर गुप्ता व नगर पालिका कर्मियों द्वारा खैराबाद सामुदायिक केंद्र पर झाड़ू लगाकर शुरुवात की गई। इस अवसर पर पालिका कर्मियों व सभासदों, अधिकारियों और स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा। इस वर्ष अभियान का थीम स्वच्छोत्सव रखा गया है।इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने कहा कि नगर की स्वच्छता सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अभियान में सहयोग की अपील की।ईओ प्रेम शंकर गुप्ता ने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इसमें संसाधनों की बर्बादी रोकने, पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने का संकल्प शामिल था। साथ ही पेपर, जूट व कपड़े के बैग के इस्तेमाल, वृक्षारोपण तथा जल संरक्षण का भी संकल्प लिया गया।इस अवसर पर नगरपालिका कर्मचारी व सम्मानित जन उपस्थित रहे।

# खैराबाद में मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा अभियान, कार्यकर्ताओं ने की सफाई

**कार्यकर्ताओं संग तिलक लगा और केक काट कर यशस्वी प्रधानमंत्री को जन्मदिवस की दी बधाई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





सीतापुर। खैराबाद में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन 'सेवा पखवाड़ा' अभियान के तहत मनाया। इस अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों की शुरुवात खैराबाद में सफाई अभियान के तहत किया गया।नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने मोहल्ला भुलनपुर में गौरी देवी मंदिर में झाड़ू लगाकर व लाला हरि प्रसाद के स्मारक पर जाकर साफ सफाई अभियान की शुरुवात की। अभिषेक गुप्ता ने कहा कि जनता का विश्वास केवल सेवा कार्यों से ही प्राप्त होता है, सेवा पखवाड़ा अभियान का उद्देश्य समाजहित और राष्ट्रसेवा को बढ़ावा देना है. इस अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता समाज के लिए काम करने और स्वच्छता को बढ़ावा देने का संकल्प ले रहे हैं.इस अवसर पर नगरपालिका परिषद खैराबाद में केक काटा गया, मिठाइयां बांटी गईं और व स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

## भव्य रूप से सम्पन्न हुई विश्वकर्मा पूजा, कई गणमान्य रहे उपस्थित



सीतापुर। सीतापुर नगर के मोहल्ला केशव ग्रीन सिटी में हर्षोल्लास के साथ विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल तथा मोहित शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे।पूजन कार्यक्रम में रामचंद्र राठौर, छोटा राठौर, सुरेश भारती ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहींसुनील बंसल, राजेंद्र ठेकेदार, मूलचंद राठौर, मुरली राठौर, सरवन बंसल और रवि भारती की मौजूदगी ने आयोजन को और गरिमामयी बना दिया।विश्वकर्मा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर समृद्धि और सुख-शांति की कामना की।

# नवरात्र व दशहरा पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राखी वर्मा एवं क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार ने संयुक्त रूप से की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कमलापुर, सीतापुर। आज थाना परिसर में आगामी त्यौहार नवरात्र एवं दशहरा के दृष्टिगत शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राखी वर्मा एवं क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार ने संयुक्त रूप से की।बैठक में उपजिलाधिकारी राखी वर्मा ने कहा कि दशहरा पर्व पर रावण दहन स्थल पर उचित बैरिकेडिंग कराई जाए। साथ ही किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव हेतु अराजक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को दी जाए।क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार ने भी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं समिति सदस्यों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्यौहार आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाएं बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, व्यापारीगणों, ग्राम प्रधान अनीत कुमार, सर्वेश कुमार , कमलसेन, सुफियान खान, गयाप्रसाद, संतोष यादव,विनोद मौर्य एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# लखीमपुर में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' का अनूठा उत्सव : गोद भराई से गूंजी कलेक्ट्रेट

**अन्नप्राशन से महकी खीर की मिठास**

**पीएम की हुई लाइव स्ट्रीमिंग, तालिया से गूंज उठा सभागार**

**प्रभारी मंत्री ने लाभार्थियों को दिया योजनाओं के उपहार, खिले चेहरे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। कलेक्ट्रेट का अटल सभागार मंगलवार को खुशियों की अनोखी महक से भर उठा। कहीं नन्हें कदमों की किलकारियाँ गूंज रही थीं, तो कहीं मातृत्व के उल्लास में रची गोद भराई की रस्में सज रहीं थीं। स्वस्थ नारीऽसशक्त परिवारङ्क अभियान के तहत हुए इस भव्य कार्यक्रम में मां की ममता और बच्चों की मासूमियत ने हर किसी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, विधायक सदर योगेश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने पांच गर्भवती महिलाओं का गोद भराई और छह माह के पाँच शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार कराया। विधायक योगेश वर्मा ने नन्हें शिशुओं को गोद में उठाया, प्रभारी मंत्री ने चम्मच से खीर का पहला कौर खिलाया और डीएम ने अपने हाथों से खिलौने देकर दुलार बरसाया।समारोह का सबसे बड़ा आकर्षण रहा पीएम नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन। अटल सभागार में स्क्रीन पर मध्य प्रदेश से सीधे प्रसारित हो रहे ल्लस्वस्थ नारीऽसशक्त परिवारङ्क पखवाड़े के राष्ट्रीय शुभारंभ को जिलेभर के प्रतिनिधि और लाभार्थी मंत्रमुग्ध होकर देखते रहे। मोदी ने अपने संदेश में महिलाओं के स्वास्थ्य को सशक्त समाज की नींव बताते हुए कहा कि ल्लस्वस्थ नारी से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है।ङ्क लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।*नया भारत विश्व को दे रहा दिशा : नितिन*प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल देश में बल्कि पूरे विश्व में नए भारत की पहचान स्थापित की है। आज भारत विश्व को दिशा देने का काम कर रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत हर सेक्टर और समाज के सभी वर्गो के जनकल्याण के लिए सरकार संकल्पित होकर कार्य कर रही है। भारत व्यावसायिक शक्ति के रूप में उभरा है और सरकार बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुँचा रही है। पीएम मोदी ने बचपन से लेकर अपने राजनीतिक जीवन तक जनसेवा को ही सर्वोच्च प्राथमिकता दी। ल्लस्वस्थ नारी से ही सशक्त समाज की स्थापना संभव है।

# सड़क पर धान और केला! धौरहरा में जनता का अनोखा आंदोलन

**राजहंस मिश्रा के नेतृत्व में प्रदर्शन, नगर पंचायत और ठेकेदारों पर लापरवाही के आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा (खीरी)। धौरहरा नगर पंचायत क्षेत्र में जल निकासी, सड़क निर्माण और सफाई व्यवस्था को लेकर नगरवासियों का ग़ुस्सा बुधवार को सड़क पर उतर आया। नगर पंचायत कार्यालय के सामने कीचड़ भरी सड़कों पर लोगों ने धान की बुवाई और केले के पौधे लगाकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखा सवाल उठाया।इस अनोखे प्रदर्शन की अगुवाई समाजसेवी और योगगुरु राजहंस मिश्रा ने की। उनके साथ व्यापार मंडल अध्यक्ष आदिल किरमानी, मोहित मिश्रा, जगदीश पांडे 'कवि', रवि शंकर पांडे, मुफीद पठान, यूसुफ सहित कई नगरवासी शामिल रहे।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शहर की हालत अब इस कदर खराब है कि सड़कें चलने लायक नहीं रहीं, बल्कि खेत जैसी लगने लगी हैं। इसी के प्रतीक के रूप में यह 'फसल आंदोलन' शुरू किया गया।ल्लजहां सड़क नहीं, वहां खेत सहीङ्क ऽ नारों से गूंजा नगरप्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत और जल निगम के ठेकेदार सिर्फ कागज़ी काम और बजट की बंदरबांट में लगे हैं, जबकि धरातल पर कोई ठोस काम नहीं हो रहा। लोगों ने कहा कि नगर की कई सड़कें महीनों से जलभराव और कीचड़ से भरी पड़ी हैं।सोशल मीडिया से शुरू होकर ज़मीन पर उतरा आंदोलनराजहंस मिश्रा ने मंगलवार को फ़ेसबुक पर पोस्ट कर इस 'फसल आंदोलन' की घोषणा की थी। बुधवार को तय समय पर लोग एकत्र हुए और ब्लॉक गेट चौराहे के पास सड़क पर धान बोया व केले के पौधे लगाए। इस प्रदर्शन की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं।

## अलीगंज मार्ग पर ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

गोला खीरी। अलीगंज मार्ग पर ऊँची भूड़ स्थित नूरी मस्जिद के पास मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया। लगभग 70 वर्षीय महिला सदरून निशा पत्नी स्व. फय्याज मिस्त्री, निवासी मोहल्ला नीची भूड़, गोला, गोमती एक्सप्रेस (15009) की चपेट में आकर मौत का शिकार हो गईं।जानकारी के मुताबिक, सदरून निशा भूतनाथ क्रॉसिंग के पास अपनी बेटी के घर जा रही थीं। इसी दौरान सामने से आ रही गोरखपुर-पीलीभीत जा रही गोमती एक्सप्रेस ने उन्हें टक्कर मार दी।स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।परिजनों के अनुसार, सदरून निशा का गुजारा लोगों से रुपये-पैसे मांगकर चलता था। उनके पति फैय्याज मिस्त्री का पहले ही निधन हो चुका था। मृतका के पुत्र का नाम इकबाल बताया जा रहा है।?? रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद इलाके में मातम पसरा है।

## भावुक पलों के बीच विदा हुए रामाज्ञा सिंह, राजनाथ सिंह बने नए कोतवाल

नानपारा, बहराइच। कोतवाली नानपारा में बुधवार का दिन भावुक पलों का गवाह बना। प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह का तबादला बहराइच दरगाह थाने के लिए हो गया है, वहीं दरगाह के निरीक्षक राजनाथ सिंह को नानपारा का नया प्रभार सौंपा गया है। अल्प अवधि के कार्यकाल में ही लोगों के दिलों में विश्वास और आत्मीयता की जगह बनाने वाले कोतवाल रामाज्ञा सिंह को न सिर्फ पुलिसकर्मियों ने, बल्कि नगर के व्यापारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी यादगार विदाई दी। कार्यक्रम सादगीपूर्ण जरूर था, लेकिन उसमें उमड़ता स्नेह और अपनापन साफ झलक रहा था। फूलमालाओं और अंगवस्त्र से सम्मानित करते समय कई अधीनस्थ कर्मियों की आंखें नम हो गईं।आपको बता दे 03 अप्रैल 2025 को नानपारा कोतवाली का कार्यभार संभालने वाले कोतवाल रामाज्ञा सिंह ने महज पांच माह की अवधि में ही अपने मृदु व्यवहार और कर्तव्यनिष्ठा से जनता और अधीनस्थ स्टाफ में विश्वास कायम किया। उनके स्थानांतरण पर आयोजित सादगीपूर्ण कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों के साथ-साथ नगर के व्यापारी, पत्रकार और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे। सभी ने उन्हें फूलमालाओं और अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इस दौरान अपने संबोधन में कोतवाल रामाज्ञा सिंह ने कहा कि नानपारा में बिताए गए ये पांच माह मेरे लिए अविस्मरणीय रहेंगे। यहां का सहयोग और अपनापन मेरी स्मृतियों में हमेशा जीवंत रहेगा। पत्रकार पुनीत श्रीवास्तव, विनोद द्विवेदी, संदीप अग्रवाल और विवेक श्रीवास्तव आदि ने भी बुके देकर विदाई देते हुए कहा कि कोतवाल रामाज्ञा सिंह ने अपने अल्प कार्यकाल में जनता और पुलिसकर्मियों के बीच विश्वास और अपनापन कायम किया है तो वही जीशान हाशमी ने कहा कि श्री सिंह ने अपनी कार्यशैली से न सिर्फ पुलिस की छवि को मजबूती दी, बल्कि आमजन के दिलों में भी सम्मान और भरोसा पैदा किया। इस मौके पर नगर के रेडीमेड व्यापार मंडल के तक़्दीश हाशमी, शहबाज़ नसीम, अतहर हुसैन, दुर्गेश वर्मा, तौसीफ हाशमी, मेराज हाशमी, अरफ़ात हाशमी, सोनू हैंडलूम, धर्मेंद्र गुप्ता, फ़ज़ल गुलाम, मेराज प्रधान समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में उनके योगदान की सराहना की और नए पदस्थापन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

## गोरखपुर सांसद रवि किशन की पहल पर सड़क परियोजनाओं को मिली हरी झंडी

गोरखपुर। पूर्वांचल में सड़क और यातायात सुविधाओं के विस्तार को लेकर गोरखपुर सांसद रवि किशन शुक्ला की पहल एक बार फिर रंग लाई है। सांसद द्वारा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को भेजे गए प्रस्तावों पर मंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य आगे बढ़ाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।सांसद रवि किशन शुक्ला ने एनएच-27 (गोरखपुर-लखनऊ राजमार्ग) और एनएच-24 (वाराणसी-गोरखपुर राजमार्ग) पर बाईपास रोड, सिक्स लेन और वैकल्पिक लिंक-रोड निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया था। उन्होंने तर्क दिया था कि इन मार्गों पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे जाम और दुर्घटनाएं आम हो चुकी हैं। गोरखपुर महानगर और उससे सटे कस्बों-गाँवों को राहत देने के लिए सड़क विस्तार समय की जरूरत है।सांसद की मांग पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने तुरंत सज्ञान लिया और पत्र भेजकर आश्वस्त किया कि प्रस्तावित मार्गों के विकास के लिए अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है।

# श्रमिक ही राष्ट्र निर्माण के असली शिल्पकार : प्रभारी मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। मंगलवार को जिला प्रशासन के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट सभागार में ''विश्वकर्मा जयंती'' पर भव्य कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने विधायक (सदर) योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ दीप जलाकर किया।श्रमिकों को बधाई देते हुए प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव इन्हीं मेहनतकश हाथों से तैयार होती है। उनका परिश्रम अनमोल है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। केंद्र और प्रदेश सरकार श्रमिकों की कारीगरी एवं पारंपरिक कौशल को बढ़ावा देने और उनके आर्थिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार श्रमिकों की खुशहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही हैं और उनकी तरक्की के लिए योजनाओं को घर-घर तक पहुँचा रही हैं।कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उद्बोधन लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से देखा और सुना गया। इसके बाद प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने सीएम युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों चांदनी, मनप्रीत कौर, सर्वेश कुमार शर्मा, अंकित कश्यप और हिमांशु मिश्रा को रोजगार शुरू करने के लिए ब्याजमुक्त ऋण का डेमो चेक प्रदान किया।विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी ट्रेड के 7 लाभार्थियों को सिलाई मशीनें और धोबी ट्रेड के 3 लाभार्थियों को वॉशिंग मशीनें वितरित की गईं। इसके अलावा श्रम विभाग बॉस बोर्ड के लाभार्थी अजय और राजू को पुत्री हेतु 25-25 हजार रुपये की एफडी तथा चंगा, लालाराम और हसमत अली को पुत्री की शादी के लिए 55-55 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पीडी एसएन चौरसिया, उपायुक्त उद्योग उज्जवल सिंह, सहायक श्रमायुक्त सहित बड़ी संख्या में जिला स्तरीय अधिकारी व लाभार्थी मौजूद है।

# पीएम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर लगी प्रदर्शनी, प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। कलेक्ट्रेट परिसर बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की झलक से सराबोर रहा। प्रधानमंत्री के जीवन, संघर्षों, नीतियों और उपलब्धियों पर आधारित जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उनके साथ विधायक योगेश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा और सीडीओ अभिषेक कुमार मौजूद रहे।जिला प्रशासन एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्व अवधान में आयोजित इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के बचपन से लेकर राष्ट्र निर्माण तक की यात्रा को तस्वीरों और दस्तावेजों के जरिये जीवंत किया गया है। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण नीतियां, निर्णय और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने वाले पैनल लोगों का विशेष आकर्षण बने।प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि पीएम के कृतियों से हमें प्रेरणा मिलती है, उनके नेतृत्व में देश को नई दिशा मिली है और देश समृद्ध शक्तिशाली के रूप में उभर कर आया है। पीएम का जीवन संघर्षों से भरा रहा है, सभी को उनसे प्रेरणा लेना चाहिए, नेतृत्व में नए नए आयाम को प्राप्त कर रहे है।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि प्रदर्शनी से आम जनमानस केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के साथ ही महत्वपूर्ण ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त कर सकते है और प्रधानमंत्री के जीवन से जुड़े कृतित्व और व्यक्तित्व से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने पीएम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने पीएम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व व शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। इस अवसर पर कुलभूषण सिंह, रामजी मौर्य आशू मिश्रा, विनोद लोधी, देवदत्त चड्ढा, अरविंद गुप्ता, संतोष कुमारी, रश्मि गुप्ता उमा राज, उमेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पाने से कोई पात्र किसान वंचित न रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत कोई भी पात्र किसान लाभ पाने से वंचित न रहे। इस योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में जनपद के 453318 कृषकों को 9066.36 लाख रूपए का भुगतान लाभार्थियों के खाते में किया जा चुका है।

मंगलवार को विकास भवन स्थित सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक राज्यमंत्री भारत सरकार/सांसद राज्य सभा बीएल वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बदायूँ के सांसद आदित्य यादव तथा आंवला के सांसद नीरज मौर्य बैठक के सह अध्यक्ष रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बी0एल0 वर्मा ने कहा कि सरकारी योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ पात्रों को प्रत्येक दशा में मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति का कच्चा घर न रहे ऐसा प्रयास करें। सरकारी एवं अर्द्धसरकारी भवनों में विकलांगजनों की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएं। आवश्यकतानुसार ब्लाक तथा तहसील स्तर पर कैम्प आयोजित कर शासकीय योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित किया जाए।जनप्रतिनिधियों के स्वागत के पश्चात बैठक का प्रारम्भ हुआ। सर्वप्रथम गत बैठक की कार्रवाई की समीक्षा हेतु विभिन्न अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट जनप्रतिनिधियों के सम्मुख पेश की गई। जल निगम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बिछाई जा रही पेयजल पाईप लाइन के संबंध में आंवला तथा बदायूँ के सांसद एवं विधायक सहसवान ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और जिन-जिन योजनाओं में प्रगति हो उसकी सूची जनप्रतिनिधियों को अवश्य उपलब्ध कराई जाए। एक निजी नलकूप के विद्युत कनेक्शन का मामला लम्बे समय से लम्बित होने पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे बी0एल0 वर्मा ने कहा कि विद्युत वितरण खण्ड प्रथम के अभियन्ता जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में इसका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। जनप्रतिनिधियों ने मांग की कि जनपद में जर्जर अवस्था वाले विद्यालयों की सूची भी उन्हें उपलब्ध कराई जाए। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें कि प्रत्येक दशा में खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए।गत बैठक की कार्रवाई की पुष्टि के पश्चात गत वित्तीय वर्ष 2024-25 तथा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई जिसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, दीनदयाल उपाध्याय, ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, वृद्धावस्था पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि विकास योजना, नमामि गंगे जैविक खेती परियोजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित आदि योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत किसानों की सुविधा हेतु संचालित ड्रिप, स्पिंकलर/रेनगन व्यवस्था के संबंध में बताया गया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को मात्र 10 से 20 प्रतिशत ही व्यय करना होता है। शेष राशि की सब्सिडी दी जाती है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, सदर विधायक महेश गुप्ता, विधायक बिल्सी हरीश शाक्य, सहसवान विधायक बृजेश यादव, शेखूपुर के विधायक हिमांशु यादव, विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक जिलाधिकारी अवनीश राय, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरूण कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) कल्पना जायसवाल सहित ब्लाक प्रमुख एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा अधिकारीगण मौजूद रहे।

## गोली लगने से किसान की मौत, ट्यूबवेल पर पड़ा मिला खून से लथपथ शव

बदायूं। बिसौली थाना क्षेत्र में खेत पर गए एक र की रात एक किसान की संदिग्ध परिस्थिति में गोली लगने से मौत हो गई। क्षेत्र के गांव भरतपुर निवासी 50 वर्षीय रामसिंह पुत्र बाबूराम खेतीबाड़ी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। रामसिंह के तीन बेटे और चार बेटियां हैं, जिनमें से एक बेटे और दो बेटियों की शादी हो चुकी है। उनके बड़े पुत्र संजीव ने बताया कि रोजाना की तरह मंगलवार शाम पिता रामसिंह ट्यूबवेल पर फसल की रखवाली करने गए थे। उन्होंने घर पर बताया था कि थोड़ी देर में लौट आऊंगा, लेकिन वापस नहीं आए। बाद में चाचा हीरालाल से खाना मंगवाकर ट्यूबवेल पर ही खा लिया और चाचा को घर भेज दिया। रात करीब 10 बजे संजीव ने फोन किया तो कॉल रिसीव न होने पर परिजन ट्यूबवेल पर पहुंचे, जहां रामसिंह खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़े मिले। उनके हाथ में तमंचा था। कनपटी में गोली लगी थी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच कर रही है।

## हर्षउल्लास से मनाया गया प्रधानमंत्री का 75वां जन्मदिवस

संभल। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल बहजोई द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्म दिवस को बड़े ही हर्षउल्लास के साथ मनाया गया,कार्यक्रम नगर के माता मंदिर पर स्वच्छता अभियान के रूप में शुरू किया बाद में आदरणीय प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन सभी ने एक साथ मिलकर केक काटकर मनाया,सभी कार्यकर्ताओं ने उनके लिए दीर्घायु की भगवान से प्रार्थना की,आज भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम कैंप कार्यालय पर आयोजित किया।कार्यक्रम में क्षेत्रीय सहसंयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ विकास वार्ष्णेय,नगर महामंत्री और सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अभियान के संयोजक सुमित कुमार वार्ष्णेय,नगर महामंत्री/सहसंयोजक आशीष कुमार,नगर उपाध्यक्ष/अभियान सहसंयोजक शुभम कुमार,नगर मंत्री डॉ दिनेश कुमार,नगर मंत्री नीरज श्रीवास्तव,नगर उपाध्यक्ष अमित कुमार वार्ष्णेय सक्रिय सदस्य राधा दिलेर,धर्मपाल सिंह,विवेक कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी की कैम्प कार्यालय में आयोजित हुई बैठक

संभल। जिला संभल समाजवादी पार्टी कैम्प कार्यालय एडवोकेट राणा के आफिस बहजोई पर बैठक संपन्न हुई बैठक में जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार एवं पदाधिकारी ने सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती मनाई गई एवं पूजा कर चित्र पर माल्यार्पण किया जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा विश्वकर्मा जी सृजन एवं वास्तुकला के देवता थे औद्योगिक क्षेत्र में इस दिन अनेकों औजार मशीनों की पूजा की जाती है यह दिन शिल्पकारों और इंजीनियरों के लिए सम्मान का प्रतीक है जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी ने द्वारका हस्तिनापुर लंका स्वर्ग लोक को बनाने का काम किया था वह ब्रह्मा जी के पुत्र थे एवं बैठक मे महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्री वास्तव जी के पिताजी का निधन पर बैठक में शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की बैठक में विधानसभा अध्यक्ष उमेश यादव शोभित कुमार काका नगर अध्यक्ष सद्दाम कुरेशी अशोक राणा नगर अध्यक्ष व्यापार सभा चेतन गुप्ता मा आकिल शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष बाहिद साहब इरशाद अंसारी एडवोकेट जितेन्द्र जाटव जिला अध्यक्ष अम्बेडकर वाहिनी जयसिंह अशोक गुप्ता कादिर राणा राजेश यादव मुकेश यादव कुबर पाल यादव ललतेश यादव हाजी सिरसी साबिर खान फ़राज़ असगर केशव जाटव शिवम यादव मनीष यादव डा सुरज यादव जितेंद्र कुमार बब्बन मोर्या विकास यादव महेंद्र पाल खडगवसी वीरन यादव शेख सददन अध्यक्ष छात्र सभा मुर्शीद खान आदि मौजूद रहे।

## गंगा में दोबारा आई बाढ़ जाह्नवी प्लेटफार्म हुआ जलमग्न

अनूपशहर। पहाड़ी क्षेत्र में बरसात होने के बाद गंगा बाढ़ में एक फीट से अधिक की बढ़ोतरी के बाद पानी जाह्नवी प्लेटफार्म पर लगभग 20 फुट अंदर घुस आया है।बुधवार को गंगा बाढ़ में एक फीट पानी की बढ़ोतरी होने के साथ जाह्नवी प्लेटफार्म पर लगभग 20 फुट अंदर घुस गया है। इसी प्रकार मुहल्ला गंगाद्वार में लगभग 35 फुट पानी मुख्य सड़क पर घुसा हुआ है। सिंचाई विभाग के एसडीओ अंकित कुमार सिंह का कहना है, कि मंगलवार को छोड़ा गया पानी गुरुवार तक अनूपशहर पहुंचेगा।जिससे एक फीट पानी और बढ़ने की संभावना है। जबकि बुधवार को 1.35 लाख क्यूसेक पानी बिजनौर बैराज से छोड़ा गया है। जिससे शनिवार को बाढ़ का पानी घटना शुरू हो जाएगा और रविवार तक स्थिति काफी नियंत्रित हो जाएगी। बाढ़ का पानी बढ़ने के बाद प्रशासन द्वारा गंगा किनारे बसे गांव के लेखपालों के माध्यम से ग्रामीणों को सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर बबराला में वृक्षारोपण और रक्तदान शिविर का आयोजन

बबराला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर परोपकार सप्ताह के प्रथम दिन जाइन्टस ग्रुप ऑफ बबराला की ओर से जनहित से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। परोपकार और सेवा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सबसे पहले लोहिया कान्वेंट स्कूल और बी बी एस पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जाइन्टस ग्रुप ऑफ बबराला के संरक्षक डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, अध्यक्ष डॉ. राहुल यादव, सचिव अनिल गुप्ता, कोषाध्यक्ष डिंपल वार्ष्णेय, प्रभात वार्ष्णेय, लोहिया स्कूल के डायरेक्टर उमेश यादव, बी बी एस पब्लिक स्कूल के सुमित यादव समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को सेवा कार्यों के रूप में मनाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने फीता काटकर किया। उन्होंने रक्तदान को जीवनदान बताते हुए अधिक से अधिक युवाओं को इस पवित्र कार्य में आगे आने का आह्वान किया। रक्तदान शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन वार्ष्णेय, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिखर गोयल, समाजसेवी योगेश वार्ष्णेय,विनय वार्ष्णेय एडवोकेट, मनोज यादव, अंशु गौतम, नितिन वार्ष्णेय, कल्पित गोयल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया और सेवा भाव का उदाहरण प्रस्तुत किया।परोपकार सप्ताह के तहत आने वाले दिनों में भी जाइन्टस ग्रुप द्वारा सामाजिक और जनकल्याण से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

अनूपशहर। भाजपा द्वारा गांव दुगरऊ में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत ने विधायक व कार्यकर्ताओं मंदिर की सफाई कर प्रधानमंत्री का जन्म दिवस मनाया।बुधवार को नगर व क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिरों व उसके आस पास साफ-सफाई कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वां जन्म दिवस मनाया। गांव दुगरऊ में विधायक संजय शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ गुरु गोरखनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। इस मौके के मंदिर प्रांगण में सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। विधायक ने कहा कि यह अभियान न केवल स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि समाज को स्वच्छता की प्रति जागरूक और प्रेरित भी करता है। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। नगर में मोहल्ला पोखर स्थित शिव मंदिर में सौरभ गौड़ के निर्देशन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर मुनेश शर्मा, राजपाल सिंह, बुंदू सैफी, पवित्र कौशिक, पराग गर्ग, अमित चौधरी, धर्मपाल, विनीत कौशिक, धर्मपाल गोल्डी, संजीव आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## परियार ई वी रामा स्वामी नायकर जी की मनायी गयी जयंती

संभल। बुद्धविहार कैथल गेट पर परियार ई वी रामा स्वामी नायकर जी की जयंती मनायी गयी कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रद्धेय हेमराज बौद्ध ने की संचावन पुष्पाबौद्ध ने पेरियार रामा स्वामी नायकर का जन्म 17/09/1879 में रामरूप बौद्ध ने अपने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए जीवन भर सामाजिक समानता के लिए सर्घष करते रहे। सामाजिक कुरिती वा पारकड वाद का भी विरोध किया जीवन भर करते रहे। सभी वक्ताओ ने विचारों पर चलने कर सर्घष किया। रवि कुमार बौद्ध, भावना सागर, अजीत सिंह बौद्ध, ज्ञानवती, भुवनेश, प्रदेश गौतम ,आकांक्षा हिरदेश अंबेडकर, नरोत्तम सिंह मौर्य अनुष्का खुशी कनिष्क दिव्या निशा अर्णव हेमराज रामरूप सिंह नरेश भारती अरविंद अंबेडकर शादी पदाधिकारी मौजूद रहे कार्यक्रम का समापन किया गया।

# चेयरमैन ने लोक कल्याण मेले का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। नगर पालिका परिषद में आज पालिका चेयरमैन फात्मा रजा ने लोक कल्याण मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया।।मेले में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। मेले में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी दी गई।मेले में पहुंचे लोगों को पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, स्वरोज़गार, छात्रवृत्ति, स्वच्छता अभियान और महिला कल्याण योजनाओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने लाभार्थियों को मौके पर ही आवेदन करने की प्रक्रिया समझाई। पालिकाध्यक्ष फ़ात्मा रज़ा ने कहा कि ल्ललोक कल्याण मेले का मुख्य उद्देश्य यही है कि हर नागरिक तक योजनाओं की जानकारी पहुंचे और वे सीधे तौर पर लाभ उठा सकें।ङ्क लोगों ने बताया कि इस तरह के मेले से उन्हें योजनाओं की जानकारी आसानी से मिल जाती है। साहूकारा मोहल्ले के निवासी आरती ने कहा कि ल्लपहले हमें योजनाओं के बारे में पता ही नहीं चलता था, लेकिन अब सब कुछ एक जगह पर मिल रहा है।ङ्क वहीं महिला प्रतिभागी गुड़िया देवी ने कहा कि ल्लआवास योजना और पेंशन योजना की जानकारी मिलने से हमें बड़ी राहत हुई है।ङ्कअधिशासी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना और पात्र व्यक्तियों को इनका लाभ दिलाना है। यह पहल शहरी क्षेत्रों में गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए इन डेस्कों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, उज्जवला योजना, और पीएम विश्वकर्मा योजना जैसी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा । मेले में बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं ने भागीदारी की और विभागीय अधिकारियों से सवाल-जवाब कर जानकारी हासिल की।इस मौके पर सभासद नवेद, मनोज कश्यप, छोटा, मुशाहिद मुशाईद, कार्यालय अधीक्षक खालिद अली, राजस्व निरीक्षक लवी कुमार, राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यव एवं सफाई निरीक्षक केशव गंगवार, शरीफ अहमद, रजनेश चन्द्र, महेश बाबू, निर्माण लिपिक सचिन सक्सेना, नवैद इकबाल गनी, मनोज सक्सेना, राकेश सोनकर, सुमित सिंह, मनोज सोनकर, इमरान समेत पालिका के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को जिला पुरुष पुलिस चिकित्सालय्र में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री के वक्तव्य के सजीव प्रसारण से हुई, जिसे बड़े ध्यान और भावभीनी अनुभूति के साथ जनमानस ने देखा। समापन अवसर पर केक काटकर प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएँ दी गईं। लाइव के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया। हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। अभी कल ही देश और दुनिया ने देखा है, फिर एक पाकिस्तानी आतंकी ने रो-रो कर अपना हाल बताया है। प्रधानमंत्री ने कहा, ल्लआज ही के दिन देश ने सरदार पटेल की फौलादी इच्छा शक्ति का उदाहरण देखा था। भारतीय सेना ने हैदराबाद को अनेकों अत्याचारों से मुक्त कराकर, उनके अधिकारों की रक्षाकर भारत के गौरव को पुनः स्थापित किया था। देश की इतनी बड़ी उपलब्धि को, सेना के इतने बड़े शौर्य को कई दशक बीत गए, कोई याद करने वाला नहीं था, लेकिन आपने मुझे मौका दिया, हमारी सरकार ने 17 सितंबर की हैदराबाद की घटना को अमर कर दिया। हमने भारत के एकता के प्रतीक इस दिन को हैदराबाद लिबरेशन डे के रूप में मनाने की शुरुआत की है। केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने कार्यक्रम में कहा कि जब से मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने हैं, वे 17-18 घंटे देश के हित में काम करते हैं।

# मुख्यमंत्री के गुरु की पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। शहर के गुड्डो लान में विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष पण्डित प्रिंस देव शर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय ब्रह्मलीन संत एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु महंत अवैद्यनाथ महाराज की 11वीं पुण्यतिथि का कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष - भिखारी प्रजापति प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पप्पू पहलवान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ओमपाल मौर्य मंडल प्रभारी बरेली उपस्थित रहे। साथ ही जिला कार्यकारणी के समस्त पदाधिकारीगण विनोद भारद्वाज जिला प्रभारी बदायूँ, शिवम् वार्ष्णेय जिला महामंत्री, अखिलेश श्रीवास्तव जिला महासचिव, अनुज मिश्रा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरुण कुमार शेखर जी जिला प्रवक्ता, एवं समस्त सम्मानित पदाधिकारी मौजूद रहे । जिला कार्यकारणी से प्रमोद मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, महेश प्रधान महानगर अध्यक्ष, कुलदीप सानिध्य जिला संयोजक, दुर्विजय सिंह शाक्य जी जिला उपाध्यक्ष, शिवकुमार जी जिला सहसंयोजक, सतेंद्र सिंह राठौर जिला उपाध्यक्ष, कुलदीप सक्सेना जिला कोषाध्यक्ष, रामेश्वर दयाल राठौर जिला सचिव, अशोक प्रधान जिला कार्यकारणी सदस्य, अमित पाठक जिला अध्यक्ष गौरक्षा प्रकोष्ठ, रजत ठाकुर महानगर उपाध्यक्ष, एवं ब्लॉक उझानी कार्यकारणी, ब्लॉक वजीरगंज कार्यकारणी, ब्लॉक जगत कार्यकारणी, एवं ब्लॉक बिसौली कार्यकारणी को नियुक्ति पत्र देकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बदायूँ प्रिन्स देव शर्मा के साथ भारी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षकों ने सौप सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। टेट अनिवार्यता का फैसला वापस कराने हेतु शिक्षक शिक्षिकाए हुए लामबंद3000 से अधिक शिक्षकों की उपस्थिति में संजीव शर्मा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा गया। शिक्षकों के एक विशाल जुलूस ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से शुरू होकर भामाशाह चौक से होते हुए कचहरी तिराहे तक के रास्ते को जाम कर दिया उनका कहना था कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 25 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी सेवारत रहने एवं पदोन्नति हेतु अध्यापक पात्रता परीक्षा टीईटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता के फैसले को वापस लिया जाये जिसके कारण प्रदेश के शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। टेट की अनिवार्यता ने शिक्षकों में भय का माहौल उत्पन्न कर दिया है। शिक्षक नेताओं का कहना है कि यदि इस आदेश को वापस नहीं लिया गया तो दिल्ली में जोरदार आंदोलन किया जाएगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश के क्रम में जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय प्रचार मंत्री संजीव शर्मा के नेतृत्व में जनपद के शिक्षक दोपहर 1:00 से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय बदायूं पर एकत्र होना शुरू हो गए। वहां पर शिक्षकों ने काले रंग के कपड़े एवं काले रंग की पट्टी बांधकर सुप्रीम कोर्ट के टेट अनिवार्यता के फैसले का शांति पूर्वक विरोध किया। इसके पश्चात जनपद के शिक्षकों ने ब्लॉक वर पंक्तिबद्ध होकर बीएसए कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय बदायूं की ओर पैदल मार्च किया। इस दौरान शिक्षकों ने काला कानून वापस लो, शिक्षकों की मांगे पूरी करो, राष्ट्र निर्माताओ के साथ अन्याय स्वीकार नहीं आदि नारे लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचे। इस दौरान संजीव शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा 2009 में कानून बनाकर टेट की अनिवार्यता को लागू किया था। अब ऐसे में उससे पहले नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी के अनिवार्यता थोपी जा रही है। इस निर्णय के बाद से परेशान होकर कई शिक्षकों ने तो आत्महत्या तक कर ली है। उन्होंने कहा कि चाहे कुछ भी करना पड़े इस कानून को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिला मंत्री उदयवीर सिंह यादव ने कहा कि पहले हमारा प्रांतीय नेतृत्व सरकार से बात करेगा यदि सरकार नहीं मानी तो दिल्ली में जोरदार आंदोलन किया जाएगा। दहगवां ब्लॉक अध्यक्ष दामोदर सिंह यादव ने कहा कि जब-जब शिक्षकों के साथ अन्याय हुआ तो सरकार को संगठन के आगे झुकना ही पड़ा है। शिक्षकों की सभी समस्याओं का निस्तारण होकर रहेगा।जिला उपाध्यक्ष अनुराग यादव ने कहा कि आर0टी0ई0लागू होने की तिथि से पूर्व के नियुक्त शिक्षकों पर टेट थोपने जैसे अन्यायपूर्ण फैसले से व्यथित होकर प्रदेश के तीन शिक्षकों ने आत्महत्या करने जैसी घटनाओं पर प्रदेश के समस्त शिक्षकों में जबरदस्त रोष व्याप्त है।

# मुठभेड़ में गोकशी के आरोपी गिरफ्तार पैर में लगी गोली, सिपाही भी घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। सहसवान क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार रात मुठभेड़ के दौरान गोकशी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोली लगी है। एक सिपाही भी घायल हुआ है। गिरफ्तार आरोपी का एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। सहसवान क्षेत्र में मंगलवार रात करीब दो बजे पुलिस की गोकशी के आरोपियों से मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से हुई फायरिंग में एक आरोपी व सिपाही गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी भाग गया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव आनंददीपुर में तीन दिन पहले शनिवार व रविवार को तस्करों ने जंगल में प्रतिबंधित पशुओं को मारा गया था। तस्कर मांस ले गए और अवशेष कुएं में फेंक गए थे। इसकी जानकारी होने पर हिंदू संगठन के लोगों में रोष फैल गया। पशु प्रेमी और बजरंग दल के लोगों ने क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं को रोकने की मांग की थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने जांच पड़ताल कर आरोपियों को चिन्हित कर लिया। मंगलवार की रात मुखबिर ने सूचना दी कि थाना क्षेत्र के गांव जुनैदपुर और खंदक के बीच जंगल में आरोपी गोवंश को मारने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस बताए गए स्थान पर पहुंची और घेराबंदी कर ली। पुलिस टीम पर की फायरिंग पुलिस टीम को देखते ही आरोपियों ने फायरिंग कर दी, जिसमें सिपाही नितिन बालियान गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने अपनी सुरक्षा में जवाबी फायरिंग की जिसमें एक आरोपी के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस की पूछताछ में तस्कर ने अपना नाम बहारे आलम बताया। वह सहसवान के मोहल्ला कटरा का निवासा है। जबकि मौके से भागा साथी का नाम शमशेर निवासी शहबाजपुर थाना सहसवान है। गिरफ्तार आरोपी के पास से एक तमंचा व पशुओं को मारने के उपकरण बरामद हुए हैं। बहारे आलम का आपराधिक इतिहासगिरफ्तार आरोपी बहारे आलम के खिलाफ सहसवान थाने में पांच मुकदमा दर्ज हैं, जिसमें जानलेवा हमला, गैर इरादतन हत्या, गो तस्करी आदि शामिल हैं। पुलिस उसको न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। वहीं एसपी ग्रामीण डॉ0 ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि सहसवान क्षेत्रांतर्गत गोकशी की घटना कारित करने वाले एक आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में किया गया। वहीं न्यायालय के समक्ष पेश कर आरोपियों को जेल भेजा गया है।

# तिलहनी फसलों के क्लस्टर प्रदर्शन के लिये आवेदन आमंत्रित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में संचालित नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयलसीडस) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में रबी-2025 में आयोजित कराये जाने वाले तिलहनी फसलों के क्लस्टर प्रदर्शन वैल्यू चेन पार्टनर के माध्यम से कराये जाएंगे, और एफ0पी0ओ0/सहकारी समितियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वैल्यू चैन पार्टनर के चयन हेतु एफ0पी0ओ0/सहकारी समितियों के लिए पात्रता मापदंड यह हैं कि कम्पनी अधिनियम या सहकारी अधिनियम के तहत पंजीकृत होना चाहिए, जनपद में क्लस्टर बनाकर कृषि कार्य करने का कम से कम 03 वर्ष का अनुभव होना चाहिए तथा कम से कम 200 किसान एफ0पी0ओ0 या सहकारी समिति में पंजीकृत होने चाहिए। पिछले 03-वर्षों में औसत वार्षिक कारोबार 09 लाख रुपये से अधिक होना चाहिए। एफ0पी0ओ0 में किसानों द्वारा कम से कम 03 लाख रुपये की इक्विटी। सरकार द्वारा किसी भी इक्विटी अनुदान के प्राप्तकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। 10 हजार एफ0पी0ओ0 योजना के अन्तर्गत गठित एफ0पी0ओ0, नैफ़ेड, एन0एस0सी0-ओ0एस0 आदि सार्वजनिक एजेंसियों के साथ पंजीकृत तिलहन से जुड़े एफ0पी0ओ0 को निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन वरीयता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी एफ0पी0 ओ0/ सहकारी समितियों को नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयलसीडस) वित्तीय वर्ष 2025-26 योजनान्तर्गत वैल्यू चैन पार्टनर के रूप में कार्य करने के इच्छुक है और यह अर्हताएँ पूर्ण करते हो, वह अपना आवेदन 22. सितम्बर 2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय उप कृषि निदेशक, बदायूँ में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

## प्रशासन ने बच्चों के साथ वादा खिलाफी की तो होगा बड़ा आंदोलन : भाकियू

बदायूं। भारतीय किसान यूनियन थाना बिनावर के गांव सेमरमैई पुलिस की दविश में शाकिर अली 50 वर्षी 15 सितंबर रात्रि को हादसे में मौत हो गई, मौत को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश भारतीय किसान यूनियन के मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना गांव सेमरमैई दल के साथ मैयत पर पहुंचे उन्होंने कहा मासूम तीन बच्चे जो अनाथ हो गए हैं। मां-बाप दोनों ही खत्म हो गए मां का इंतकाल कई वर्ष पूर्ण हो चुका जिसका भरण पोषण और उनका जीवन यापन करने के लिए शाकिर अली ही बचे हुए थे, परंतु 15 सितंबर की रात को पुलिस दविश देने गई जिनके तांडव से शाकिर अली की मौत हो गई। इस अवसर पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ठाकुर अजय पाल सिंह ने कहा इन बच्चों को न्याय मिलना चाहिए सदर तहसील अध्यक्ष ठाकुर अर्जुन सिंह ने कहा इन बच्चों को सरकार 50 लाख का मुआवजा प्रदान कराये, प्रतिनिधि मंडल में ब्लॉक सलारपुर अध्यक्ष पप्पू सैफी समेत अन्य लोगा मौजूद रहे।

# देश का निर्माण कर रहे है प्रधानमंत्री मोदी: केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री

**कीर्तिवर्धन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर उनकी तुलना भगवान विश्वकर्मा से की**




गोंडा। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस पर उनकी भगवान विश्वकर्मा से तुलना की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान विश्वकर्मा को निर्माण और सृजन का देवता माना जाता है उसी तरह प्रधानमंत्री मोदी भी देश का निर्माण और सृजन कर रहे हैं।कीर्तिवर्धन सिंह ने यह बयान पीएम मोदी के जन्मदिवस पर आयोजि त कार्यक्रमों के दौरान दिया।उन्होंने कहा कि आज भगवान विश्वकर्मा का जन्मदिन है,जिन्हें हम निर्माण का देवता मानते हैं।इसी तरह प्रधा नमंत्री मोदी भी देश को आगे बढ़ाने में महत्वपू र्ण भूमिका निभा रहे हैं।इस अवसर पर गोंडा जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीएचसी नवाबगंज में पौधारोपण किया गया और भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। नवाबगंज मरीज हॉल में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ करते हुए बच्चों को पोषण पोटली दी गई।इसके अतिरिक्त,उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी,आशा कार्यकत्रियों और सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इनसेट बोले- भारत विश्व में मजबूत हुआमंच से संबोधित करते हुए केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने भारत की बढ़ती वैश्वि क शक्ति पर भी बात की।उन्होंने कहा कि आज बड़े-बड़े देश भारत को आजमा चुके हैं।जो देश पहले बात करने को तैयार नहीं थे,वे अब भारत के साथ बातचीत कर रहे हैं उन्होंने जोर दिया कि भारत पूरे विश्व में एक मजबूत और उभरती हुई ताकत के रूप में सामने आया है।वहीं मी डिया से बात करते हुए कहा कि आज हम लोग पीएम नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रहे हैं।हम लोगों को पीएम नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेनी चाहिए।इतने वर्षो सेसब देश की सेवा करके देश को विश्व में एक शक्ति के रूप में उभर दिया है।उन्हीं से प्रेरणा लेकर के हम लोगों को अपने-अपने स्तर पर अपने-अपने कार्य क्षेत्र में इस देश की सेवा के लिए विभिन्न तरीके के कार्यक्रम हम लोगों को करने चाहिए।कोई भी भारत को अनदेखा नहीं कर सकता वहीं,अमेरिका के द्वारा व्यापार को लेकर हाथ बढ़ाए जाने पर कहा कि विश्व में तमाम सारी सच्चाइयां हैं,जिसको कोई भी देश कोई विदेशी अनदेखा नहीं कर सकता है। भार त देश विश्व का सबसे बड़ा एक तरीके का मार्के ट है।इतनी बड़ी जनसंख्या इतने बड़े पढ़े लिखे लोग इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी हमारे पास बड़ी संख्या में एक्सपोर्ट है।आज हम लोग चौथे नंबर की इकोनॉमी पावर हैं,जिसको कोई भी अन देखा नहीं कर सकता है। हर राष्ट्र अपने-अपने फायदे के लिए सोचता है।यह पता है कि दुनि या में आज कोई भी देश भारत की शक्ति को भारत की ताकत को अनदेखा नहीं कर सकता है।हमने कहा था कि सितंबर में सारी चीज ठी क हो जाएगी वह हो रहा है। इस सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आप विश्वास र खिए कोई भारत का अहित नहीं कर पाएगा।स्वदेशी अपनाने के लिए जीएसटी भी घटाई गई है।हमारे पीएम नरेंद्र मोदी की दूर दृष्टि हैस्वदेशी लोगों को एकदम अपनाना चाहिए हमारे बिजनेसमैन,इंडस्ट्रीज छोटी जो है उनको हमें बढ़ावा देना हम लोग नहीं देंगे तो कौन दे गा।जीएसटी में छूट दिए जाने से आप देखि एगा जल्द ही हमारी अर्थव्यवस्था पर भी फर्क आएगा।

# पौधारोपण कर की प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु की कामना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह के तहत बेलसंर ब्लॉक क्षेत्र के लौव्वा टेपरा ग्राम पंचायत स्थित अथरिस फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी एफपीओ के सीईओ कुलदीप मिश्रा के नेतृत्व में आदि जग हों पर पौधरोपण किया,उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु के साथ स्वस्थ जीवन की काम ना की है।बुधवार को अथरिस फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी एफपीओ के सीईओ कुलदीप मिश्रा, म यूर गोहिल,मानस रंजन,पवन राय ने पौधरोपण करते हुए कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों को पर्या वरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने आ ग्रह किया कि अपने आसपास के वातावरण को अच्छा बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की दीर्घायु के लिए पीपल और बरगद का पौधा लगाया गया है।इस दौरान विनय त्रिपाठी इंचार्ज आईटीसी,राम सरन मि श्रा आदि लोग मौजूद रहें।

# विश्वकर्मा जयंती पर लाभार्थियों को दिया टूल किट व प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिला पंचायत सभागार में विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें पारंपरिक कारीग रों के सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थि यों को टूल किट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गएइस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, विधायक बावन सिंह विधायक गौरा प्रभात व र्मा,तथा सदस्य विधान परिषद गोंडा, बलरामपुर अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने की। इसके अतिरिक्त संबं धित विभागों के अधिकारीगण,लाभार्थी व जन प्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।प्रधा नमंत्री विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों,जैसे बढ़ई, लोहार, कुम्हार, सुनार, राज मिस्त्री, दर्जी, मोची, नाई आदि को तकनीकी एवं आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है,इस योजना के अंतर्गत चयनित लाभा र्थियों को उन्नत उपकरणों की टूल किट, कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, प्रमाण पत्र, डिजिटल लेन-देन हेतु सहायता एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है।कार्य क्रम में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वकर्मा समुदाय देश की पारंपरिक हस्तशिल्प विरासत का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना इस वर्ग को तक नीकी रूप से सक्षम बनाकर रोजगार एवं सम्मा न जनक जीवन की ओर अग्रसर करने की एक सार्थक पहल है। जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें इस योजना का पूर्ण ला भ उठाने की अपील की। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जिले में सैकड़ों पारंपरिक का रीगरों को योजना के अंतर्गत चिह्नित किया ग या है,और उन्हें चरणबद्ध तरीके से लाभान्वित किया जा रहा है।उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रशासन द्वारा हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।कार्यक्रम का समापन लाभार्थियों द्वारा प्राप्त किट एवं प्रमाण पत्र के साथ धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## भाजपा की असली कार्यकर्ता संस्कृति का संदेश

गोरखपुर । दिल्ली में आज आयोजित एनडीए सांसदों की कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी की अनोखी संगठन संस्कृति और कार्यकर्ता भावना का जीवंत उदाहरण बनी। इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अंतिम पंक्ति में आकर बैठे। यह दृश्य देखकर सभी सांसदों ने भाजपा की उस विशेषता को महसूस किया जिसमें हर कोई, चाहे वह प्रधानमंत्री हो या साधारण कार्यकर्ता, संगठन का समान हिस्सा होता है।सांसद रवि किशन शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का अंतिम पंक्ति में बैठना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भाजपा में पद से ऊपर संगठन और कार्यकर्ता संस्कृति को महत्व दिया जाता है। यही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज विकास और सुशासन का नया मॉडल बन चुका है। प्रदेश की कानून-व्यवस्था, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को देखकर पूरा देश उत्तर प्रदेश की सराहना कर रहा है।

# पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर विशेष सेवा पखवाड़ा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सफाई, वृक्षारोपण और स्वास्थ्य सेवा में जुटे कार्यकर्ता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उनके स्वास्थ्य, दीर्घायु और देश के प्रति समर्पित जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना की साथ ही उनके नेतृत्व और राष्ट्रसेवा की सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत नगर के बूथ अध्यक्ष सुरेश शुक्ला के नेतृत्व में विश्वनाथ मंदिर परिसर की सफाई अभियान से हुई। कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर के हर कोने की सफाई कर न केवल परिसर को स्वच्छ बनाया, बल्कि जनता में जागरूकता फैलाने का संदेश भी दिया। इसके बाद नगर अध्यक्ष रेखा पांडे के नेतृत्व में काली कुण्डा सरोवर के पास वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कई फलदार और छायादार पौधे लगाए गए, जिससे पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के संदेश को मजबूती मिली। कार्यकर्ताओं ने सरोवर क्षेत्र को भी साफ कर पूरे इलाके को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम का दूसरा चरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में आयोजित किया गया, जहां विधायक राम निवास वर्मा के साथ सीएचसी अधीक्षक डॉ. चंद्रभान राम भी मौजूद रहे। विधायक राम निवास वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं संग मिलकर जन्मदिन का केक काटा और मरीजों को फल वितरित किया।

वही अधीक्षक डॉ. सीबी राम ने स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे विभिन्न सेवाओं और मरीजों के प्रति केंद्र के प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम में अनिल पांडे, आनंद रस्तोगी, विपिन सिंह, वंदना मिश्रा, राहुल पांडे सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय कार्यकर्ता और हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद रहा।

# आईजी ने डीएम व एसपी के साथ थाना हरदी में की पीस कमेटी की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । आसन्न त्यौहारों के दृष्टिगत आईजी देवीपाटन मण्डल अमित पाठक ने जनपद का भ्रमण किया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ थाना हरदी में आयोजित पीस कमेटी की बैठक के दौरान मौजूद संभ्रान्तजन से अपील की कि मॉ दुर्गा पूजा, विजयदशमी (दशहरा) इत्यादि आसन्न त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने में जिला प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि आसन्न त्यौहारों के अवसर पर बिजली, पानी व साफ-सफाई के बेहतर प्रबन्ध किये जा रहे हैं। साथ ही जुलूस मार्गों व घाटों इत्यादि की विशेष साफ-सफाई व मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। श्री पाठक ने कहा कि त्यौहारों के अवसर पर सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती की जायेगी। कानून एवं शान्ति व्यवस्था में विघ्न डालने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही भी की जायेगी। आईजी श्री पाठक ने कहा कि शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद में प्रत्येक स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में शान्ति समिति की बैठक की जा रही है। उन्होंने कहा कि शान्ति समिति के आयोजन का उद्देश्य है कि स्थानीय स्तर पर यदि कोई समस्या है तो सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय कर समय रहते समस्या का समाधान करा दिया जाय।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में आसन्न त्यौहारों को शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। कानून एवं शान्ति व्यवस्था के निमित सुरक्षा बलों के साथ-साथ ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में अधिकारियों की तैनाती की गई है। त्यौहारों के दौरान सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए जनपद स्तर पर कन्ट्रोल की भी स्थापना की जा रही है। ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये गये हैं कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय स्तर पर यदि कोई समस्या है तो उसका समाधान भी करायें। डीएम व एसपी ने लोगों से धार्मिक आयोजनों में नशे का सेवन न करने की अपील की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, उप जिलाधिकारी महसी आलोक प्रसाद, पुलिस क्षेत्राधिकारी डी.के. श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष आलोक सिंह अन्य अधिकारी व संभ्रान्तजन मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर 15 दिवसीय 21भव्य चित्र प्रदर्शनी का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर के निकट स्थित धरना स्थल पर सूचना विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 15 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व, न्यू इंडिया/2047 की परिकल्पना तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियानवित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं एवं उपलब्धियों को भव्य चित्रों और दस्तावेजों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए डीएम ने मा. प्रधानमंत्री के विजन और सरकार की उपलब्धियों को जनमानस तक पहुँचाने के लिए इसे सराहनीय पहल बताया। उन्होंने आमजन व छात्र-छात्राओं से अपील की है कि चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर मा. प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व व कृतित्व के साथ-साथ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियानवित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया गया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। प्रधानमंत्री मोदी के जन्म के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जन्म दिवस सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया।भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पीएम मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े का आयोजन किया गया।जिसके तहत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव विधान सभा क्षेत्र क़रनैलगंज में मंडल कार्यशाला कड़रू,परसपुर में आयोजित किया गया,मिलेगा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता और सेवा को जन-आंदोलन का रूप देने का संकल्प लिया गया, जिले के प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता अभिया न चलाया गया,ज़रूरतमंदों को फल व भोजन वितरण किया गया।रक्तदान शिविर और निःशु ल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुए युवा ओं ने मोदी के जीवन और उनके संकल्पों पर चर्चा की और प्रमुख केन्द्रो पर मोदी जी के ला इव उद्बोधन को आम जनमानस सहित पदाधि कारी द्वारा सुनने का कार्य किया,सेवा पखवाड़ा में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पा र्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्रा उपस्थित रहे।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा किमोदी का जीवन गरीबों,वंचितों, किसानों और युवाओं की सेवा को समर्पित है।उनके नेतृत्व में भारत ने विश्व मंच पर नई पहचान बनाई है।सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासङ्क के मंत्र से देश निरंतर आगे बढ़ रहा है।केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह उ़र्फ राजा भैया ने बताया कि अभी हाल ही में लागू नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म को भी मोदी की दूर दृष्टि का प्रतीक है। जिससे जनता को महँगाई से राहत और व्यापा रियों को सहूलियत मिली है।विधायक अजय सिंह, प्रेम नारायण पांडे,बावन सिंह,रमापति शास्त्री,विनय कुमार द्विवेदी,प्रभात कुमार वर्मा, एमएलसी अवधेश कुमार सिंह मंजू सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा सहित कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामनाएँ कीं और संकल्प लिया कि ह्लसेवा ही संगठनङ्क के मार्ग पर चलते हुए जनसेवा का कार्य और अधि क गति से करेंगे।अभियान के संयोजक जिला उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद तिवारी ने बताया कि जिले में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम जिला मंत्री पुनीत सिंह के संयोजन में एवं रक्तदान शि विर का कार्यक्रम युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता के संयोजन में आयोजित किए गए।

विभि न्न कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी जिला उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल राजेश राय चंदानी अनुपम प्रकाश मिश्रा नीरज मौर्य जिला महामंत्री राकेश तिवारी आशीष त्रिपाठी जसवंत लाल सोनकर राजेश तिवारी जिला मंत्री सोनी सिंह संदीप सिंह विनय शर्मा राम तीरथ वर्मा मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझपट्टू संदीप पांडे शशांक मिश्रा युवा मोर्चा महामंत्री विनीत सिंह अमर पाठक किसान मोर्चा अध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस चौरसिया अनुसूचित मोर्चा संयोजक नंदकिशोर नंदू नगर अध्यक्ष आशीष मोदनवाल अरुण सिंह धर्मवीर शुक्ला मंडल अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा अरविंद पाठक बबलू मोर्य वीरेंद्र वर्मा आनंद शुक्ला सरिता तिवारी,मनीष मिश्रा,सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

## एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं



गोंड़ा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्श न में फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया।जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के शीघ्र,गुणवत्तापूर्ण एवं निष्प क्ष निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने स भी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि जन सुनवाई व महिला हेल्पडेस्क को अधिक प्रभाव शाली और संवेदनशील बनाया जाए ताकि आम जन को बार-बार पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न पड़े तथा उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो सके।उन्हों ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन शिकायतों का निस्तारण थाना स्तर पर संभव है,उन्हें प्राथमि कता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निष्पादित किया जाए।इसी क्रम में जन पद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों के द्वारा भी अपने-अपने कार्या लयों,थानों पर जनसुनवाई करते हुए आमजन से प्राप्त शिकायतों का त्वरित व प्रभावी निस्ता रण सुनिश्चित किया जा रहा है,जिससे पुलिस व जनता के मध्य विश्वास और सहयोग की भाव ना और अधिक सुदृढ़ हो सके।

# श्रम से शिक्षा तक अभियान: 21 योजनाओं से बच्चों और श्रमिक परिवारों को मिलेगा सहारा

**महिलाओं, बच्चों और मजदूरों के लिए सरकार की 21 योजनाएँ, हर जिले में होगा प्रचार-प्रसार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। बाल श्रम में संलिप्त बच्चों और श्रमिक परिवारों हेतु प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में कई प्रमुख योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किया जा रहे हैं।प्रदेश सरकार की ओर से श्रम से शिक्षा तक अभियान के तहत विभिन्न जनक ल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा हैं।प्रदेश सरकार द्वारा श्रम एवं सेवायोजन विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से 21 योजनाएं संचालित की जा रहे हैं।देवीपाटन मंडल आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने मंडल के सभी जिलाधिकारियों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित कि या है कि वह इन सभी योजनाओं का अपने-अपने जिलों में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराकर योजनाओं का लाभ संबंधित तक पहुंचाएं।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में चलाई जा रही योजनाओं का उद्देश्य श्रमिक परिवारों,महिलाओं और बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य,पोषण और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।



## प्रदेश में इन योजनाओं का हो रहा संचालन

बाल श्रमिक शिक्षा योजना श्रम एवं सेवायोजन विभाग,अटल आवासीय विद्यालय -- श्रम एवं सेवायोजन विभाग,मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना ऽ श्रम एवं सेवायोजन विभागमुख्यमंत्री बाल सेवा योजना ऽ महिला एवं बाल विकास विभाग,मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) महिला एवं बाल विकास विभाग,मिशन वात्सल्य योजना एवं चाइल्ड हेल्पलाइन ऽ महिला एवं बाल विकास विभागदत्तक ग्रहण योजना महिला एवं बाल विकास विभाग,स्पॉन्सरशिप योजना,महिला एवं बाल विकास विभाग,फॉस्टर केयर योजना , महिला एवं बाल विकास विभाग,आफ्टरकेयर योजना महिला एवं बाल विकास विभाग,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, महिला एवं बाल विका स विभाग,कन्या विवाह सहायता योजना श्रम एवं सेवायोजन विभाग,संत रविदास शिक्षा सहा यता योजना,श्रम एवं सेवायोजन विभाग कौश ल विकास प्रशिक्षण अन्तर्गत एवं प्रमाणन योजना श्रम एवं सेवायोजन विभाग,निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना श्रम एवं सेवायोजन विभाग,निर्माण कामगार गम्भीर बीमारी सहायता योजना ऽ श्रम एवं सेवायोजन विभाग,महात्मा गाँधी पेंशन योजना श्रम एवं सेवायोजन विभाग,पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना ऽ महिला एवं बाल विकास विभाग,आपदा राहत सहायता योजना श्रम एवं सेवायोजन विभाग,वन स्टॉप सेंटर एवं 181 महिला हेल्पलाइन ऽ महिला एवं बाल विकास विभाग,निराश्रित महिलाओं हेतु आश्रय सुविधा ऽ महिला एवं बाल विकास विभाग,आयुक्त का कहना है कि इन योजनाओं के माध्यम से समाज के सबसे कमजोर वर्गों तक सरकारी मदद पहुँचाई जाएगी।इन योजना ओं से गरीब,अनाथ, श्रमिक परिवारों के बच्चे, विधवाएँ, कमजोर महिलाएँ और मजदूर वर्ग सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे।सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र परिवार योजनाओं से वंचि त न रह जाए।

# देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत आज जिला चिकित्सालय गोरखपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला ईकाई गोरखपुर द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर क्षेत्र के यशस्वी क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री सहजानंद राय जी के द्वारा किया गया। अभियान के अन्तर्गत आज चिल्लूपार के भाजपा युवा नेता उमेश कुमार यादव ने अपने जीवन 31वी बार रक्तदान किया और अपने समर्थकों का भी रक्तदान कराया. इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी गोरखपुर डा॰ राजेश झा जी,जिला उपाध्यक्ष श्री हरिकेश राम त्रिपाठी जी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री नीरज दूबे जी, श्री अंगद निषाद जी, श्री आलोक पटवा जी, श्री संजय शुक्ला जी, श्री अंकित पटेल जी ,श्री महेंद्र सिंह जी, श्री परमवीर जी, श्री संतोष जी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## लापता व्यक्ति का तीसरे दिन भी नहीं मिला कोई सुराग परिजन परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेलीपार, गोरखपुर। बेलीपार थाना क्षेत्र के ग्राम भस्मा से तीन दिन पूर्व लापता हुए युवक का सुराग नहीं लगा है। युवक के पता नहीं लगने से परिजन परेशान हैं।आयुष यादव ने लापता होने की तहरीर बेलीपार पुलिस को दी है। इसके बाद पुलिस युवक की तलाश में जुट गई है। ग्राम भस्मा निवासी कपिल देव यादव (70) ऊर्फ केडी यादव, सोमवार की सुबह 11 बजे भोजन कर घर से निकले थे टहलने के लिए टहलते हुए बेलीपार तक पहुंच गए मगर उसके बाद वह सोमवार की देर रात तक घर नहीं पहुंचे। जिसके बाद परिजन को चिंता हुई। उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। घरवालो ने उसके मित्रों और उसके आस पास के लोगों से भी उसके बारे में जानकारी ली लेकिन कहीं कोई जानकारी नहीं हो सकी।

# अवसरवाद का दिखा नजारा, ब्लाक प्रमुख ने थामा सुभाषपा का दामन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। राजनीति में 'अवसरवाद' का ताज़ा उदाहरण एक बार फिर बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह बन गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर ही भाजपा को झटका देते हुए उन्होंने सुभासपा का दामन थामा। रविवार को वलीपुर हेमनापुर खेल मैदान में आयोजित जनसभा में मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने उन्हें पीला गमछा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। तथा प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर शिवकुमार सिंह ने 75किलो का केक काटा। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह जनता की सेवा का संकल्प है या फिर सिर्फ़ कुर्सी बचाने और सत्ता के स्वाद को बनाए रखने की रणनीति ? जो आम चर्चा का विषय बना है। शिवकुमार सिंह का संघर्ष ,टैक्सी ड्राइवर से 'सत्ता ड्राइवर' राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा है कि शिवकुमार सिंह का संघर्ष से नाता रहा है आज वे एक टैक्सी ड्राइवर से सत्ता ड्राइवर हैं । इन्होंने हमेशा वही रास्ता चुना है, जहां सत्ता और लाभ मिला। कांग्रेस से शुरुआत, बसपा का सहारा, फिर सपा में पत्नी को जिला पंचायत अध्यक्ष बनवाना। हालात बदले तो भाजपा में शामिल होकर पत्नी और खुद दोनों ने मलाईदार कुर्सियाँ ले लीं। और अब जब भाजपा में उनकी सियासी ज़मीन खिसकती दिखी तो सीधे भाजपा के ही घटक दल सुभासपा में जा पहुँचे।

सत्ता का नशा या गिरगिट जैसी छवि

जनता खुले तौर पर कह रही है कि शिवकुमार सिंह की पहचान अब एक ल्पलटीबाज़ नेताक्ष की हो गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ऐसे नेता किसी विचारधारा और वसूल के लिए नहीं, बल्कि सिर्फ़ निजी फ़ायदे के लिए पार्टियाँ बदलते हैं। यही वजह है कि इस बार जनता का भरोसा उनसे उठता नज़र आ रहा है। देखा जाय तो बरसात के मौसम में भी लगभग सात आठ हजार का जन समूह जनसभा में रहा । सुभाषपा सुप्रीमो के भाषण के दौरान ,सभास्थल की अधिकतर कुर्सियां खाली रहीं । पति और राजभर का साथ पर ऊषा सिंह की मंच से दूरी

सुभासपा सुप्रीमो ओमप्रकाश राजभर ने सभा में शिवकुमार सिंह का स्वागत किया और भाजपा पर किसी तंज से कतराते दिखे ।उन्होंने सभा में भाषण के दौरान कहा कि, सुभाषपा गरीबों ,शोषित पिछड़ों अति पिछड़ों पार्टी है ।किसी भी समय किसी जरूरतमंद व्यक्ति को कोई भी जरूरत पड़े तो हमारे कार्यकर्ताओं और अब शिवकुमार सिंह से मिले । हम समस्याओं को दूर करेंगे। उनकी लड़ाई लड़ी जाएगी ।लेकिन सबसे बड़ी चर्चा रही कि जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह मंच पर नज़र नहीं आईं। किंतु कार्यक्रम के दौरान इंटरकालेज परिसर में ही एक कमरे में मौजूद रहीं। अब राजनीतिक हलकों में यह सवाल उठने लगा है कि कहीं शिवकुमार सिंह का यह दांव उनकी पत्नी की राजनीति को मुश्किल में न डाल दे।

जनता की प्रतिक्रिया- हेमनापुर खेल मैदान में भीड़ तो जुटी, सुभाषपा के जनसभा में सपा ,भाजपा ,बसपा के अधिकतर कार्यकर्ता देखे गए।

# शहर भर के पालिका कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पीएम मोदी के जन्मदिन पर प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख, डीएम, पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था, जिलाध्यक्ष भाजपा ने काटा केक विश्वकर्मा दिवस पर किया हवन पूजन**

पीलीभीत। भगवान विश्वकर्मा जयंती, सेवा पखवाड़ा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका कार्यालय में हवन पूजन और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में केक काटा गया। जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। गर्मी सर्दी और भीषण बारिश के बीच शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।बुधवार सुबह नगर पालिका परिषद कार्यालय में जलकल और निर्माण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भगवान विश्वकर्मा पूजन और हवन किया गया। अभियंताओं और स्टाफ ने यंत्रों का भी पूजन किया। पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल, प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, ईओ संजीव कुमार, पीसीयू चेयरमैन सुरेश गंगवार, एसडीएम श्रद्धा सिंह, रिटायर्ड कर्मचारी नेता नन्हेंलाल भाजपा जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ सभासद गोकुल प्रसाद मौर्य नगर अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान, गुरुभाग सिंह, अमित अग्रवाल, लेखराज भारती सतनाम सिंह, सहित सभी अतिथियों ने मंच पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर केक काटा। इसके बाद सम्मान समारोह में पालिका के समस्त विभागों के कर्मचारी और शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने वाले समस्त कर्मचारियों को जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख, पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने दुशाला ओढ़ाकर, अंगवस्त्र पहनाकर सम्मनित किया। सभी कर्मचारियों को साड़ी भी वितरित की गई। पुरूष कर्मचारियों को इस आशय से साड़ी दी गई कि उनकी पत्नी, माता या बहन को भी उपहार मिले। सम्मान समारोह के बाद सभी अतिथियों और कर्मचारियों ने सह भोज किया। कार्यक्रम का संचालन सभासद साकेत सक्सेना ने किया। इस अवसर पर सभासद वतन दीप मिश्रा, निर्मल सिंह टीटू, राशिद हुसैन, अनस अंसारी, शबनम, जाहिदा बी, निजाकत अली कादरी आदि समस्त सभासद सहित पंकज राजपूत, नन्हेंलाल, लक्ष्मीकांत शर्मा, जेई निर्माण सतेंद्र नाथ यादव, जेई जलकल राजरानी, तारिक़ हसन खां, साबिर अली, संतोष सक्सेना, अमर किशोर, राहुल सक्सेना, शंकर राही रोशन लाल, सत्येंद्र नाथ, मुकेश बाल्मीकि सहित समस्त कर्मचारी सम्मनित किए गए।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत महिलाओं किशोरियों व बच्चों को मिलेगा लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का आयोजन किया गया महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं को मजबूती देने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के साथ-साथ आठवें पोषण माह का शुभारंभ किया यह अभियान महिला और बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा, जिसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय संयुक्त रूप से संचालित करेंगे। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित होगा अभियान में गैर-संचारी रोग जांच जैसे रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा आदि। कैंसर स्क्रीनिंग (स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, मुख गुहा), एनीमिया एवं पोषण जागरूकता अभियान, टीबी जांच व निदान हेतु मोबाइल एक्स-रे इकाइयां, सिकल सेल रोग परीक्षण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा, टीकाकरण अभियान और रक्तदान अभियान। साथ ही मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया जाएगा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के प्रत्येक कोने तक स्वास्थ्य और पोषण की सही पहुंच सुनिश्चित करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है इस पखवाड़े भर चलने वाले अभियान के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, बल्कि एक सशक्त समाज निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए जाएंगे।

## लघु सिंचाई कार्यों की संगणना को लेकर रोजगार सेवकों को दिया प्रशिक्षण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अवर अभियंता लघु सिंचाई राम सिंह ने लघु सिंचाई कार्यों की संगणना का रोजगार सेवकों को प्रशिक्षण दिया हैं ।प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अवर अभियंता ने कहा कि लघु सिंचाई से जुड़ी सभी परियोजनाओं को सतही जल स्रोतों की सटीक संगणना की जाए ।उन्होंने लघु सिंचाई कार्यों और जल निकायों की संगणना के बारे में विस्तृत जानकारी दी है ।प्रशिक्षण में मुख्य रूप से रोजगार सेवक लतीफ अहमद, बृजेश कुमार, रामगोपाल,नरेश, लालाराम दिनेश ,ओम प्रकाश सहित दर्जनों रोजगार सेवक उपस्थित रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने रक्तदान दिवस का किया आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ बरेली मंडल बरेली ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में इंजीनियर अजीम शाहनवाज, नीरज कुमार शर्मा, नेत्रपाल सिंह, राघवेंद्र शर्मा, ए के शर्मा, अजय साहनी, दिग्विजय सिंह, अनूप सिंह सहित अन्य इंजीनियरों ने रक्तदान किया। इंजीनियरों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जो समाज सेवा का एक महत्वपूर्ण उदाहरण हैं। रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में मदद मिलती है ।डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के सदस्यों ने मिलकर इस शिविर का आयोजन किया और रक्तदान में भाग लिया ।रक्तदान शिविर के आयोजन से न केवल जरूरतमंदों की मदद हुई, बल्कि इंजीनियरों ने समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दिखाई। इस तरह के आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है।

## बेकरी दुकानदार से मारपीट करने वाले आधा दर्जन युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना अमेठी पुलिस ने एक बेकरी दुकानदार से मारपीट करने वाले आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है और घटना में प्रयुक्त कार को सीज कर दिया है ।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर बुधवार को थाना अमेठी के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान एक बेकरी दुकानदार से मारपीट के मामले में हिमांशू सिंह पुत्र हरिकेश बहादुर सिंह निवासी ग्राम बन्नाटीकर थाना गौरीगंज,मोहम्मद समीर पुत्र मोहम्मद शहजाद निवासी ग्राम असैदापुर थाना गौरीगंज,विकास सिंह पुत्र हरिकेश बहादुर सिंह,अंश सिंह पुत्र अजय सिंह निवासीगण ग्राम बन्नाटीकर थाना गौरीगंज, शुभम सिंह पुत्र अवधेश सिंह निवासी ग्राम टिकरी के साथ ही सूरज पुत्र रामअवध चौहान निवासी वार्ड संख्या दो कस्बा व थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक अदद कार (बिना नम्बर प्लेट) को एमवी एक्ट के तहत सीज कर दी गई है।

## दीवार के मलबे में दबकर दो वर्षीय दिव्यांश की हुई मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के गांव इंदरिया में बुधवार को लगातार हो रही बारिश के चलते एक कच्ची दीवार गिर गई जिसके मलबे में दब कर दो वर्षीय मासूम की मौके पर ही मौत हो गई है ।थाना क्षेत्र के गांव इंदरिया गांव निवासी जगजीवन विश्वकर्मा रोजाना की भांति सुबह स्नान करने गये और उनकी पत्नी राम कुमारी रसोई में भोजन पका रही थी। घर में पितृपक्ष की पूजा की तैयारी चल रही थी बच्चे घर पर खेल रहे थे इसी बीच एक दीवार भरभरा कर गिर गई जिसके मलबे में दबकर दो वर्षीय दिव्यांश मलबे के नीचे दब गया। परिजनों द्वारा आनन फानन में उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।ग्रामीणों की मानें लगातार तीन दिन से हो रही बारिश से दीवार कमजोर हो गई थी। हल्की बारिश थमने के कुछ ही देर बाद यह दर्दनाक हादसा हो गया ।मासूम की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घर के बाहर चीख पुकार से माहौल गमगीन हो गया ।घटना की सूचना मिलने पर हल्का लेखपाल वीरेंद्र प्रजापति ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और तहसील प्रशासन को आख्या भेज दी है।

## परिषदीय विद्यालयों के तीन सौ पचासी शिक्षकों ने एफएलएन प्रशिक्षण में किया प्रतिभाग

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लाक संसाधन केन्द्र तिलोई के सभागार में चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें प्राथमिक विद्यालयों के तीन सौ पचासी शिक्षकों ने प्रतिभाग किया ।नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित शिक्षक प्रशिक्षण का खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप ने दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप सब लोग भलीभांति यहां चार दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त करके अपने आपको दक्ष कर लें जिससे आप सभी अपने अपने विद्यालय में जाकर बच्चों को एक सेस्टमेटिक सहज से सहज और सरल से सरल शिक्षा व्यवस्था प्रदान कर सकें जिससे बच्चे को पढ़ाई कभी भी बोरियत न लगे। ट्रेनर विनोद कुमार सिंह, राम अचल, अतुल श्रीवास्तव, संदीप सिंह, सौरभ शुक्ला द्वारा प्रशिक्षण के समस्त बिन्दुओं को भलीभांति कवर करते हुये शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप ने कहा कि कोई भी बेसिक शिक्षक प्रशिक्षण के किसी भी बिन्दु से वंचित न रहने पाये क्योंकि यदि शिक्षक प्रशिक्षण किसी भी बिंदु से वंचित हुआ तो उसका प्रभाव बच्चों में दिखाई पड़ेगा इसलिये आप सभी हमारे शिक्षकों ठीक ढंग से प्रशिक्षण प्रदान करें। प्रथम दिवस के प्रशिक्षण के दौरान कुल छह सत्र आयोजित किये गये जिसमें नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित शिक्षक प्रशिक्षण का उददेश्य एवं परिचय, अकादमिक वर्ष में पाठ्य पुस्तक, कार्य पुस्तिका अन्य शिक्षण अधिगमो की समझ, एनसीईआरटी आधारित नवीन पाठ्य पुस्तकों की समझ, पाठ्य पुस्तक आधारित कार्य पुस्तिका की समझ, पठन अभ्यास एवं प्रवाह पूर्ण पठन पर समझ, अकादमिक वर्ष के शिक्षक संदर्शिका की समग्र समझ के विभिन्न सत्र आयोजित किये गये।

# राज्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जिला अस्पताल गौरीगंज में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारम्भ खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री व प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री ने अस्पताल परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर उदघाटन किया। सेवा पखवाड़े के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्य प्रदेश के धार से किया गया। जिसका सजीव प्रसारण जिला अस्पताल में किया गया जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व लाभार्थियों ने देखा एवं सुना। यह अभियान सत्रह सितम्बर से दो अक्टूबर तक चलाया जायेगा।प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने प्रधानमंत्री को उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुये कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारम्भ किया गया है यह हम सबके लिये बहुत ही बड़े सौभाग्य का विषय है।भारत के अंदर नारी को सर्वाधिक प्राथमिकता देने का कार्य हमारी सरकार द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि जब नारी स्वस्थ रहेगी तभी परिवार सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि आज स्वास्थ्य सेवाएं पहले से बेहतर हुई हैं ।जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं को जिला प्रशासन द्वारा पूरी प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर पहुंचाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि एक परिवार को सबसे अच्छा स्वास्थ्य महिलाएं देती हैं अमेठी में लगभग अस्सी फीसदी ग्रामीण परिवेश में लोग रहते हैं ऐसी स्थिति में जब महिलाएं स्वस्थ होगी तो निश्चित ही आगे बढ़ेंगी और अपने परिवार को मजबूती प्रदान करेंगी।कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि व भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने भी विचार व्यक्त किया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनका हाल-चाल लिया तथा उन्हें फल वितरित किया। उसके बाद प्रभारी मंत्री ने सत्रह सितम्बर से सोलह अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 8वें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा निकाली गई रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बी पी अग्रवाल, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र, गौरीगंज के ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह, रामप्रसाद मिश्र, भवानी दत्त दीक्षित,चंद्रमौली सिंह, शरद शंकर मिश्रा, मनीष पाठक सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, लाभार्थी व जन सामान्य उपस्थित रहे।

# सिकराना में आयोजित हुई पीडीए पंचायत सपा नेता ने रखे विचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर चलाई जा रही पीडीए पंचायत के अंतर्गत आज विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के ग्राम सिकराना मे पंचायत आयोजित हुई।जिसमे सपा नेता एव समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने कहा की ''पंचायत मे शामिल होना हमारे लिए गर्व की बात है। समाजवादी पार्टी हमेशा से ही समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए लड़ती रही है। हमें विश्वास है कि यह पंचायत समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी पी.डी.ए. पंचायत में शामिल होकर मैं बहुत उत्साहित हूं। समाजवादी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। हमें विश्वास है कि यह पंचायत हमारे समाज को मजबूत बनाने में मदद करेगी।

पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव जी ने कहा की ''पी.डी.ए. पंचायत समाजवादी पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। हमें अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा और समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना होगा। हमें विश्वास है कि यह पंचायत हमें इस दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगी।''

पूर्व विधायक अरशद खा का बयान''पी.डी.ए. पंचायत में शामिल होकर मैं बहुत खुश हूं। समाजवादी पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। हमें विश्वास है कि यह पंचायत हमारे समाज को मजबूत बनाने में मदद करेगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय यादव ने एवं संचालन सतीश वर्मा ने किया इस दौरान प्रमुख रूप से सपा नेता ओम शर्मा,मीता सिंह,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओमकार भारती,रजनीश यादव,भगवानदीन वर्मा,प्रशांत अवस्थी,डाक्टर बखश, बसंत, दीनदयाल आदि सपा कार्यकर्ता एव ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# मेडिकल कॉलेज में पीएम के जन्मदिन पर वृहद स्तर पर हुआ रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन को सेवा संकल्प के रुप में मनाया गया। बुधवार को स्वशासी राजकीय महाविद्यालय में पूर्व मंत्री, विधायक व उच्चाधिकारी शामिल हुए, मौसम की दगाबाज़ी के चलते कार्यक्रम का आगाज विलंब से शुरू होने के बाद भी जिले भर के भाजपाईयों की भारी भीड़ दिखाई दी। रक्तदान में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सुरेश पासी, विधायक व पूर्व मंत्री विनोद सिंह, विधायक राजबाबू उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष निवर्तमान जिलाध्यक्ष, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंश द्विवेदी मौजूद रहें। मुख्य चिकित्साधिक्षक डां.आरके मिश्रा द्वारा रक्तदान करने की शपथ दिलाई, प्राचार्य डां.सलिल श्रीवास्तव ने रक्तदान में आए हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

# पत्रकारों के उत्पीड़न को लेकर जर्नलिस्ट काउंसिल ने भरी हुंकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमले और फर्जी मुकदमों को लेकर जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया ने एक वर्चुअल मीटिंग करके इस पर नाराजगी व्यक्त की और सरकार से मांग की कि पत्रकारों को कार्य करने हेतु सुरक्षित एवं भय मुक्त माहौल सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाए ताकि पत्रकार निर्भीक होकर अपने कार्य को कर सके और समाज की अच्छाइयों एवं बुराइयों को उपलब्धता के आधार पर व्यक्त कर सकें क्योंकि पत्रकार समाज का आईना होता है। इस अवसर पर जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के एक सैकड़ा से अधिक राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारियों के साथ-साथ अन्य साथियों ने भी हिस्सा लिया और अपने विचार व्यक्त किया।सर्वप्रथम सभा का आरंभ भी जर्नलिस्ट काउंसिल के अध्यक्ष डॉ अनुराग सक्सेना के द्वारा पत्रकारों पर हो रहे फर्जी मुकदमो और उत्पीड़न को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए किया गया डॉक्टर सक्सेना ने कहा कि आज जब छोटे अखबार अपने वजूद की लड़ाई लड़ रहे हैं तब सरकार को ई पेपर को मान्यता देना अति आवश्यक हो गया है। अपनी प्रक्रिया देते हुए राष्ट्रीय पदाधिकारी राजू चारण ने कहा कि असंगठित पत्रकारों को संगठित होकर एक साथ आवाज उठानी पड़ेगी तभी उनकी समस्याओं का समाधान हो सकेगा और इसके लिए जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया से बेहतर कोई मंच नहीं हो सकता। राष्ट्रीय पदाधिकारी हरिशंकर परासर ने भी अपनी चिंता व्यक्त की। अपने विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय पदाधिकारी झा जी ने भी कहां कि पत्रकारिता समाज का आईना है और इस आईने को साफ सुथरा ही रहने देना चाहिए। सभा का समापन करते हुए संगठन के राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर आर0 सी0 श्रीवास्तव ने पत्रकारों को एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और संगठन के बैनर तले संघर्ष करने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि यदि हम संगठित हो जाते हैं तो किसी भी लड़ाई को आसानी से जीत सकते हैं हमारे लिए पत्रकार हित सदैव प्रथम रहा है। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनसे अपील की कि जिले के पत्रकारों के साथ-साथ छोटे स्तर के स्थानीय पत्रकारों को भी तवज्जो दी जाए और उनको भी मान्यता देने की प्रक्रिया शुरू की जाए। क्योंकि यदि स्थानीय पत्रकार अपने कर्तव्य को अच्छे से नहीं निभा पायेंगे तो जिले के पत्रकार या वरिष्ठ पत्रकारों को समाचार संकलन असंभव हो जाएगा। देश में लाखों की संख्या में उपस्थित स्थानीय पत्रकार ही अपने जान को जोखिम में डालकर गली-गली से समाचारों का संकलन करता है जो अखबारों की सुर्खियां बनते हैं। इसलिए उनके हित में सोचना अति आवश्यक है।

# सपा नेता एवं अधिवक्ता की अध्यक्षता में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पंडरी खमरिया, भूड़ा में पीडीए जन पंचायत चर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन कार्यक्रम के संयोजक एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता 128 विधानसभा अध्यक्ष सपा अधिवक्ता सभा धनपति वर्मा एडवोकेट ने की हैं। इस दौरान धनपति वर्मा एडवोकेट जी ने भाजपा सरकार में बढ़ी महंगाई ,भ्रष्टाचार एवं बेरोजगारी को लेकर आगाह किया गया।जिसके मुख्य अतिथि सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर जी रहे, कार्यक्रम का संचालन 129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने किया । इस दौरान मुख्य रूप से सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर,धनपति वर्मा एडवोकेट,128 विधानसभा महासचिव नरेश कुमार सागर,129 विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव,अशोक कुमार वर्मा, वेदप्रकाश दीक्षित,ऋषिपाल वर्मा, कंताप्रसाद वर्मा,महेश कुमार वर्मा,गंगाराम, कमलेश, डोरीलाल,जमुना प्रसाद, जयंती प्रसाद, रामपाल चौकीदार,शिवनंदन, पूरनलाल,सुरेश चंद्र,देवेंद्र कुमार,राजीव कुमार वर्मा, वीरेंद्र प्रताप वर्मा,राजेंद्र प्रसाद,नेमचंद्र,छत्रपाल, नेकपाल, लालता प्रसाद, राम कृष्ण, देवेंद्र कुमार,कपिल,ईशान अहमद, ओमप्रकाश, अमित कुमार, आरती देवी, फूलवती,गंगादेवी,आदित्य कुमार वर्मा,महेंद्रपाल,सलीम अहमद, शांतिदेवी, सुशीला देवी, मायादेवी,रानी देवी, बेलावती, पार्वती देवी, चंद्रकली, हीराकली, मीरा देवी, मंगे देवी, नत्थू देवी, विनीता देवी, सुरेश कुमार, रहीसुद्दीन, नन्हे शाह, पूरनलाल,उर्मिला देवी आदि सैकड़ों संख्या में ग्रामवासी व कार्यकर्ता शामिल रहे है।

## सम्पादकीय

# जीएसटी दरों को सरल बनाना अच्छा कदम

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की इस बात को लेकर सराहना होनी चाहिए कि इसने जीएसटी दरों की संख्या को कम करके और बदलाव लाकर 'यथास्थिति बनाए रखने की जड़ता' खत्म की है। प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस के भाषण के बाद से ही लोगों को कर की दरें कम होने, एक सरल संरचना और कर भुगतान में आसानी की उम्मीद बढ़ गई थी क्योंकि उन्होंने दीवाली के तोहफ़े के तौर पर, कर बोझ कम करने का वादा किया था। जीएसटी परिषद के अध्यक्ष के रूप में इसका श्रेय केंद्रीय वित्त मंत्री को जाता है कि उन्होंने सदस्यों को सर्वसम्मति से इस फैसले को स्वीकार के लिए राजी किया। इस फैसले के तहत, अधिकांश वस्तुओं को 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी स्लैब में ले जाया गया। साथ ही, पंजीकरण की रफ्तार बढ़ाने और रिफंड जल्दी सुनिश्चित करने के उपाय भी किए गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवों को देखा जाए तो यह अंदाजा होता है कि मूल्यवर्धित कर (वैट) के लिए सभी के लिए मुफीद होने वाली एकसमान व्यवस्था नहीं है। हर देश राजनीतिक स्वीकार्यता और सुविधा के आधार पर वैट का एक अलग रूप अपनाता है। हालांकि, यदि इसमें कुछ खराब पहलू जैसे कि बड़े पैमाने पर छूट, बहुत अधिक या कम सीमाएं, या कई दरें शामिल हो जाती हैं तो बाद में इन्हें हटाना बहुत मुश्किल हो जाता है। लेकिन, अगर कर का बोझ कम करने के लिए इसमें बदलाव किया जाता है तो उसे सभी का समर्थन मिलता है। इसलिए, दरों की संख्या कम करने के फैसले का सभी ने स्वागत किया है। गैर-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों को राजस्व घाटे की आशंका थी लेकिन वित्त मंत्री ने उनके डर को दूर कर दिया है। वैसे भी, ये राज्य खुद को इस प्रक्रिया में बाधा डालने वालों की तरह नहीं दिखना चाहते थे। आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, इस सुधार से इस वित्त वर्ष में लगभग 48,000 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा होने की उम्मीद है। यह प्रतिमाह लगभग 8,000 करोड़ रुपये होगा जो बहुत अधिक नहीं है। यह आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि जिन वस्तुओं पर अब 5 फीसदी कर लगेगा, उनकी खपत कुछ हद तक बढ़ने की संभावना है जिससे इस नुकसान की भरपाई होगी क्योंकि इस श्रेणी की अधिकांश वस्तुओं की खपत में कीमत का बहुत असर होता है। वैसे भी, 12 फीसदी स्लैब वाली वस्तुओं से कुल राजस्व का केवल 5 फीसदी ही आता था ऐसे में दर कम करने से केवल मामूली असर पड़ेगा। हालांकि, 28 फीसदी की श्रेणी को केवल 'अहितकर वस्तुओं' तक सीमित करने से, विशेष रूप से निर्माण सामग्री, वाहनों और उनके कलपुर्जों पर दरों में कमी से राजस्व पर असर पड़ सकता है। ऐसे में कोई हैरानी की बात नहीं है कि गैर-राजग शासित राज्यों ने अपनी आशंकाएं जताई हैं। कुछ मामलों में, यह उनके राजकोषीय संतुलन या पूंजीगत व्यय को प्रभावित कर सकता है और यह देखना बाकी है कि वे कैसे इसे कैसे समायोजित करेंगे। जीएसटी में केवल दो मुख्य दरों को बरकरार रखना एक महत्त्वपूर्ण कदम है, लेकिन यह ध्यान देना जरूरी है कि यह तंत्र अब भी समस्याओं से घिरा हुआ है। आदर्श रूप से छूट के अलावा, एक ही दर पर जीएसटी लगाने से कई प्रशासनिक और अनुपालन संबंधी समस्याएं खत्म हो जाती हैं और इसके कारण विकृतियां भी कम हो जाती हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि 2000 के बाद से किसी न किसी रूप में वैट अपनाने वाले 81 फीसदी देशों ने एकल दर को प्राथमिकता दी है। हालांकि जीएसटी में 12 फीसदी श्रेणी को खत्म करके दो मुख्य दरों को अपनाने के बाद भी कुछ समस्याएं बनी रहेंगी। निचली दर पाने के लिए लॉबिइंग को प्रोत्साहित करने के अलावा 5 फीसदी और 18 फीसदी के बीच का बड़ा अंतर वस्तुओं के गलत वर्गीकरण का कारण बन सकता है जिससे अक्सर मुकदमेबाजी की स्थिति बनती है। ऐसे भी उदाहरण होंगे जहां प्रचलित दरों व्युत्क्रम या उलटी शुल्क संरचना की स्थिति बना सकती हैं, खासकर परिधान, जूते, ट्रैक्टर, उर्वरक, दवाएं और खाद्य तेल जैसी वस्तुओं में।

# संघ का पंच परिवर्तन: राष्ट्रीय विकास के लिए पारिवारिक प्रबोधन क्यों आवश्यक

**अकेलापन, अवसाद और चिंता, ये सभी पारिवारिक सहयोग की कमी के परिणाम हैं। बच्चों और बुजुर्गों की अक्सर उपेक्षा की जाती है, जिसका उनके भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। बच्चे वीडियो देखने और बातचीत करने के लिए सोशल मीडिया ऐप्स के क्षणिक आकर्षण, ऑनलाइन गेमिंग, किशोरावस्था में यौन संबंध, ड्रग्स, शराब और धूम्रपान की ओर आकर्षित होते हैं, जो इस उम्र में नई सामान्य बात हो गई है। अवसाद, चिंता और घबराहट के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। आत्महत्या की दर में वृद्धि हुई है। सामाजिक ताने-बाने का कमजोर होना: सामाजिक ताना-बाना क्षीण हो गया है और लोग दूसरों की और सामाजिक समस्याओं के प्रति चिंता को सतही तौर पर प्रदर्शित करते हैं। विश्वास की कमी बढ़ी है। सामाजिक मानदंड और एक-दूसरे की मदद करने की प्रवृत्ति में कमी आई है। वृद्धजनों के साथ दुर्व्यवहार में वृद्धि: वृद्धजनों के प्रति सम्मान और देखभाल की कमी परित्याग और उपेक्षा का कारण बनती है। वरिष्ठ नागरिकों का वित्तीय और भावनात्मक शोषण तेजी से प्रचलित हो रहा है।**

संयुक्त परिवार, संगठित परिवार, सुरक्षित परिवार, समृद्ध परिवार, रचनात्मक परिवार, सुखी परिवार, स्वस्थ परिवार'' संघ के पारिवारिक प्रबोधन अभियान के प्राथमिक उद्देश्य और लक्ष्य हैं। वैश्वीकरण, पश्चिम की अविवेकपूर्ण नकल, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग, भौतिकवाद, आत्मकेंद्रित मानसिकता आदि भारतीय परिवार व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। यह समझते हुए कि इन परिवर्तनों की गति, जो भारतीय संस्कृति की आदर्श परिवार व्यवस्था के विपरीत हैं, तेज़ हो रही है, संघ ने अपने पंच परिवर्तन कार्यक्रम में पारिवारिक प्रबोधन अभियान शुरू किया है। परिवार प्रबोधन गतिविधि का लक्ष्य भारतीयों की अगली पीढ़ी का निर्माण करना है जो अपने राष्ट्र को प्राथमिकता दें।

भारतीय समाज की पहचान संयुक्त परिवार व्यवस्था द्वारा की गई थी जो विश्व में अद्वितीय है। वर्तमान युग में, इसकी जगह एकल परिवार व्यवस्था ने ले ली है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक व्यक्तिगतता आई है। शहरीकरण और मैकाले की शिक्षा प्रणाली सहित कई कारणों ने भारतीय परिवार व्यवस्था में एकलीकरण और असांस्कृतिक परिवर्तन को बढ़ावा दिया है। सही मायने में, परिवार अलग-थलग नहीं हो सकते, बल्की पारिवारिक गतिशीलता को अक्सर उनके सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों के प्रकाश में सबसे अच्छी तरह समझा जा सकता है। भारतीय संस्कृति परिवार की संरचना को उसके प्रकार, आकार और स्वरूप में परिवर्तन करके प्रभावित करती पाई गई है। जैसे-जैसे एकल परिवार व्यवस्था लोकप्रिय हुई, 'केवल दंपत्ति' परिवारों की संख्या बढ़ी। देश में तलाक की बढ़ती दरों के साथ-साथ एकल माताओं की संख्या भी बढ़ी है। विस्तारित परिवार (एक या अधिक माता-पिता या रिश्तेदार) भी प्रचलित हैं। एकल-माता वाले परिवारों (5.4%) की संख्या एकल-पिता वाले परिवारों से अधिक है। संयुक्त से एकल परिवार की ओर बदलाव: पहले, संयुक्त परिवार आम थे, जहाँ कई पीढ़ियाँ एक साथ रहती थीं। एनएफएचएस-5 के आंकड़ों के अनुसार, 2019-21 में भारत में एकल परिवारों का अनुपात 58.2% था। यह स्वायत्तता को बढ़ावा देता है, जबकि परिवार के बुजुर्गों का अलगाव बढ़ाता है और पारिवारिक बंधनों को कमज़ोर करता है। दम्पतियों के बीच बढ़ती हुई जटिल समस्याएँ तनाव, अनावश्यक विवाद और टकराव, अस्त-व्यस्त दिनचर्या, बच्चों को संभालने में कठिनाई और कम उम्र में बच्चों में नैतिक मूल्यों की शिक्षा में कमी का कारण बनती हैं। प्रेम विवाह और लिव-इन संबंधों का उदय: प्रेम विवाह में कुछ भी गलत नहीं है लेकिन कई स्थितियों में लव जिहाद और झूठी पहचान जैसी कपटपूर्ण तकनीकों का उपयोग लड़की के जीवन को नुकसान पहुँचाने के लिए किया जाता है। एक और हानिकारक मिसाल ''लिव-इन रिलेशनशिप'' है, जो व्यक्तियों, परिवारों और समाज को अतिरिक्त नुकसान पहुँचा रही है और साथ ही भारतीय संस्कृति को भी नष्ट कर रही है। नए पारिवारिक ढाँचों की स्वीकृतिः विधायी परिवर्तनों के बाद एकल-अभिभावक, साथ रहने वाले और ख्र्क्क्ठ्ठड+ परिवारों की संख्या में वृद्धि हुई है। निःसंतान दंपत्ति बच्चे पैदा न करने का विकल्प चुनते हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की 31% से अधिक जनसंख्या शहरों में रहती है और अधिक लोग बेहतर शिक्षा और रोज़गार के अवसरों की तलाश में प्रवास कर रहे हैं। 2023-24 में, भारत की महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर 32.68% थी। सहानुभूति, सामाजिक संबंधों और पारंपरिक सहायता तंत्रों के टूटने से अलगाव और सामाजिक विखंडन बढ़ रहा है। व्यक्तिगत स्वार्थ पारिवारिक बंधन, उन लोगों की देखभाल और उनके साथ साझा करने की संस्कृति को नष्ट कर रहा है जिनकी हम परवाह करते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं में वृद्धिः अकेलापन, अवसाद और चिंता, ये सभी पारिवारिक सहयोग की कमी के परिणाम हैं। बच्चों और बुजुर्गों की अक्सर उपेक्षा की जाती है, जिसका उनके भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। बच्चे वीडियो देखने और बातचीत करने के लिए सोशल मीडिया ऐप्स के क्षणिक आकर्षण, ऑनलाइन गेमिंग, किशोरावस्था में यौन संबंध, ड्रग्स, शराब और धूम्रपान की ओर आकर्षित होते हैं, जो इस उम्र में नई सामान्य बात हो गई है। अवसाद, चिंता और घबराहट के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। आत्महत्या की दर में वृद्धि हुई है। सामाजिक ताने-बाने का कमजोर होना: सामाजिक ताना-बाना क्षीण हो गया है और लोग दूसरों की और सामाजिक समस्याओं के प्रति चिंता को सतही तौर पर प्रदर्शित करते हैं। विश्वास की कमी बढ़ी है। सामाजिक मानदंड और एक-दूसरे की मदद करने की प्रवृत्ति में कमी आई है। वृद्धजनों के साथ दुर्व्यवहार में वृद्धिः वृद्धजनों के प्रति सम्मान और देखभाल की कमी परित्याग और उपेक्षा का कारण बनती है। वरिष्ठ नागरिकों का वित्तीय और भावनात्मक शोषण तेजी से प्रचलित हो रहा है। संकट प्रबंधन क्षमता में कमीः परंपरागत रूप से संयुक्त परिवार संकट के समय वित्तीय और भावनात्मक सहायता प्रदान करते थे। एकल परिवारों में इन सुरक्षा कवचों का अभाव होता है, जिससे वे आपात स्थितियों के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं जिससे तनावपूर्ण और घबराहट की स्थिति पैदा होती है। नैतिक नेतृत्व का अभावः मजबूत पारिवारिक मूल्यों और माता-पिता के नेतृत्व का अभाव अक्सर युवाओं को भटका देता है। नकारात्मक प्रभावों से अपराध और विचलित व्यवहार की घटनाओं में वृद्धि होती है। पारिवारिक मूल्यों के पालन में कमी आने पर तलाक की दर बढ़ जाती है। समझौता और सहयोग तंत्र का अभाव वैवाहिक स्थिरता को कमज़ोर करता है। नैतिकता और नैतिक सिद्धांतों में गिरावटः व्यक्तिवाद और भौतिकवादी गतिविधियों की ओर रुझान नैतिक सिद्धांतों को कमज़ोर करता है। बेईमानी, सहानुभूति का अभाव और लालच तेज़ी से आम होते जा रहे हैं। सांस्कृतिक और पारंपरिक प्रथाएँ कमज़ोर हो रही हैं, पारिवारिक रीति-रिवाज़ों, परंपराओं और त्योहारों की अनदेखी हो रही है। युवा पीढ़ी अपने मूल और इतिहास से दूर होती जा रही है। बच्चों में कमजोर भावनात्मक विकासः गलत वातावरण में पले-बढ़े बच्चों में भावनात्मक लचीलेपन की कमी होती है। आदर्शों और पर्यवेक्षण की कमी उनके मनोवैज्ञानिक विकास को प्रभावित करती है। वे गलत आदर्शों का अनुसरण करने लगते हैं, जो उन्हें गलत रास्ते या अतिवादी आक्रामक मानसिकता की विचारधारा की ओर ले जाता है, जो संविधान और ''भारत के विचार'' के विरुद्ध है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा कि भारत में परिवार की अवधारणा लुप्त होती जा रही है क्योंकि समाज ''एक व्यक्ति, एक परिवार'' के दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में समतोला देवी (68) और उनके सबसे बड़े बेटे कृष्ण कुमार के बीच संपत्ति विवाद को संदर्भ के रूप में देखा जा सकता है। माता-पिता ने 2007 के माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम के तहत अपने बेटे को बेदखल करने की कोशिश की। ''वसुधैव कुटुम्बकम'' (विश्व एक परिवार है) के भारतीय दर्शन के बावजूद, परिवार के प्रत्यक्ष सदस्यों के बीच सामंजस्य कम होता जा रहा है। दूसरी ओर, संस्कृति का परिवारों पर कोई बाहरी निष्क्रिय प्रभाव नहीं पड़ता; बल्कि, परिवार अपने सदस्यों को सांस्कृतिक मूल्यों को हस्तांतरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। माता-पिता अपने बच्चों को सीखने, आत्मसात करने और सांस्कृतिक रूप से जागरूक बनाने में मदद करने के लिए गुप्त और प्रत्यक्ष दोनों तरह की रणनीतियों का उपयोग करते हैं। सामाजिक अधिगम की अवधारणाएँ परिवार के सदस्यों को अपने और दूसरों के आचरण को संशोधित करने में मदद करती हैं। इस प्रक्रिया के दौरान, वैश्विक और भारतीय मानदंडों और मान्यताओं को परिवार की आवश्यकताओं के अनुरूप ढाला जा सकता है, जिससे ''पारिवारिक मूल्यों'' का एक समूह तैयार होता है- परिवार के लिए विशिष्ट सामाजिक मानदंडों का एक उपसमूह। यह विचार प्रदान करने का प्रयास किया जाता है कि प्रत्येक परिवार में कम से कम छह वस्तुएँ सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त होनी चाहिएः भजन, भोजन, भाषा, भूषा (वस्त्र), भवन और भ्रमण (यात्रा)।

पारिवारिक मूल्यों के बिना आर्थिक प्रगति का कोई अर्थ नहीं है और विकास केवल दिखावटी होगा। इसलिए, इस शानदार सभ्यता के सदस्य होने के नाते, हमें अपने परिवारों और समाज, दोनों में पारिवारिक मूल्यों को सिखाने की पहल करनी चाहिए। केवल संघ द्वारा इन मुद्दों पर काम करने से ये पूरी तरह से ठीक नहीं होंगे, लेकिन समाज का सहयोग निःस्संदेह हमारे परिवार, समाज और राष्ट्र को फिर से महान बनाने में सकारात्मक प्रभाव डालेगा।

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

# वक्फ बोर्ड की मनमानी पर लगाम और देशहित की दिशा

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत की न्यायपालिका का एक गौरवशाली इतिहास रहा है कि उसने हमेशा संविधान को सर्वोच्च मानते हुए निर्णय दिए हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर जो अंतरिम फैसला सुनाया, उसने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि किसी भी धार्मिक संस्था को संविधान और कानून से ऊपर नहीं माना जा सकता। यह फैसला भले अभी अंतिम न हो, लेकिन इसमें दी गईं टिप्पणियाँ और निर्देश वक्फ बोर्ड की दशकों से चली आ रही मनमानी पर अंकुश लगाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, आगे के लिए अब ये तय है।

भारत में वक्फ संपत्तियों का दायरा किसी भी निजी या सरकारी संस्थान से बड़ा है। वक्फ बोर्ड के पास देशभर में लगभग 8 लाख से अधिक पंजीकृत संपत्तियाँ और 5 लाख एकड़ से अधिक जमीन है। यह क्षेत्रफल गोवा या सिक्किम जैसे छोटे राज्यों के आकार से भी बड़ा है। इतनी विशाल संपत्ति का प्रबंधन यदि पारदर्शी और जिम्मेदार तरीके से होता, तो इससे मुस्लिम समाज के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्र में क्रांति आ सकती थी। लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। अब तक अलग अलग कई रिपोर्ट सामने आ चुकी हैं, जिसमें यह माना गया है कि वक्फ बोर्ड की हजारों संपत्तियाँ या तो अतिक्रमित हैं या उनका इस्तेमाल उद्देश्य के विपरीत हो रहा है।

2009 में कर्नाटक वक्फ बोर्ड घोटाला सामने आया था, जिसमें 2000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियाँ औने-पौने दाम पर बेच दी गई थीं। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में भी वक्फ बोर्डों पर जमीनों को अवैध रूप से किराये पर देने और निजी लाभ कमाने के आरोप बार-बार उठते रहे हैं। इन उदाहरणों से साफ है कि वक्फ संपत्तियाँ केवल धार्मिक-सामाजिक सेवा का माध्यम न रहकर विवाद, भ्रष्टाचार और राजनीति का अड्डा बन चुकी थीं। संसद में जब वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पेश हुआ, तो सत्तापक्ष ने यह स्पष्ट किया कि वक्फ बोर्डों की अनियंत्रित शक्तियों को सीमित करना जरूरी है। कई सांसदों ने उदाहरण देकर बताया कि कैसे सरकारी अस्पताल, रेलवे स्टेशन और स्कूलों की जमीनों को वक्फ घोषित कर दिया गया।

एक सांसद ने सदन में यहां तक कह दिया था, ''यह कैसी व्यवस्था है कि कोई भी बोर्ड यह तय कर दे कि यह जमीन वक्फ की है और असली मालिक को सालों तक अदालतों के चक्कर काटने पड़ें विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि वक्फ संपत्तियों का सही सर्वेक्षण हो, उनका मालिकाना हक स्पष्ट हो और बोर्ड मनमाने ढंग से किसी भी जमीन पर दावा न कर सके। इसके बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने यह स्वीकार किया कि संसद द्वारा पारित कानून की संवैधानिकता का अनुमान हमेशा उसके पक्ष में होता है। इसका अर्थ है कि जब तक कानून स्पष्ट रूप से असंवैधानिक न हो, तब तक अदालत उसे निरस्त नहीं कर सकती। अदालत ने अंतरिम आदेश में तीन अहम बातें कहीं हैं, कलेक्टर की भूमिका बनी रहेगी, वक्फ बोर्ड के दावों की जाँच अब प्रशासनिक स्तर पर भी होगी। एएसआई सर्वेक्षण पर रोक नहीं है, अतः पारदर्शिता और प्रमाण आधारित दावों को बढ़ावा मिलेगा। लिमिटेशन एक्ट लागू होना चाहिए, ताकि नागरिकों और संस्थाओं को अनिश्चितकाल तक मुकदमों के दलदल में न फँसना पड़े। यह दृष्टिकोण न केवल संविधान की भावना के अनुरूप है बल्कि यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा भी करता है। भारत में केवल वक्फ बोर्ड ही ऐसा नहीं है जिसके पास धार्मिक संपत्तियों का प्रबंधन है। हिंदू मंदिरों और सिख गुरुद्वारों का भी बड़ा नेटवर्क है। लेकिन उनके संचालन में सरकार का नियमन अधिक स्पष्ट है। दक्षिण भारत के कई बड़े मंदिरों (जैसे तिरुपति) का प्रबंधन राज्य सरकार की निगरानी में है।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी भी पंजाब सरकार और अदालतों के दिशा-निर्देशों के अधीन काम करती है। तो फिर वक्फ बोर्ड को विशेषाधिकार क्यों मिले यही सवाल सुप्रीम कोर्ट और संसद दोनों के सामने था। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से वक्फ बोर्ड की सबसे बड़ी शक्ति उसकी मनमाने ढंग से संपत्तियों को वक्फ घोषित करने पर लगाम कस दी है। अब किसी भी संपत्ति पर दावा करने से पहले दस्तावेजी प्रमाण और प्रशासनिक जाँच आवश्यक होगी। यह कदम उन लाखों नागरिकों के लिए राहत है जिनकी निजी या पैतृक जमीनों पर वर्षों से वक्फ के झूठे दावे चल रहे हैं। स्वभाविक है कि जब संपत्तियों पर धार्मिक विवाद कम होंगे तो समाज में सौहार्द बढ़ेगा।

## सेहत मंत्र

# हींग को जरूर करें खाने में शामिल मिलेंगे जबरदस्त फायदे


अगर आप उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं तो हींग आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। हींग को एक प्राकृतिक ब्लड थिनर के रूप में जाना जाता है, जो रक्तचाप के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। इसमें कोमेरिन नामक तत्व पाया जाता है जो रक्त के प्रवाह को बेहतर बनाने में सहायक है, जिससे थक्कों के गठन को रोका जा सकता है। चुटकी भर हींग की महक पूरी किचन को खुशबूदार बना देती हैं। अक्सर महिलाएं अपनी सब्जी में हींग का इस्तेमाल जरूर करती हैं। ऐसा माना जाता है कि हींग के इस्तेमाल से पाचन तंत्र सही रहता है और व्यक्ति को गैस व अन्य पेट संबंधी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता। वैसे हींग सिर्फ आपके पाचन तंत्र का ही ख्याल नहीं रखती, बल्कि इससे आपको अन्य भी कई तरह के लाभ होते हैं। हींग में एंटीइंफलेमेटरी, एंटी वायरल और एंटीबायोटिक तत्व पाए जाते हैं, जिसके कारण यह श्वसन विकारों जैसे अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, सूखी खांसी आदि में फायदेमंद होती है। इतना ही नहीं, इसके कारण चेस्ट कंजेशन और बलगम भी आसानी से बाहर आ जाता है। छाती से बलगम बाहर निकालने के लिए हींग को पानी में मिलाकर एक पेस्ट बनाएं और उसे अपनी छाती पर लगाएं। वहीं सांस संबंधी समस्याओं से राहत पाने के लिए आप हींग और सूखे अदरक के पाउडर को शहद के साथ मिक्स करके सेवन करें। अगर आप उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं तो हींग आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। हींग को एक प्राकृतिक ब्लड थिनर के रूप में जाना जाता है, जो रक्तचाप के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। इसमें कोमेरिन नामक तत्व पाया जाता है जो रक्त के प्रवाह को बेहतर बनाने में सहायक है, जिससे थक्कों के गठन को रोका जा सकता है। हींग का सेवन महिलाओं के लिए विशेष रूप से लाभदायी माना गया है। हींग पेट के निचले हिस्से और पीठ मे दर्द और ऐंठन को कम करने में आपकी मदद कर सकती है। हींग रक्त को पतला करके बेहतर तरीके से प्रवाह करने में मदद करती है।

## धर्म मंत्र

# तलाई वाले बालाजी का मंदिर में चोला चढ़ाने के लिए करना पड़ता है 22 साल इंतजार

वैसे तो श्रीराम भक्त हनुमान के बहुत सारे मंदिर हैं। लेकिन मध्यप्रदेश के मंदसौर में हनुमान जी का एक अनोखा मंदिर है। इस मंदिर को तलाई वाले बालाजी का मंदिर कहा जाता है। हालांकि यह मंदिर कितना प्राचीन है, इस बारे में जानकारी नहीं प्राप्त है। बताया जाता है कि पहले खुले चबूतरे पर स्थापित इस मंदिर के किनारे पर तलाई हुआ करती थी। इस वजह से मंदिर का नाम तलाई वाले बालाजी पड़ गया। इस मंदिर की खासियत है कि यहां पर भक्तों को चोला चढ़ाने के लिए 1-2 साल नहीं बल्कि पूरे 22 साल इंतजार करना पड़ता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि अगर आप इस मंदिर में मंगलवार या शनिवार के दिन चोला चढ़ाने के लिए बुकिंग करते हैं, तो आपको साल 2046 तक इंतजार करना होगा। क्योंकि मंगलवार 2024 को आपकी रसीद कटेगी, तो वहीं 22 साल बाद आप चोला चढ़ा पाएंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आखिर इस मंदिर में हनुमान जी को चोला चढ़ाने के लिए 22 साल इंतजार क्यों करना पड़ता है। तलाई वाले बालाजी मंदिर में मंगलवार और शनिवार के दिन राम रक्षा स्त्रोत का हवन कराने और भोग के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। धार्मिक मान्यका के अनुसार, जो भी व्यक्ति तलाई वाले बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना और अनुष्ठान करता है, उसके सभी कष्ट दूर होते हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी इस मंदिर में अनुष्ठान किया था।

## पर्यटन



# इतिहास और आधुनिकता को जानने के लिए नीमराना से बेहतर कुछ नहीं

राजस्थान के अलवर में दिल्ली-जयपुर राजमार्ग पर स्थित नीमराना शहर है। यह अपने शानदार नीमराना फोर्ट पैलेस के लिए प्रसिद्ध है। यह 1464 ईस्वी में एक महल बनाया गया था, जहाँ से राजपूत महाराजा पृथ्वी राज चौहान तृतीय ने शासन किया था। नीमराना किला को अब राजस्थान के सबसे पुराने धरोहर लक्जरी होटलों में तब्दील कर दिया गया है। लोगों को इतिहास और आधुनिकता के समामेलन का आनंद दिलाने के लिए किले का जीर्णोद्धार और विकास किया गया है। दिल्ली के पास एक शांतिपूर्ण और जादुई सप्ताहांत (वीकेंड) बिताने के लिए, नीमराना शहर विरासत, उत्सव और रंग प्रदान करता है साथ ही ये शहर प्रकृति की सुंदरता से घिरा हुआ है। यहां की प्रत्येक मूक बड़ी दीवार अपनी अलग वीरता की कहानी सुनाती है। विरासत की सैर का आनंद लेने के लिए नीमराना दिल्ली की भीड़ के बीच एक आदर्श स्थान के रूप में बहुत लोकप्रिय है और यहां पर जिप-लाइनिंग, तैराकी आदि जैसी गतिविधियां भी हैं। 15वीं शताब्दी का महल नीमराना किला अपार सौंदर्य का प्रतीक है। यह शहर अरावली पर्वतमाला में बसा है जो दुनिया के सबसे पुराने गुना पहाड़ हैं। आधुनिकता और इतिहास का समावेश करके अब इस जगह को पर्यटक स्थल में तब्दील कर दिया गया है ताकि सरकार को इससे लाभ भी मिल सके। इसीलिए इस किले को एक लक्जरी रिसॉर्ट में बदल गया ये महल कभी राजपूत महाराजा पृथ्वी राज चौहान ऋक्क के शासन के अधीन था। 1464 में निर्मित, यह राजा के वंशजों की तीसरी राजधानी बन गया। राजसी किला पहाड़ी के ऊपर 10 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करता है। यह पारंपरिक राजस्थानी और आधुनिक शैली के आंतरिक मिश्रण को प्रदर्शित करता है। जब से इस महल को जनता के लिए खोला गया है तब से ये महल सप्ताहांत के लिए पसंदीदा जगह बन गया है। दिल्ली-जयपुर राजमार्ग जैसी अच्छी लोकेशन पर स्थित नीमराना दिल्ली और राजस्थान के लोगों को आकर्षित करता है। पैलेस ने अपने राजस्थानी और फ्रेंच व्यंजनों के लिए एक अच्छी प्रतिष्ठा अर्जित की है।

# भव्यता व धूमधाम से मनाई गयी भगवान विश्वकर्मा की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिले भर में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूम धाम से परंपरागत श्रद्धा पूर्वक मनाई गई।

निंदूरा'' विकास क्षेत्र में बुधवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। श्रद्धालुओं ने आस्था और उत्साह के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि विश्वकर्मा पूजा से व्यक्ति में नई ऊर्जा का संचार होता है और जीवन की रुकावटें दूर होती हैं। इसी दिन कल-कारखानों में विधिविधान से पूजा करने पर कारोबार में वृद्धि होती है और आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। इस अवसर पर ग्राम टिकैतगंज में सुनील विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, सनी विश्वकर्मा सहित दुकानदारों ने भजन-कीर्तन, हवन-पूजन और कथा का आयोजन किया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा से व्यापार में उन्नति एवं सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।






''जैदपुरः'' विकास खंड हरख क्षेत्र स्थित जैदपुर विद्युत उपकेंद्र 33/11 पर बुधवार को भगवान विश्वकर्मा की पूजा धूमधाम से संपन्न हुई। यह आयोजन अवर अभियंता प्रवेज मिर्ज़ा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। पूजा के लिए उपकेंद्र को विशेष रूप से सजाया गया था। कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की आराधना के साथ-साथ सभी विद्युत उपकरणों की भी पूजा-अर्चना की। इस दौरान सुंदरकांड का पाठ भी किया गया।

''कस्बा सिद्धौर'' क्षेत्र के सेमरावां, केसरगंज,कोठी,आदि स्थानों पर बुधवार को कल कारखानों, प्रतिष्ठानों, दुकानों पर , व मिस्त्रियों आदि श्रद्धालुओं ने विधि-विधान पूर्वक हवन पूजन कर विश्वकर्मा भगवान की पूजा आराधना कर प्रसाद वितरित किया। क्षेत्र में जगह- जगह कीर्तन भजन आयोजित हुए।

जिसका लोगों ने आनंद लिया। हवन पूजन व विश्वकर्मा भगवान के जयकारों से वातावरण भक्तिमय रहा।

''बंदी का पुरवा '' जेबीएस इंस्टीट्यूट में विश्वकर्मा जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. अन्नपूर्णा एवं रेनू सिंह के नेतृत्व में विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

पूजा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा अध्यापकगण, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य महोदया ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भगवान विश्वकर्मा को विश्व के प्रथम शिल्पी और वास्तुकार के रूप में जाना जाता है। उनकी जयंती हमें तकनीकी ज्ञान, परिश्रम और सृजनात्मकता का संदेश देती है। पूजा,हवन एवं आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम में कॉलेज परिवार के सभी सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए और वातावरण श्रद्धामय बना रहा।

# देवा रेंज की शाहपुर पौधशाला को प्रथम पुरस्कार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देवा, बाराबंकी। देवा रेंज अंतर्गत शाहपुर पौधशाला ने अयोध्या मंडल में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यहां सर्वाधिक 106 प्रजातियों के पौधे उगाकर पौधशाला ने मंडल की सभी पौधशालाओं को पीछे छोड़ दिया। इस उपलब्धि पर शाहपुर पौधशाला को वर्ष 2025 का जैव विविधता पौधशाला प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है।

समारोह में क्षेत्राधिकारी देवा मयंक सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पौधशाला में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वन दरोगा राजेश मिश्रा और माली शत्रोहनलाल को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया पुरस्कार वितरण के दौरान वन संरक्षक अयोध्या मंडल समीर कुमार ने कहा कि पौधशालाएं केवल पौधे उगाने का केंद्र नहीं बल्कि पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता को सुरक्षित रखने का मजबूत माध्यम हैं। उन्होंने प्रभागीय वन अधिकारी बाराबंकी आकाशदीप बधावन और पूरी देवा रेंज टीम की सराहना की गौरतलब है कि पूरे अयोध्या मंडल में सिर्फ शाहपुर पौधशाला ही जैव विविधता के तय मानकों पर खरी उतरी है। यहां दुर्लभ और स्थानीय दोनों किस्मों की प्रजातियों को संरक्षित कर हरियाली को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# अफवाहों पर ध्यान न दे, मिनटों में मिलेगी पुलिस सहायता : अभिमन्यु मल्ल

## कोतवाल की चौपाल ग्रामीणों को पढ़ाया गया जागरूकता का पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । अफवाहों के दौर में जागरूक रहना और कानून का पालन करना ही सुरक्षित समाज की पहचान है। कोतवाली हैदरगढ़ के प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल ने ग्राम भावनखेड़ा में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ड्रोन और चोरों से जुड़ी अफवाहों ने लोगों को परेशान कर रखा है। कई जगह लोग बिना पुष्टि के किसी को संदिग्ध मानकर पीटने जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जो बिल्कुल गलत है और कानून को अपने हाथ में लेने जैसा अपराध है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति होने पर नागरिक तुरंत 112 नंबर पर फोन करें, पुलिस की सहायता



मिनटों में उपलब्ध हो जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अफवाहों पर विश्वास कर किसी निर्दोष को नुकसान पहुँचाना समाज और कानून दोनों के लिए घातक है।ग्राम चौपाल के दौरान कोतवाल अभिमन्यु मल ने मौके पर ही नाली से जुड़ा पुराना विवाद भी आपसी सहमति से हल कराया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पुलिस हर वक्त जनता की सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है। ग्रामीणों से अपील की गई कि अफवाहों पर ध्यान न दें और जागरूक नागरिक बनकर समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखें।

# शारीरिक मजबूती से बड़ी है मानसिक दृढ़ता : सुश्री गरिमा पंत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पुलिस लाइन परिसर में प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक रामनगर सुश्री गरिमा पंत ने व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था की बारीकियों पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस का प्रथम कर्तव्य समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखना है। उन्होंने आरक्षियों को अनुशासन, शारीरिक दक्षता और व्यवहार-कुशलता के महत्व से भी अवगत कराया तथा व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि घटनास्थल पर त्वरित निर्णय लेना और जनता से बेहतर संवाद स्थापित करना एक पुलिसकर्मी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सीओ गरिमा पंत ने कहा कि वर्दी का गौरव केवल दिखावे में नहीं बल्कि अनुशासन, संवेदनशीलता और निष्पक्ष कार्यप्रणाली में निहित है। शारीरिक मजबूती जितनी जरूरी है, उतनी ही मानसिक दृढ़ता और नैतिक मूल्यों की समझ भी आवश्यक है। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा ल्लपुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं बल्कि जनता के प्रति उत्तरदायित्व और सेवा का संकल्प है। कठिन परिस्थितियों



## अनुशासन और सेवा के संकल्प के साथ सीओ गरिमा पंत ने प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को पढ़ाया नैतिकता का पाठ

में भी शांति, धैर्य और विवेक बनाए रखना ही एक सफल पुलिसकर्मी की पहचान है। जनता का भरोसा ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है, इसलिए आपकी हर कार्रवाई में पारदर्शिता और निष्पक्षता झलकनी चाहिए।ङ्क उन्होंने अंत में प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते हुए आह्वान किया कि वे अपने प्रशिक्षण काल को सुनहरे अवसर के रूप में लें और भविष्य में समाज के लिए आदर्श पुलिसकर्मी बनकर अपनी पहचान स्थापित करें।



## बरसाती पानी में भीग गए सरकारी कागजात, लापरवाही

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक परिसर में अधिकारियों की कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां फील्ड वाटर टेस्ट किट सहित कई महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज और बैंक के कागजात बारिश में भीगकर खराब हो गए ।इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह मामला सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र के ब्लॉक परिसर का है। ब्लॉक कार्यालय के बाहर बरामदे में खुले में रखे ये दस्तावेज पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश की चपेट में आ गए थे ।इसी परिसर में स्थित उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक शाखा सिरौलीगौसपुर के भी कई महत्वपूर्ण कागजात बाहर भीगते हुए पाए गए। इस लापरवाही के कारण सरकारी रिकॉर्ड और जांच किट दोनों को नुकसान पहुंचा है ।लगातार बारिश के बावजूद, इन दस्तावेजों को सुरक्षित स्थान पर रखने का ध्यान नहीं दिया गया। वीडियो वायरल होने के बाद भी, संबंधित अधिकारियों द्वारा इस मामले पर तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे महत्वपूर्ण सरकारी जानकारी के नष्ट होने का खतरा बना हुआ है ।खण्ड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता ने इस संबंध में बताया कि कमरे में पुताई का कार्य चल रहा है, जिस वजह से दस्तावेज बरामदे में बाहर रखे गए थे।

## मोबाइल से भरा बैग छीनकर फरार हुए बदमाश, पुलिस जांच में जुटी

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीतापुर जनपद के एक मोबाइल कंपनी के सेल्समैन से बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े मोबाइल से भरा बैग लूट लिया और मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच–पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना महमूदाबाद (जनपद सीतापुर) के पैंतेपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार महराजा मोबाइल कंपनी की दुकान पर बतौर सेल्समैन कार्यरत है। प्रमोद ने पुलिस को बताया कि बुधवार को वह बिक्री के लिए करीब 83 मोबाइल फोन लेकर निकला था। दोपहर के समय जब वह बाराबंकी जिले के कुर्सी थाना क्षेत्र में स्थित सेमरी गांव मोड़ के पास पहुंचा तो सूनसान स्थान पर पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया ।सेल्समैन के अनुसार बदमाशों ने पहले उसे धमकाया और फिर झोला छीनकर तेजी से फरार हो गए। बैग में करीब 83 मोबाइल फोन रखे हुए थे। घटना के बाद घबराए प्रमोद ने तुरंत 112 नंबर डायल कर पुलिस को मामले की जानकारी दी ।सूचना पाकर कुर्सी थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित सेल्समैन से विस्तृत जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि ''सेल्समैन से मोबाइल फोन लूट की घटना की जानकारी मिली है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।''

## विद्यायक की मौजूदगी मे सम्पन्न हुआ सेवा पखवाड़ा स्वच्छता अभियान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन और सरकार के स्तर पर सेवा कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी है वही भाजपा विद्यायक बाबूराम पासवान के नेतृत्व में ''सेवा पखवाड़ा'' अभियान का शुभारंभ हुआ विद्यायक और नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान ने सुबह ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यक्रम के तहत राम जानकी मन्दिर रामलीला में झाडू लगाकर साफ सफाई की इस अवसर पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने भी श्रमदान किया और सफाई के प्रति जागरूकता का संदेश दिया इस मौके पर विद्यायक बाबूराम पासवान, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, मानस शुक्ला, सूरज बाथम, नवनीत मिश्रा, प्रदीप मुखिया, गौरव गुप्ता, रितेश गुप्ता आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्म दिवस पर हुए विविध आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस विविध आयोजनों के मध्य धूमधाम से मनाया गया। रामनगरः तहसील क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन बड़े ही प्रेमपूर्वक पूजा पाठ कर एवं केक काटकर मनाया गया।इस विशेष अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक शरद अवस्थी द्वारा महादेवा में भगवान श्रीलोधेश्वर महादेव जी का रुद्राभिषेक व आरती पूजन पूर्ण कर लड्डुओं का भोग लगाकर मोदी जी की लंबी उम्र की कामना की गई।इस पूजन में क्षेत्र के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता व तमाम पदाधिकारी हर्षपूर्वक शामिल रहे। रामसनेहीघाट : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में बुधवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन अवसर पर एक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।मेले का उद्घाटन बनीकोडर मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अवधेश श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य मेले का अवलोकन किया। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ अमरेश वर्मा,नोडल अधिकारी डॉ रईस खान, डॉ रमेश, डॉ नगमा, डॉ सैफाली,अनुराग पाठक, मोहम्मद आरिज़,इसराइल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। जैदपुरः सीएचसी में नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम हुआ आयोजित, पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर लगाया गया स्वास्थ्य शिविर, मरीजों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी द्वारा की गई। बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर जिला उपाध्यक्ष रचना श्रीवास्तव मौजूद रही। इस मौके पर कार्यक्रम का मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम परिसर में लगाए गए स्टॉल पर सभी प्रकार की जांच व दवाएं उपलब्ध कराई गई। जिला उपाध्यक्ष रचना श्रीवास्तव द्वारा नवजात शिशुओं का टीकाकरण, अन्नप्रासन आदि कराया गय। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. जगदीश प्रसाद, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. नजमुल सिद्दीकी, डॉ. देवेश पटेल, डॉ साहिंदा खालिद, मुकेश कुमार, चीफ फार्मेसी राकेश कनौजिया, सरवन कुमार ज्योति गौतम, प्रीति चंद्रा, सरोज वर्मा तथा भाजपा मंडल महामंत्री आकाश गुप्ता, अजय वर्मा, रामदीन रावत, राजुकमार गुप्ता, रामदेव, राम तीरथ, अजय यादव, जगदेव यादव, उमेश सिंह, दशरथ लाल चौहान, पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी मसौली चतुर्थ राकेश वर्मा, वरिष्ठ नेता विनय प्रकाश वर्मा आदि लोग मौजूद रहें।

# परंपरा व शांति से ही सम्पन्न होंगे नवरात्र व दशहरा पर्व : सुश्री गुंजिता अग्रवाल

## पीस कमेटी की बैठक संपन्न , आयोजकों को दी गई नियमों की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। रामनगर थाना परिसर में आगामी नवरात्र एवं दशहरा पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम रामनगर गुंजिता अग्रवाल ने की। इस मौके पर सीओ गरिमा पंत, थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

बैठक में यह तय किया गया कि क्षेत्र में कोई नई परंपरा शुरू नहीं होगी और मूर्तियों की स्थापना केवल परंपरा के अनुसार ही होगी। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया कि मूर्ति विसर्जन केवल



निर्धारित घाटों पर ही किया जाएगा तथा हुड़दंग, शराबखोरी या किसी भी प्रकार का उपद्रव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने उपस्थित नागरिकों और समितियों से अपील करते हुए कहा कि ल्लपर्व आस्था और संस्कृति के प्रतीक हैं। इन्हें शांति, सौहार्द और जागरूकता के साथ मनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। पूजा व विसर्जन उसी परंपरा के अनुसार करें जिससे समाज में सौहार्द बना रहे और युवा पीढ़ी भी सही संदेश पाए।ङ्क बैठक में यह भी बताया गया कि क्षेत्र में इस वर्ष लगभग 90 मूर्तियां स्थापित होंगी, जिनका पूजन एवं विसर्जन पूरी तरह से पारंपरिक रीति-नीति के अनुसार ही किया जाएगा। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें।

# प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा की भव्य शुरुआत

## रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य अभियान और पोषण कार्यक्रमों में उमड़ा उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। प्रधानमंत्री मा0 श्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर बुधवार को जिले में सेवा पखवाड़ा का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री मा0 श्री सुरेश राही ने जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। शिविर में भाजयुमो जिला अध्यक्ष रोहित सिंह के नेतृत्व में युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया, जिसमें 40 से अधिक लोगों ने भागीदारी निभाई।

जिला अस्पताल में आयोजित इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव, उपजिलाधिकारी श्री आनंद कुमार तिवारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। शिविर में हरिकेश दीक्षित, दिनेश सिंह, अनमोल राजवंशी, शुभ सिंह वर्मा, श्रीपाल लोधी, सजल पाठक, सुरेंद्र यादव, सुधीर कुमार, तुफैल अहमद, मुकेश चौहान, अभिनव रस्तोगी, प्रमोद गोस्वामी, सुरजन चौहान सहित अनेक युवाओं ने रक्तदान कर सेवा का संदेश दिया। प्रभारी मंत्री मा0 श्री सुरेश राही ने जिला चिकित्सालय में स्वस्थ नारीऽसशक्त परिवार अभियान और राष्ट्रीय पोषण माह का भी शुभारंभ किया तथा प्रधानमंत्री का मध्य प्रदेश के धार जिले से प्रसारित सजीव संबोधन देखा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी ने समाज के हर वर्ग के उत्थान हेतु परिवर्तनकारी कदम उठाए हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने न केवल विकास की नई ऊँचाइयाँ प्राप्त की हैं बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पहचान भी दिलाई है जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। विधायक मा0 श्री साकेंद्र प्रताप वर्मा ने सीएचसी घूंघटर, प्रदेश के एससी/एसटी आयोग अध्यक्ष मा0 श्री बैजनाथ रावत ने सीएचसी सिद्धौर, पूर्व विधायक श्री शरद अवस्थी ने सीएचसी सूरतगंज, डॉ. रामकुमारी मौर्य ने सीएचसी देवा तथा श्री अमरीश रावत ने सीएचसी बड़ागांव में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। वहीं मुख्य कार्यक्रमों में एमएलसी व जिला प्रभारी मा0 श्री अवनीश सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अरविंद मौर्य, विधायक हैदरगढ़ मा0 श्री दिनेश रावत, श्री शिवेन्द्र विक्रम साही, पूर्व सांसद श्री उपेंद्र सिंह रावत, पूर्व एमएलसी श्री हरगोविंद सिंह, श्री संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, प्रमोद तिवारी, आशुतोष अवस्थी, शिवस्वामी वर्मा और अरुण रावत समेत अनेक जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही, जिससे कार्यक्रमों की गरिमा और भी बढ़ी।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों को प्रभारी मंत्री द्वारा सांकेतिक चेक भी प्रदान किए गए। इनमें श्रीमती शांति पत्नी अनीस, श्रीमती खुशबू पत्नी सौरभ, श्रीमती शांति देवी पत्नी अरविंद कुमार, श्रीमती वंदना पत्नी मुकेश कुमार और श्रीमती शिल्पा पत्नी मोनू शामिल रहीं। जिले में अब तक 10,651 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिल चुका है।

# विश्वकर्मा दिवस पर टूलकिट एवं डेमो चेक का हुआ वितरण, लाभार्थियों ने सुना सजीव प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी, कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मा0 विधायक हैदरगढ़ श्री दिनेश रावत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन उपस्थित रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी के संदेश का सजीव प्रसारण भी सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक सुना।कार्यक्रम में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी ट्रेड से संबंधित प्रशिक्षणार्थी सोनम सोनी, प्रीति सोनी, गुड्डी, कंचन देवी एवं मनोकामिनी को सिलाई टूलकिट प्रदान



की गई। साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत राधेश्याम विश्वकर्मा (फतेहपुर), मोनू कुमार (जहांगीराबाद), चंदन राज (एम.एम. बाराबंकी), नरेंद्र कुमार (भिटारिया), सुरेंद्र प्रजापति (टिंडोला), श्यामू (सराय बेलहरी), प्रदीप कुमार (सोमैय्या नगर), अर्चना यादव (बाराबंकी), आशा देवी (दरियाबाद), गौरव उपाध्याय (बाराबंकी), स्वाति पांडेय (टिकैत नगर) एवं अरुण शर्मा (फतेहपुर) को ऋण राशि का डेमो चेक प्रदान किया गया।अधिकारियों द्वारा लाभार्थियों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना, स्वरोजगार को बढ़ावा देना तथा स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है।इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से जेमिमा रोड्रिग्स बाहर, तेजल हसबनीस टीम में शामिल

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय महिला क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में बड़ा झटका लगा है। स्टार मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स वायरल इंफ़ेक्शन और कमजोरी के चलते शेष सीरीज से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह तेजल हसबनीस को टीम में शामिल किया गया है।

बीसीसीआई ने बुधवार को बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स के सीरीज से बाहर होने की जानकारी दी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम लगातार रोड्रिग्स की सेहत पर नजर रखेगी। दो हफ्ते बाद शुरू होने वाले आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 को ध्यान में रखते हुए उम्मीद की जा रही है कि रोड्रिग्स तब तक पूरी तरह फिट हो जाएंगी। हसबनीस अब तक खेले गए छह



वनडे मैचों में 46.66 की औसत से रन बना चुकी हैं। पहले वनडे में जेमिमा रोड्रिग्स ने 18 रन बनाए थे और भारतीय टीम को 281/7 का स्कोर दिलाने में योगदान दिया था। हालांकि, स्मृति मंधाना (आईसीसी वनडे बल्लेबाज रैंकिंग की नंबर-1 खिलाड़ी), प्रतीका रावल और हरलीन देओल के अर्धशतक के बावजूद भारत को हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया की ओर से फीबी लिचफील्ड और बेथ मूनी ने शानदार बल्लेबाजी कर टीम को जीत दिलाई।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की इस सीरीज का दूसरा वनडे आज मुल्लांपुर में खेला जा रहा है।

भारत का अपडेटेड वनडे स्क्वाड (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ): हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, सयाली सतघारे, राधा यादव, श्री चरनी, स्नेह राणा, उमा छेत्री (विकेटकीपर), तेजल हसबनीस। स्टैंडबाय खिलाड़ीः प्रेमा रावत, प्रिया मिश्रा।

## आठ भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल 2025 में बनाई जगह

एजेंसी

नई दिल्ली। आठ भारतीय निशानेबाजों ने इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फ़ेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप फाइनल 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो 04 से 09 दिसंबर तक कतर की राजधानी दोहा में होगा। डबल ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, एकमात्र भारतीय निशानेबाज़ हैं जिन्होंने दो इवेंट्स, महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और महिला 25 मीटर पिस्टल, में जगह बनाई है। यह साल का अंतिम आईएसएसएफ टूर्नामेंट होगा, जिसमें 12 व्यक्तिगत ओलंपिक इवेंट्स के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज़ों का चयन होता है। भारतीय निशानेबाज़ों ने उन 12 इवेंट्स में से पांच में क्वालीफाई किया है, जो दोहा में होने वाले इस सीज़न-एंडिंग प्रतियोगिता का हिस्सा होंगे। यह आईएसएसएफ प्राइज मनी इवेंट भी है। मनु भाकर के अलावा भारत की अगुवाई किशोरी सुरुचि सिंह करेंगी, जो इस साल की शूटिंग सनसनी साबित हुईं। उन्होंने महिला 10 मीटर एयर




पिस्टल में लगातार ब्यूनस आयर्स, लीमा और म्यूनिख में तीन स्वर्ण पदक जीतकर न केवल दोहा में जगह बनाई, बल्कि इस समय महिला एयर पिस्टल में विश्व नंबर-1 रैंक भी हासिल कर ली है। ओलंपियन ईशा सिंह ने भी चीन के निंगबो में चौथे और अंतिम आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में स्वर्ण जीतकर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में क्वालीफाई किया। अन्य क्वालीफाई करने वालों में पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्श बलासाहेब पाटिल शामिल हैं, जिन्होंने ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण जीतकर पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में स्थान पक्का किया। वहीं ओलंपियन अर्जुन बाबुता ने लीमा में रजत पदक हासिल कर इसी इवेंट में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। एशियाई चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त कौर समरा ने ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण जीतकर महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशन (3पी) इवेंट में क्वालीफाई किया। ओलंपियन विजयवीर सिद्धू ने भी उसी स्थान पर शानदार स्वर्ण जीतकर पुरुष 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल में जगह बनाई।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में मंधाना ने जड़ा भारत के लिए दूसरा सबसे तेज शतक

एजेंसी

मुल्लांपुर । उपकप्तान स्मृति मंधाना ने बुधवार को महाराजा यादविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए दूसरे वनडे में रिकॉर्ड तोड़ पारी खेली। उन्होंने भारत के लिए दूसरा सबसे तेज़ शतक जड़ा। इस दौरान कई रिकॉर्ड उनके बल्ले से ध्वस्त हो गए।

मंधाना एक दिन पहले ही महिला वनडे बल्लेबाज़ी रैंकिंग में नंबर-1 बनी थीं। भारत को पहले बल्लेबाज़ी का मौका मिला, तो मंधाना ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाज़ी करते हुए अपने वनडे करियर का 12वां शतक पूरा किया। उन्होंने इंग्लैंड की टैमी ब्यूमॉन्ट की 12 शतकों की बराबरी कर ली। मंधाना ने यह उपलब्धि मात्र 106 पारियों में हासिल की, जबकि




ब्यूमॉन्ट ने इसके लिए 130 पारियां ली थीं।

मैच में 29वें ओवर की पहली गेंद पर चौका जड़ते ही मंधाना ने सिर्फ 77 गेंदों में शतक पूरा किया। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में दूसरा सबसे तेज़ शतक है। यह भारत की ओर से भी दूसरा सबसे तेज़ शतक है, जो उनके ही नाम दर्ज है, जो उन्होंने इस साल राजकोट में आयरलैंड के खिलाफ 70 गेंदों पर जड़ा था। मंधाना महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में पहली खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने दो अलग-अलग कैलेंडर वर्ष में तीन या उससे अधिक शतक जड़े हैं। उन्होंने 2024 में चार शतक लगाए थे। 29 वर्षीय इस बल्लेबाज़ की पारी का अंत 33वें ओवर में हुआ, जब ताहलिया मैक्ग्रा की गेंद पर ऐश्ले गार्डनर ने उन्हें 117 (91 गेंद) रन के व्यक्तिगत स्कोर पर कैच कर लिया।

मैच से एक दिन पहले ही मंधाना ने आईसीसी रैंकिंग में फिर से नंबर-1 स्थान हासिल किया था। यह चौथी बार है जब वह इस स्थान पर पहुंची हैं। पहली बार वह जनवरी 2019 में शीर्ष पर पहुंची थीं और पिछली बार जुलाई 2025 में इस स्थान पर थीं। पहले वनडे में भी मंधाना ने 63 गेंदों पर 58 रन बनाए थे, जिसमें छह चौके और दो छक्के शामिल थे। इसी के साथ वह न्यूजीलैंड की एमी सदरवेट को पछाड़ते हुए वनडे में सातवीं सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज़ बन गईं। मंधाना के आउट होने के बाद भारत की पारी को आगे बढ़ाने में दीप्ति शर्मा (40 रन, 53 गेंद), ऋचा घोष (29 रन, 33 गेंद) और स्नेह राणा (24 रन, 18 गेंद) ने अहम भूमिका निभाई। उनकी बदौलत भारत ने 50 ओवर में 292 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

### आईसीसी टी20 रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती बने नंबर-1 गेंदबाज

नई दिल्ली। भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज़ी रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है। एशिया कप (यूएई) में किफायती गेंदबाज़ी करते हुए उन्होंने यह उपलब्धि अपने नाम की। 34 वर्षीय चक्रवर्ती यह मुकाम पाने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने हैं। इससे पहले जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई नंबर-1 की कुर्सी पर बैठ चुके हैं। चक्रवर्ती ने यूएई के खिलाफ दो ओवर में केवल चार रन देकर एक विकेट और पाकिस्तान के खिलाफ चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट झटका। इसके दम पर वे तीन स्थान की छलांग लगाकर शीर्ष पर पहुंचे। उन्होंने न्यूजीलैंड के जैकब डफी को पीछे छोड़ा, जो मार्च से नंबर-1 पर थे। एशिया कप में अन्य गेंदबाज़ों ने भी रैंकिंग में सुधार किया है। श्रीलंका के नुवान तुषारा छह स्थान चढ़कर छठे नंबर पर पहुंच गए। पाकिस्तान के सुफियान मुक़ीम चार स्थान की बढ़त के साथ 11वें, अबरार अहमद 11 स्थान की छलांग के साथ 16वें और भारत के अक्षर पटेल 12वें व कुलदीप यादव 23वें नंबर पर पहुंच गए।

## वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा ने फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी

टोक्यो। भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के पुरुष भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) इवेंट के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को हुए क्वालीफिकेशन राउंड में नीरज ने अपने पहले ही प्रयास में बिना किसी कठिनाई के फाइनल का टिकट कटाया। उन्होंने 84.50 मीटर की क्वालीफिकेशन मार्क को पार करते हुए 84.85 मीटर तक भाला फेंका और ग्रुप-ए में तीसरे स्थान पर रहे।

नीरज के प्रतिद्वंद्वी जूलियन वेबर ने शानदार 87.21 मीटर की थ्रो के साथ फाइनल में जगह बनाई, जबकि पोलैंड के डेविड वेगनर ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 85.67 मीटर के प्रयास के साथ दूसरा स्थान हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, गोल्ड के प्रबल दावेदार याकुब




वाडलेजक 84.11 मीटर के सीज़न बेस्ट प्रयास के बावजूद स्वचालित क्वालीफिकेशन मार्क से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे। भारत के ही सचिन यादव ने भी क्वालीफाई करने की कड़ी कोशिश की। उन्होंने पहले प्रयास में 80.16 मीटर थ्रो किया, जिसे सुधारते हुए दूसरे प्रयास में 83.67 मीटर तक पहुंचे। आखिरी प्रयास में उन्होंने 82.63 मीटर की दूरी तय की और ग्रुप-ए में छठे स्थान पर रहे। नीरज चोपड़ा 2023 में बुडापेस्ट में 88.17 मीटर की थ्रो के साथ विश्व चैंपियनशिप गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने उस समय 87.82 मीटर के साथ सिल्वर हासिल किया था। वर्तमान में नीरज विश्व नंबर-2 पर काबिज हैं और इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में लगातार तीसरा पदक जीतने की राह पर हैं।


नीरज ने इस साल अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पॉट्च इनविटेशनल में जीत के साथ सीज़न की शुरुआत की थी। इसके बाद मई में दोहा डायमंड लीग में उन्होंने 90.23 मीटर की ऐतिहासिक थ्रो के साथ पहली बार 90 मीटर के पार कदम रखा और दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा पोलैंड में जनुश कुसोसिंस्की मेमोरियल में भी वह दूसरे स्थान पर रहे। जून में उन्होंने पेरिस डायमंड लीग और ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक में लगातार खिताब जीते, जहां उनके सर्वश्रेष्ठ प्रयास क्रमशः 88.16 मीटर और 85.29 मीटर रहे।

## लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों ने कमाए 1.95 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद और अमेरिका-भारत व्यापार संबंधों में नरमी आने के संकेतों के कारण बाजार का सेंटीमेंट आज मजबूत होता हुआ नजर आया। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। पूरे दिन के कारोबार में खरीदारों और बिकवालों के बीच खींचतान चलती रही। इसके बावजूद शेयर बाजार लगातार मजबूती के साथ हरे निशान में ही कारोबार करता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.38 प्रतिशत और निफ्टी 0.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिनभर के कारोबार के दौरान सरकारी बैंकों के शेयरों में सबसे अधिक तेजी बनी



रही। इसी तरह ऑयल एंड गैस, ऑटोमोबाइल, आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में भी लगातार खरीदारी होती रही। इसके अलावा कैपिटल गुड्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर मेटल, एफएमसीजी, फार्मास्यूटिकल और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के शेयरों में आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब दो लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 464.82 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 462.87 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.95 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,328 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,415 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,740 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 173 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,804 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,602 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान और 1,202 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 125.71 अंक की मजबूती के साथ 82,506.40 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद खींचतान शुरू हो गई, जिसके कारण पूरे दिन इस सूचकांक की चाल ऊपर-नीचे होती रही। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स 361.26 अंक की तेजी के साथ 82,741.95 अंक तक पहुंचने में सफल रहा?। वहीं, बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 82,490.47 अंक तक गोता भी लगाया।


## उत्तर रेलवे

### नीलामी की जाने वाले वाहनों की सूचना

वाराणसी स्टेशन पर स्थित सर्कुलेटिंग एरिया में 65 दावा रहित दो पहिया वाहन रखे हुए हैं, जिनकी नियमानुसार नीलामी की जानी है। इन वाहनों के नम्बर, कम्पनी, इंजिन/चेंचिस नम्बर इत्यादि विवरण निम्नलिखित है।

नीलामी हेतु सर्कुलेटिंग एरिया में दावा रहित 65 स्कूटर/मोटर साइकिल/मोपेड/स्कूटी आदि दो पहिया वाहनों का विवरण।

| S. NO. | VEHICLE NO. | COMPANY | TYPE OF VEHICLE | ENGINE NO. | CHASSIS NO. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UP-65-AL-6692 | HERO PASSION+ | M/CYCLE | | MDLHA10EL8GH379 |
| 2 | UP-51-X-2495 | HERO SPLENDER | M/CYCLE | | 03B20F22573 |
| 3 | UP-65-AL-2312 | BAJAJ XCD | M/CYCLE | | MO-2DSJBZZRPD16453 |
| 4 | UP-57 | BAJAJ DISCOVER | M/CYCLE | | MD2DSPAZZUPM22599 |
| 5 | UP-62-H-5432 | HERO SPLENDER | M/CYCLE | | 03E20F10049 |
| 6 | | TVS SPORTS | M/CYCLE | | 03B20F22573 |
| 7 | UP-65-AZ-3997 | HONDA ACTIVA | SCOOTY | | ME41C448FB6308220 |
| 8 | UP-66-B-3953 | HERO SPLENDER+ | M/CYCLE | | 04E16F28986 |
| 9 | UAQ-1359 | KINETIK ZX | LUNA | | |
| 10 | UP-65-CB-0849 | PASSION PRO | M/CYCLE | | MBLHA10BSGHM5J07 |
| 11 | UP-65-AF-9375 | TVS SPORT | M/CYCLE | | 7625MF5874B03025 |
| 12 | UP-65-AW-9431 | HERO CD DELUX | M/CYCLE | | MDLHAHENA9M051 |
| 13 | UP-70-R-8831 | BAJAJ BOXER | M/CYCLE | | DFFBGD29884 |
| 14 | UP-67-D0944 | HERO SPLENDER | M/CYCLE | | 07M03F11963 |
| 15 | UP-65-T-1896 | HERO PASSION+ | M/CYCLE | | 01H21CO6262 |
| 16 | UP-66-U-8318 | BAJAJ PLETINA | M/CYCLE | | MD2A76AV3HRD68619 |
| 17 | UP-63-W-7416 | PASSION PRO | M/CYCLE | | MBLHA10BJFGD024M5 |
| 18 | UP-65-AV-2559 | PASSION PRO | M/CYCLE | | MBLHA10AHAGF03588 |
| 19 | UP-65-X-5740 | HERO PASSION | M/CYCLE | | 03G21C13150 |
| 20 | UP-61-R-2482 | PLETINA | M/CYCLE | | MD2A18AZXCR044560 |
| 21 | UP-93-N1846 | CT-100 | M/CYCLE | | DUFBLH87960 |
| 22 | UP-63-P-2182 | HERO CD DELUX | M/CYCLE | | MBLHA11ERCNA23863 |
| 23 | HR-06-Y-6318 | HERO HONDA | M/CYCLE | | MBLHA11ENC9B11152 |
| 24 | UP-66-4245 | BAJAJ PLETINA | M/CYCLE | | MD2DDDZZZTWD16951 |
| 25 | UP-45-U-6963 | HERO SPLENDER | M/CYCLE | | MBLHA12ACGHB22790 |
| 26 | UP-70-CW-2866 | TVS SPORT | M/CYCLE | | MD265MF53E3656070 |
| 27 | UP-70-AL-2130 | HERO HONDA | M/CYCLE | | |
| 28 | UP-62-AA-0759 | PASSION PRO | M/CYCLE | | MDLHA10EWB9F0208 |
| 29 | UP-63-D-1645 | BAJAJ QUASAKI | M/CYCLE | | DDF8HK52975 |
| 30 | UP-32-EK-8589 | PASSION | M/CYCLE | | MB2A13EZXCCE16101 |
| 31 | UP-67-L-9271 | TVS SPORT | M/CYCLE | | MD625MF56E3C1797 |
| 32 | UP-65-DE-4426 | TVS | M/CYCLE | | MD621DP1952C09668 |
| 33 | UP-60-H-7495 | HERO SPLENDER | M/CYCLE | | CH06AIF35211 |
| 34 | UP-70-AE-7298 | PASSION | M/CYCLE | | CH04L09C58849 |
| 35 | JH-01-BU-3077 | TVS 10 CITY | M/CYCLE | | MD625CF18F1G93667 |
| 36 | UP-54-E-5739 | HERO SUPER SPLE | M/CYCLE | | CH05E88F08287 |
| 37 | BRO-5A-8881 | BAJAJ CALIBER | M/CYCLE | | CHDDFBGB60164 |
| 38 | UP-65-4K-0103 | KINETIC | LUNA | | |
| 39 | UP-65-E-6862 | HERO SUPER SPLE | M/CYCLE | | CH05EAAC20642 |
| 40 | UP-65-BH-9522 | HONDA SINE | M/CYCLE | | ME4JC36JEC7055743 |
| 41 | UP-65-CU-6751 | PASSION PRO | M/CYCLE | | CH-MBLHAR188HHF2955 |
| 42 | | AVIATOR | SCOOTY | | |
| 43 | UP-65-DE-0335 | HONDA ACTIVA | SCOOTY | | CH-ME4JF50AFJU157892 |
| 44 | UP-65-AH-4297 | TVS SCOOTY | SCOOTY | | CH |
| 45 | UP-45-3549 | HERO CD 100 SS | M/CYCLE | | |
| 46 | UP-65-BN-3046 | HONDA SINE | M/CYCLE | | CH-ME4JC36JLD7698490 |
| 47 | UP-65-BN | SPLENDER NXG | M/CYCLE | | |
| 48 | UP-55-D-540 | HERO SPLENDER NXG | M/CYCLE | | |
| 49 | UP-65-X-4436 | HERO PASSION | M/CYCLE | | CH-03K09C069014 |
| 50 | UP-65-A-5172 | HERO HONDA | M/CYCLE | | CH9SM19F02836 |
| 51 | UP-65-A-7076 | HERO SPLENDER | M/CYCLE | | CH01G20C10991 |
| 52 | | TVS XL | LUNA | | CHMD621BD19B3C33496 |
| 53 | | HERO ACTIVA | SCOOTY | | |
| 54 | | BAJAJ SCHOOTER | SCOOTER | | |
| 55 | UP-71-AA-7218 | TVS VICTOR | M/CYCLE | | CHN3308F66091 |
| 56 | UP-65-B2-8252 | TVS APACHHEE | M/CYCLE | | MD634K242F2E3077 |
| 57 | PB-23-H9550 | BAJAJ PULSUR | M/CYCLE | | CHMD2DHDJ223CGA6215 |
| 58 | UP-65-AE-7926 | TVS STAR | M/CYCLE | | |
| 59 | UP-65-AY-5271 | HERO PULSUR | M/CYCLE | | |
| 60 | UP-70-BW-9837 | HONDA ACTIVA | M/CYCLE | | CHME4JE448FC7413553 |
| 61 | UP-45-53272 | HONDA SINE | M/CYCLE | | CHME4JC36JLC7227179 |
| 62 | UP-93-AD-7913 | BAJAJVESPA | SCOOTER | | |
| 63 | BR-33-A-0294 | | M/CYCLE | | BAJAJ QUASAKI |
| 64 | | HERO-CD-100 SS | M/CYCLE | | |
| 65 | UP-65-BU-1448 | ACTIVA | SCOOTY | | CHME10F502HEA218224 |

इन वाहनों से सम्बन्धित व्यक्ति इन्हें प्राप्त करने हेतु कृपया इस सूचना के प्रकाशित होने के 15 दिन के अन्दर वाहन से सम्बन्धित समस्त मूल पत्रों जैसे पंजीकरण प्रमाण–पत्र, बिल आदि के साथ वाणिज्य निरीक्षक, वाराणसी मो. नं. 9794830962 के कार्यालय में सम्पर्क करें। यदि इन वाहनों के सम्बन्ध में निर्धारित अवधि के अन्दर कोई वैधानिक दावा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो इन वाहनों की नियमानुसार सार्वजनिक नीलामी कर दी जायेगी।

2849/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मोदी के जन्मदिन पर देश विदेश से बधाई, शुभकामनाओं का तांता, देश भर में कार्यक्रमों के आयोजन

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्मदिन पर बुधवार को देश विदेश के राजनेताओं, समाज के विभिन्न क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और उनके शुभचिंतकों की ओर से बधाईयों और शुभकामनाओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सेवा पखवाड़े की शुरुआत की तथा पार्टी के कार्यकताओं ने देश भर में रक्तदान, स्वच्छता अभियान और जन सम्पर्क के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।

केंद्रीय शहरी विकास एवं जल शक्ति मंत्रालय ने आज से गांधी जयंती तक स्वच्छता उत्सव शुरू किया है। सरकारी विभागों ने इस दौरान कार्यालयों में पड़े इलेक्ट्राकि कचरे के नियमानुसार निस्तारण के साथ-साथ शिकायतों के निपटान, अनावश्यक फाइलों और सामानों की नीलामी कर जगह खाली करने का कार्यक्रम चलाया है। श्री मोदी दिन में मध्य प्रदेश के दौरे पर थे । उन्होंने वहां धार में सूती कपड़ा इकाइयों की स्थापना के लिए पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी महिला कल्याण के लिए 'स्वस्थ नारी , सश्क्त परिवार' और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम को वीडिया लिंक के जरिये देश भर में देखा गया। विदेश से श्री मोदी को बधाई देने वालों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन , इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लियेन , आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस और अन्य देशों के नेता शामिल हैं। इन नेताओं ने भारत के साथ सहयोग संबंध को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता प्रकट की है। श्री मोदी ने उनका आभार व्यक्त करते हुए द्विपक्षी संबंधों की मजबूती के लिए मिल कर काम करने की भारत की इच्छा दोहरायी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री मोदी के नाम अपने संदेश में कहा,''भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। परिश्रम की पराकाष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने असाधारण नेतृत्व से आपने देश में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने की संस्कृति का संचार किया है। आज विश्व समुदाय भी आपके मार्गदर्शन में अपना विश्वास प्रकट कर रहा है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ कि आप सदा स्वस्थ और सानंद रहें तथा अपने अद्वितीय नेतृत्व से राष्ट्र को प्रगति के नए शिखरों पर पहुंचाएं।'' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ''भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को उनके जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। अपने दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्र के प्रति समर्पण तथा अथक परिश्रम से मोदी जी ने भारत को नयी ऊर्ज़ा और नयी दिशा दी है। उन्होंने भारत का सामर्थ्य और सम्मान, पूरे विश्व पटल पर बढ़ाया है। विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी जी देश को आत्मनिर्भरता, विकास और समृद्धि की दृष्टि से मजबूती दे रहे हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर ऊर्ज़ा प्राप्त हो ताकि वह भारत को नयी ऊंचाइयों तक पहुँचाने में लगातार सफल सिद्ध हों।'' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, '' समस्याओं को दूरदृष्टि से देखना और उनका पूरी निष्ठा से समाधान करना मोदी जी के व्यक्तित्व की खासियत है। पूरा विश्व उन्हें प्रॉब्लम-सॉल्विंग लीडर मानता है। युद्धों, तनावों और ग्लोबल लॉबी के दौर में मोदी जी पूरी दुनिया के सामने संवाद-सेतु बनकर उभरे हैं। इसी कारण दुनिया के 27 देशों ने विश्व-मित्र मोदी जी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है। यह उनकी वैश्विक लीडरशिप का द्योतक है।'' दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा ''विकसित भारत के पथप्रदर्शक, हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की कोटि-कोटि शुभकामनाएँ। आपका जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना, अंत्योदय के संकल्प और आत्मनिर्भर भारत के विराट लक्ष्य की जीवंत अभिव्यक्ति है। आपने उन करोड़ों वंचित और उपेक्षित लोगों को आशा, सम्मान और अवसर दिया है, जो लंबे समय तक विकास की मुख्यधारा से दूर रहे। आज भारत आपके नेतृत्व में विश्व की सबसे तीव्र गति से उभरती हुई अर्थव्यवस्था और सशक्त लोकतंत्र के रूप में नयी ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। आपके अथक परिश्रम, अद्वितीय नेतृत्व और दूरदर्शी मार्गदर्शन ने प्रत्येक भारतीय के आत्मविश्वास और आत्मगौरव को अभूतपूर्व शक्ति प्रदान की है।'' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने श्री मोदी को आज जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके स्वस्थ रहने और दीर्घायु होने की शुभकामनायें दी हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनायें। उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।'' रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मुकेश अंबानी ने श्री मोदी को ''भगवान द्वारा भेजा गया अवतार पुरुष'' बताया और कहा , ''यह महज संयोग नहीं है कि उनका अमृत महोत्सव (75 साल का होना) देश के अमृतकाल में हुआ है। श्री मोदी एक ऐसे नेता हैं जो देश और देशवासियों के बेहतर भविष्य के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने पहले गुजरात को आर्थिक शक्तिकेंद्र बनाया और अब पूरे देश को वैश्विक महाशक्ति बना रहे हैं। तीन दशक से अधिक समय से श्री मोदी को करीब से जानना उनके लिए सौभाग्य की बात है। वह देश की आजादी को 100 साल पूरे होने तक पद पर बने रहें।'' फतेहपुर सीकरी स्थित दरगाह हजरत शेख सलीम चिश्ती के सज्जादा नशीन पीरजादा अरशद फ़रीदी ने श्री मोदी के जन्मदिन पर अपने एक लेख में कहा , ''सूफ़ीवाद का दर्शन न केवल मनुष्यों के बीच आध्यात्मिक दूरियों को कम करता है, बल्कि राष्ट्रों के बीच की दूरियों को भी मिटाता है। जिस खुलेपन के साथ श्री मोदी ने हाल ही में इस दर्शन की भारत की प्राचीन मान्यता 'वसुधैव कुटुम्बकम' (विश्व एक परिवार है) के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता का उल्लेख किया, वह अद्वितीय है।श्री मोदी का महत्व इस मायने में और भी बढ़ जाता है कि वह हमारे देश के पहले लोकतांत्रिक शासक हैं, जिन्होंने संघर्षग्रस्त विश्व को शांति और सद्भाव के महत्व का एहसास कराया है।'' गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने श्री मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित 'नमो अमृत महा स्वास्थ्य शिविर' पहुंच कर दिव्यांगों को साधन सहायता किट का वितरण किया। नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के मुख्य उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में विभिन्न प्रकार के मेडिकल हेल्थ चेक-अप तथा उपचार की सुविधायें उपलब्ध थीं। इनमें टीबी के लिए निःशुल्क स्क्रीनिंग, टेस्ट और एकीकृत उपचार, टीबी प्रभावित परिवारों के लिए पौष्टिक किट का वितरण, एनीमिया एवं सिकलसेल के लिए स्क्रीनिंग तथा मार्गदर्शन, स्तन एवं गर्भाशय के कैंसर की जांच, सामान्य स्वास्थ्य जांच और आवश्यक दवाइयों का वितरण शामिल हैं। श्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर महाराष्ट्र में अमरावती के अंबादेवी मंदिर में 75 दीपों की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। सांसद डॉ. अनिल बोंडे के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए एक भक्तिमय समारोह में 75 दीप प्रज्ज्वलित किये गये। इस दौरान मंदिर परिसर ''जय अंबादेवी'' और ''भारत माता की जय'' के जयकारों से भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

तिब्बत के धार्मिक गुरु दलाई लामा ने श्री मोदी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुये कहा, ''आने वाला वर्ष उनके लिए स्वास्थ्य, खुशियों और भारत को आगे ले जाने की शक्ति से भरपूर हो।सबसे लंबे समय तक भारत में रहने वाले अतिथि के रूप में, मैंने पिछले कुछ वर्षों में हुए दूरगामी विकास और समृद्धि को प्रत्यक्ष रूप से देखा है। मैं आपको हाल के दिनों में आपके बढ़ते आत्मविश्वास और शक्ति के लिए बधाई देता हूं। भारत की सफलता वैश्विक विकास में भी योगदान देती है।

# भारतीय सेना ने रामबन में बनाया 150 फीट का दो मंजिला अतिरिक्त चौड़ा बेली ब्रिज

एजेंसी



रामबन। हाल ही में हुई लगातार बारिश के कारण रियासी के रामबन क्षेत्र में करोल-मैत्रा मार्ग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बह गया। इसके बाद सेना की व्हाइट नाइट कोर के इंजीनियर सैनिकों ने रामबन के मेत्रा में 150 फीट का दो मंजिला अतिरिक्त चौड़ा बेली ब्रिज का निर्माण पूरा कर लिया है। एनएचएआई और नागरिक अधिकारियों के सहयोग से बनाए गए इस ब्रिज से रामबन में सड़क कनेक्टिविटी बहाल होगी।

व्हाइट नाइट कोर ने कहा कि यह पुल आवश्यक आपूर्ति, आपातकालीन सेवाओं और स्थानीय यातायात के सुचारू आवागमन को सुनिश्चित करते हुए महत्वपूर्ण संपर्क लिंक को बहाल करेगा। नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर आवश्यक सत्यापन के बाद पुल को खोल दिया जाएगा।सेना ने पुल के निर्माण सहित दूरदराज के स्थानों में समय पर चिकित्सा, पशु चिकित्सा और खाद्य आपूर्ति प्रदान की है। इस दौरान 5000 से भी ज्यादा लोगों को राहत प्रदान की गई और आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए दूरदराज के गांवों में कई चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए।

दरअसल, रामबन जिले में हाल ही में लगातार बारिश के कारण रामबन जिले को मुख्य भूमि से जोड़ने वाली करोल-मैत्रा रोड का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बह गया था। इससे दैनिक जीवन बाधित हो गया और स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से कनेक्टिविटी की तत्काल बहाली का अनुरोध किया। इस पर नागरिक प्रशासन ने भारतीय सेना से सहायता का अनुरोध किया। इसके बाद व्हाइट नाइट इंजीनियर्स की एक टीम तैनात की गई और उन्होंने 150 फुट ट्रिपल पैनल डबल स्टोरी एक्स्ट्रा वाइड रीइन्फोर्स्ड बेली ब्रिज के लॉन्च को अंजाम दिया, जिसे भारी यातायात वहन क्षमता सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। बीआरओ, एनएचएआई, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग रामबन और अन्य नागरिक एजेंसियों ने कार्य के शीघ्र निष्पादन में सहायता की। इसके अलावा परियोजना के तहत मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान किश्तवाड़, डोडा, रामबन, उधमपुर, रियासी, अखनूर, राजौरी और पुंछ जिलों को कवर करते हुए क्षेत्र में जारी रहा, जिससे मूसलाधार बारिश, भूस्खलन और बाढ़ से प्रभावित लोगों को समय पर राहत प्रदान की गई।

# आरडीएसओ ने की यूवीएएम की शुरुआत

एजेंसी

नई दिल्ली। अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) ने अपने वेंडर विकास और अनुमोदन प्रक्रिया की दक्षता में वृद्धि हेतु आईआरईपीएस पोर्टल पर 'एकीकृत विक्रेता अनुमोदन मॉड्यूल (यूवीएएम)' की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना, व्यावसायिक लेन-देन को सुव्यवस्थित करना और एमएसएमई तथा अंतर्राष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं सहित व्यापक वेंडर बेस को आकर्षित करना है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में, आरडीएसओ ने विकासात्मक स्त्रोत के तहत 131 नए वेंडरों को शामिल किया है और 23 वेंडरों को अनुमोदित वेंडर का दर्ज़ा प्रदान किया है। अपने अथक प्रयासों के तहत, आरडीएसओ ने संभावित वेंडरों से जुड़ने के लिए कई औद्योगिक प्रदर्शनियों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया है।

इन प्रयासों को जारी रखते हुए, भारतीय रेल के खरीद पारिस्थितिकी तंत्र में आपूर्तिकर्ताओं की भागीदारी को अधिक प्रोत्साहित करने के लिए आरडीएसओ 19-21 सितंबर, 2025 तक राजस्थान के भिवाड़ी में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित 12वें भारतीय औद्योगिक मेले में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। इस प्रदर्शनी के दौरान दो वेंडर मीट का आयोजन किया जाएगा। आरडीएसओ ने इस वर्ष फरवरी, 2025 में राजकोट, गुजरात में आयोजित 9वें भारतीय औद्योगिक मेले में भी भाग लिया था। नई यूवीएएम प्रणाली वेंडरों को ऑनलाइन पंजीकरण करने और लॉगिन क्रेडेंशियल की आवश्यकता के बिना मद विशिष्टियों, तकनीकी रेखाचित्रों और वेंडर निर्देशिकाओं जैसी महत्वपूर्ण जानकारी तक पहुँचने की अनुमति प्रदान करती है। नए वेंडर अब बिना किसी शुल्क के ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं और लॉग-इन किए बिना मद विशिष्टियों, रेखाचित्रों और वेंडर निर्देशिकाओं जैसी आवश्यक जानकारी तक पहुँच सकते हैं। डिजिटल आवेदन प्रक्रिया में ऑनलाइन आवेदन जमा करना, दस्तावेजों का सत्यापन, क्षमताओं का आकलन और यदि आवश्यक हो, तो प्रोटोटाइप या नमूनों का परीक्षण करना शामिल है। सफल आवेदकों को शुरू में 'विकासात्मक श्रेणी' के वेंडरों के रूप में सूचीबद्ध किया जाता है तथा बाद में संतोषजनक प्रदर्शन करने के पश्चात उन्हें 'अनुमोदित वेंडर' का दर्ज़ा दिया जाता है। आरडीएसओ के ये प्रयास भारतीय रेल के उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को बनाए रखने में मदद करेंगे, साथ ही आपूर्तिकर्ताओं के लिए आसान भागीदारी को भी सुगम बनाएंगे।

# मोदी की पगड़ियां देती हैं राष्ट्रीय एकता का संदेश

एजेंसी




नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में हर स्वतंत्रता दिवस पर ऐतिहासिक लाल किले से राष्ट्र के नाम उनके संबोधन के अवसर पर उनके भाषण के विभिन्न बिंदुओं के साथ उनकी पगड़ी की चर्चा एक अनिवार्य विषय रहती है।

श्री मोदी हर बार अलग-अलग शैली और कलेवर वाली पगड़ी पहन कर लाल किले की प्राचीर पर ध्वज फहराते हैं। उनकी ये पगड़ियां परंपरा और आधुनिकता के समन्वय के साथ राष्ट्र एकता के साथ अंतर्निहित प्रतीकात्मक संदेश देती हैं। श्री मोदी ने 2014 में पहली बार लाल किले पर तिरंगा फहराया था। इस वर्ष प्रधानमंत्री ने भगवा रंग की पगड़ी के साथ कंधे पर तिरंगा पटका लगा रखा था, जिसे शक्ति और देश भक्ति का संदेश के रूप में लिया गया। ऑपरेशन सिंदूर और देश के खिलाफ अमेरिका द्वारा लगाये गये भारी आयात शुल्क के बीच श्री मोदी ने इस बार के अपने संबोधन में स्वदेशी और आत्म निर्भरता पर बल दिया था। लाल किले की प्राचीर से संबोधन के समय प्रधानमंत्री मोदी द्वारा धारण की गयी पगड़ियों की शैली और विशेषता इस प्रकार रही है। प्रधानमंत्री ने 2014 में चटकीले लाल और हरे रंग की जोधपुरी बंधेज पगड़ी बांध रखी थी। यह पगड़ी राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने के साथ समृद्ध भारतीय संस्कृति का प्रतीक थी। वर्ष 2015 में विविवधता और उत्साह का संदेश देते हुए पीले रंग की उनकी पगड़ी में लाल और गहरे हरे रंग की आड़ी तिरछी धारियां थीं। पारंपरिक राजस्थानी शैली की विशेषता वाली इस पगड़ी में लंबी पूंछ टखनों तक लटकी थी। श्री मोदी ने 2016 में उत्साह और रचनात्मकता का संदेश देते हुए गुलाबी और पीले रंग की एक अनूठी छवि वाली टाई-डाई पगड़ी पहनी थी और 2017 के स्वतंत्रता दिवस पर उनकी पगड़ी उत्सव के प्रतीक चमकीली पीले रंग की थी। यह पगड़ी उनके सकारात्मक और दूरदर्शी भाषण के साथ राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित कर रही थी। साल 2018 में उनकी पगड़ी बलिदान और साहस के प्रतीक केसरिया रंग की थी, जो लाल पैटर्न से सजी थी। इसकी टखनों तक लंबी पूंछ इसे और आकर्षक बना रही थी। वर्ष 2019 में उन्होंने लोक कला और सांस्कृतिक विविधता की स्मृति में कढ़ाई वाली भगवा पगड़ी पहनीं थी, जो राष्ट्रीय गौरव और भारत की कलात्मक विरासत को दर्शा रही थी। इसके साथ पैटर्न वाले दुपट्टा उनकी छवि को और समृद्ध बना रहा था। श्री मोदी ने 2020 में कोविड-19 महामारी के बीच सफ़ेद कुर्ते और नारंगी-सफ़ेद दुपट्टे के साथ एकता और रक्षा की भावना को प्रदर्शित करते हुए भगवा और क्रीम रंग की पगड़ी पहनी जो सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक थी। वह 2021 में केसरिया पगड़ी, गुलाबी लकीरों के साथ लंबी पूंछ वाली पकड़ी धारण किये हये थे। इसे सामूहिकता एवं जीवंतता के प्रतीक के रूप में देखा गया। इसके साथ उनका सफ़ेद कुर्ता, चूड़ीदार और नीली जैकेट के साथ जोड़ा गया, जो परंपरा और आधुनिकता का मिश्रण दर्शा रहा था। उन्होंने 2022 में राष्ट्र प्रेम और एकता का संदेश देते हुए हर घर तिरंगा अभियान के अनुरूप तिरंगे रंगों वाली पगड़ी पहनी थी, जो राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की याद दिलाती थी। वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री के सर पर पारंपरिक संरचना और विविधता का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए पीले, हरे और लाल रंगों वाली बांधनी प्रिंट राजस्थानी पगड़ी पहनी। इसे ऑफ-व्हाइट कुर्ते और काले वी-नेक जैकेट के साथ जोड़ा गया। वर्ष 2024 में श्री मोदी प्रकृति प्रेरित डिजाइन सांस्कृतिक विरासत को नमन करते हुए नारंगी, पीले और हरे रंग की लहरिया प्रिंट वाली राजस्थानी पगड़ी पहन कर लाल किले पर ध्वजारोहण किया था। इसे सफ़ेद कुर्ते और हल्के नीले नेहरू जैकेट के साथ जोड़ा गया, जो भारत की विविधता और एकता को दर्शाता था।

# पेज एक का शेष

## युवा कारीगरों को...

अंबेडकर नगर संध्या वर्मा, लखनऊ की श्वेता श्रीवास्तव, कानुपर की कविता मौर्या, उन्नाव के शशांक यादव, हापुड़ के रविन्द्र निगम को नियुक्ति पत्र वितरित किया। एमएसएमई सेक्टर के लिए 1.32 लाख करोड़ का ऋण कार्यक्रम में प्रदेशभर के कारीगरों, शिल्पकारों और उद्यमियों के लिए बैंकों द्वारा 1,32,000 करोड़ का ऋण वितरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राशि कई राज्यों के वार्षिक बजट से भी अधिक है। मंच से मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ ने सीतापुर की शशि देवी को दो लाख और लखनऊ की अंशु शर्मा को 9.5 लाख का ऋण प्रदान किया। 12 हजार कारीगरों को टूलकिट वितरण विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत प्रदेशभर के 12,000 कारीगरों को टूलकिट वितरण किया गया। इनमें लखनऊ के ऋत्विक कनौजिया और प्रियंका कुमारी को मंच से टूलकिट प्रदान कर मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। युवाओं को जॉब सीकर नहीं, जॉब प्रोवाइडर बनाना लक्ष्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी अब बीमारू प्रदेश नहीं, बल्कि देश का ग्रोथ इंजन बन चुका है। 2017 में जहां 100 रुपये जमा पर केवल 44 रुपये का ऋण मिलता था, वहीं आज यह अनुपात 62 प्रतिशत हो गया है। लक्ष्य है कि अगले वित्तीय वर्ष तक इसे 75 प्रतिशत तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब प्रोवाइडर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है ग्रामीण भारत मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के विचार को याद किया। उन्होंने कहा कि पहले गांव आत्मनिर्भर हुआ करते थे और वहां के कारीगर और शिल्पकार ही सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था को मजबूती देते थे। उन्होंने आह्वान किया कि आज भी कारीगर अपनी विशेषज्ञता और हुनर से प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाएं। हमारे कारिगरों के पास सब कुछ है। आज क्रिकेट और फुटबॉल दुनियाभर में खेला जाता है, मगर उसकी सामग्री तैयार होती है मेरठ में। चमड़े का कार्य आगरा में होता है। कार्पेट में वाराणसी, मीरजापुर और भदोही के कारीगरों का हुनर पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है। एक्सपो और ट्रेड शो से मिलेगा बड़ा बाजार मुख्यमंत्री ने बताया कि विश्वकर्मा एक्सपो 17 से 19 सितंबर तक चलेगा। इसके बाद ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होगा, जिसमें दुनिया भर के खरीदार आएंगे। उन्होंने कारीगरों और उद्यमियों से अपील की कि वे इस मौके का लाभ उठाएं और अपने प्रोडक्ट को वैश्विक मंच तक पहुंचाएं। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर बड़ा तोहफा मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की जयंती के साथ ही आज देश के सबसे लोकप्रिय नेता और नए भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी जन्मदिन है। उन्होंने इस अवसर को ''दोगुनी खुशी का दिन'' बताते हुए कहा कि पीएम मोदी ने विकसित भारत 2047 का जो लक्ष्य रखा है, उसे पूरा करने में उत्तर प्रदेश की अहम भूमिका होगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, पूर्व एमएलसी मोहसिन रजा, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई आलोक कुमार, सचिव प्रांजल यादव, विजयेन्द्र पांडियन, शैलेन्द्र कुमार सिंह, दीपक कुमार डे समेत विभिन्न उपकरणों के सप्लायर्स, 22 प्रशिक्षण दाता संस्थानों के सीएमडी सीईओ, ऋण और टूलकिट प्राप्त करने वाले कारिगर और शिल्पकार, बैंकर्स और बड़ी संख्या में चार्टेड अकाउंटेंट्स मौजूद रहे। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई के साथ पोषाहार वितरित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर उनके साथ जुड़ रहा है। उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई। प्रधानमंत्री का संदेश हमें प्रेरित करता है, और हम इसे लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए स्मार्ट फोन वितरण और मानदेय वृद्धि का ऐलान करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी बहनों की सेवाओं का सम्मान उनके मानदेय बढ़ाकर और स्मार्ट फोन देकर किया जाएगा। उनकी ट्रेनिंग और समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बनें। उन्होने प्रदेश के 75 जनपदों में 20,324 स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत की, जहां रक्त, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, एनीमिया और टीबी की निशुल्क जांच होगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व देखभाल, बच्चों के टीकाकरण और जागरूकता पर केंद्रित है। 507 रक्तदान शिविर भी आयोजित होंगे, जिसमें युवाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ह्लस्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियानङ्क की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत मातृत्व लाभ का वितरण किया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया।

## प्रधानमंत्री ने विरासत को ...

मोदी जी ने कई देशों को वैक्सीन दी।भारत के लोगों को फ्री में वैक्सीन लगी। उन्होने कहा कि श्री मोदी की गिनती दुनिया के चुनिंदा दूरदर्शी नेताओं में होती है। दुनिया प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रही है।अब हमारा भारत किसी का पिछलग्गू बनने की बजाय दुनिया को रास्ता दिखाने का काम कर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उनके नेतृत्व में देश में एक तरफ़ जहां इन्वेस्टमेंट आया है वहीं दूसरी तरफ बड़े पैमाने पर रोजगार भी सृजन हुआ है ।

## अब ईवीएम में...

बेहतर गुणवत्ता वाले कागज होने के चलते मतदाता बिना किसी असमंजस के सही उम्मीदवार का चुनाव कर सकेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए लाभकारी होगा। ईवीएम पर अब तक काले-सफ़ेद फोटो और छोटे अक्षरों की वजह से मतदाताओं को परेशानी होती थी। नई व्यवस्था से मतदान प्रक्रिया अधिक लोकतांत्रिक व सुगम होगी।

## पराली जलाने...

मेहरा ने कोर्ट को बताया कि पिछले कुछ सालों में पराली जलाने की घटनाएं कम हुई हैं। उन्होंने कहा, ''तीन साल में बहुत कुछ हासिल हुआ है और इस साल और बेहतर होगा। लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि ज्यादातर किसान छोटे हैं, और उन्हें जेल भेजने से उनके परिवार वालों का क्या होगा? इस पर चीफ जस्टिस ने कहा, ''हर किसी को नहीं, लेकिन संदेश देने के लिए ऐसा करना जरूरी है।''

## डॉक्टर की भर्ती में ...

डॉ. आयुष लोहिया व एमएम विभाग के प्रमुख को शामिल किया गया है। इसके अलावा वरिष्ठ प्रशासनिक सहायक का कुलसचिव कार्यालय से तबादला आईपीडी में किया गया है।

## वही खरीदें जिसमें ...

ये कार्यक्रम धार में हो रहा है लेकिन, ये पूरे भारत के लिए हो रहा है। आज यहां से स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार जैसे महाअभियान की शुरूआत हो रही है। नारी शक्ति राष्ट्र की प्रगति का मुख्य आधार है। घर में मां ठीक रहती है तो पूरा घर ठीक रहता है। अगर, मां बीमार हो जाए तो परिवार की सारी व्यवस्थाएं चरमरा जाती है। इसलिए स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान माताओं को समर्पित है। इसका मकसद है एक भी महिला जानकारी के आभाव में किसी भी बीमारी का शिकार ना हो। ऐसी बीमारियां जिनका महिलाओं को सबसे ज्यादा खतरा है, उन्हें शुरूआत में पकड़ना जरूरी है। कैंसर जैसी भयंकर बीमारियों की जांच शुरूआत में ही की जाएगी। पीएम ने कहा, हमने प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना का फायदा साढ़े 4 करोड़ गर्भवती महिलाओं को मिल चुका है। 19 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि देश की माताओं-बहनों के खाते में पहुंच चुकी है। अभी एक क्लिक पर 15 लाख से ज्यादा महिलाओं को मदद भेज दी गई है, चार करोड़ से ज्यादा रुपए उनके खातों में जमा हो गए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती से एक और अभियान की चर्चा करना चाहता हूं। आदिवासी इलाकों में सिकल सेल एनीमिया बड़ी बीमारी होती है। एमपी से ही 2023 में सिकल सेल स्क्रीन का कार्ड मिलना शुरू हुआ था। आज एमपी में ही एक करोड़ वां कार्ड दिया गया है। अब तक इस अभियान के तहत पांच करोड़ से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। इससे लाखों लोगों का जीवन सुरक्षित हुआ है। ये काम आने वाली पीढ़ियों के लिए है। आज लोग स्वस्थ्य हो जाएंगे तो आने वाली पीढ़ियां स्वस्थ्य हो जाएंगी। सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि गरीब की सेवा मेरे जीवन का उद्देश्य है। हमारी सरकार गरीबों को केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही है। समर्पण भाव से काम करने के कारण पिछले 11 साल के परिश्रम के कारण आज देश के 25 करोड़ लोग गरीबी के जीवन से बाहर आ गए हैं। समाज को नया आत्मविश्वास मिला है। सरकार के सारे प्रयास गरीबों की जिंदगी बदलने वाली मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि मुफ्त राशन योजना के आंकड़े सुनकर विदेशियों की आंखे फटी रह जाती हैं। आज भी इस योजना के तहत मुफ्त आनाज दिया जा रहा है। पीएम आवास योजना के तहत जो राशि दी गई है, उसमें ज्यादातर घर महिलाओं के नाम पर हैं। करोड़ों बहने मुद्रा योजना के तहत लोन लेकर नए व्यापार कर रही हैं। सरकार तीन करोड़ ग्रामीण बहनों को लखपति दीदी बनाने के अभियान में जुटी है। अब तक दो करोड़ बहनें लखपति दीदी बन चुकी हैं। महिलाओं को ड्रोन दीदी और महिला सखी बनाकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था के केंद्र में लाया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार फाइव एफ पर काम कर रही है। इसमें फार्म, फाइबर, फैक्टरी, फैशन और फॉरेन की चैन बन रही है। धार के पीएम मित्र पार्क के लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर का काम पूरा कर लिया है। इससे रोजगार के नए अवसर बनेंगे, किसानों को लाभ मिलेगा। हम देश में ऐसे छह पीएम मित्र पार्क बनाने जा रहे हैं। अब धार दुनिया के मार्केट में चमकेगा।

# दिल्ली के भलस्वा कूड़े के पहाड़ की उंचाई 15 मीटर घटी

## हटाया गया 30 लाख मीट्रिक टन कचरा : महापौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली । देश की राष्ट्रीय राजधानी में मौजूद तीन कूड़े के पहाड़ों में से एक भलस्वा लैंडफिल साइट से 30 लाख मीट्रिक टन कचरा का निस्तारण किया है। इससे अब इसकी उंचाई 15 मीटर कम हो गई है। पहले यहां 73 लाख मीट्रिक टन कचरा था जो अब घटकर 43 लाख मीट्रिक टन रह गया है। दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने बुधवार को सेवा पखवाड़े के अवसर पर केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि दिल्ली सरकार और नगर निगम के संयुक्त प्रयास से राजधानी को कूड़े के पहाड़ों से निजात दिलाने की दिशा में बड़ी सफलता मिली है।

इस दौरान कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, उपमहापौर जयभगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा समेत अन्य नेता मौजूद रहे। महापौर ने कहा कि कूड़े के पहाड़ को खत्म करने का संकल्प लिया गया था और अब भलस्वा लैंडफिल साइट की ऊंचाई घटाकर उस दिशा में ठोस कदम बढ़ाया गया है। प्रतिदिन नया कचरा आने के बावजूद साइट पर कूड़े की मात्रा घट रही है। उन्होंने बताया कि निस्तारित कचरे का उपयोग पावर प्लांट, टाइल निर्माण और जमीन की भराई में किया जा रहा है।

शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ राजधानी बनाने का संकल्प तेजी से साकार हो रहा है। शहर के तीनों कूड़ा स्थलों में 50 प्रतिशत से अधिक कचरे का निस्तारण पूरा हो चुका है और निकट भविष्य में इनका पूर्ण उन्मूलन होगा। यह केवल बुनियादी ढांचे की उपलब्धि नहीं बल्कि पर्यावरणीय संतुलन बहाल करने की दिशा में बड़ा कदम है। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार की प्राथमिकता केवल कचरे के पहाड़ों को खत्म करना ही नहीं, बल्कि राजधानी को एक ऐसा शहर बनाना है जो ऐतिहासिक धरोहर के साथ आधुनिक भारत की आकांक्षाओं का भी प्रतीक बने।

# जेपी नड्डा ने किया प्रधानमंत्री मोदी की जीवन यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर सेंट्रल पार्क में उनके जीवन यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया। इस मौके पर अपने संबोधन में जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन, उनका एक एक पल, सेवा की प्रेरणा से ओत-प्रोत है और राष्ट्र के लिए समर्पित है। ऐसे प्रधानमंत्री जिन्होंने देश में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने में बहुत बड़ा योगदान किया है।

पिछले 11 वर्षों में भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने भारत को मजबूती प्रदान की है। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए सेवा ही उनकी प्रेरणा है और राष्ट्र प्रथम संकल्प है। इस बात को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने सेवा पखवाड़ा मनाने का संकल्प लिया है। यह सेवा पखवाड़ा प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्म जयंती यानि 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज स्वस्थ्य नारी, स्वस्थ परिवार अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत हजारों स्थानों पर स्वास्थ्य कैंप लगाए जा रहे हैं। रक्तदान शिविर का आयोजन सरकार और पार्टी के सहयोग से किया जा रहा है। इसके साथ पर्यावरण के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। लोग इनमें से कई आयोजनों में भागीदार बनें। आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाने का आह्वान करते हुए जेपी नड्डा ने दो अक्टूबर को सभी कार्यकर्ताओं को खादी खरीदने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी को अपने जीवन में खादी पहनना चाहिए ताकि देश को मजबूत बनाने में योगदान में वे भी भागीदार बन सकें। स्वदेशी उत्पाद को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री के प्रेरित जीवन को लेकर प्रदर्शित प्रदर्शनी को देश के कोने कोने में लगाई जानी चाहिए ताकि लोग प्रधानमंत्री मोदी के जीवन यात्रा को समझें कि कैसे उन्होंने एक-एक पल देश को आगे बढ़ाने में लगाया है। उन्होंने सभी से सेवा पखवाड़ा में शामिल हो कर मानवता की इस बड़ी सेवा में भागीदार बनने का आह्वान किया।

# संक्षिप्त समाचार

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम अभियान का शुभारंभ

सहरसा । कोशी क्षेत्रीय स्वास्थ्य प्रबंधक अविनाश कुमार एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (इनचार्ज) डॉ सुधीर कुमार के द्वारा किया गया इस दौरान ,पीरामल जिला प्रबंधक रिपुंजय कुमार,प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक महबूब आलम ,पीरामल जिला प्रोग्राम लीड अखिलेश कुमार, बीसीएम प्रमोद कुमार,रश्मि कुमारी सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थिति रहे। ज्ञात हो कि दिनांक 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर,2025 तक किशोरियों एवं महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड में स्वास्थ्य व्यवस्था को बढ़ावा देकर स्वस्थ्य नारी एवं सशक्त परिवार का निर्माण करना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य है। इस दौरान , किशोरियों एवं महिलाओं को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं को पहचान कर समुचित इलाज किया जाएगा, जिसमें सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर,प्रसव पूर्व जांच, आंखों की जांच,मधुमेह,उच्च रक्तचाप आदि रोग शामिल है।

### समाहरणालय में मनाया गया श्रम कल्याण दिवस

अररिया। श्रम एवं संसाधन विभाग द्वारा विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर बुधवार को श्रम कल्याण दिवस मनाया गया। डीडीसी रोजी कुमारी की अध्यक्षता में परमान सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रत्येक प्रखंड के करीबन दो सौ श्रमिक शामिल हुए। मौके पर श्रम अधीक्षक अमित कुमार ने श्रमिकों के लिए चलाए जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।इस मौके पर मुख्यमंत्री की ओर से श्रमिकों के खाते में विश्वकर्मा योजना के तहत श्रमिकों के खाते में पांच हजार रूपये डीबीटी के माध्यम से दिए गए। इस अवसर पर श्रम अधीक्षकअमित कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक निदेशक सुबोध कुमार,जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक शंभू रजक,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अमर ज्योति श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रानीगंज राजेश कुमार, श्रम प्रवर्ततन पदाधिकारी नरपतगंज ममता कुमारी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी जोकीहाट अमित कुमार कश्यप, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी कुर्साकांटा सौरभ प्रभाकर एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पलासी आशिष कुमार पासवान उपस्थित थे।

### आयुर्वेद दिवस पर पतंजलि में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

हरिद्वार । 10वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर पतंजलि आयुर्वेदिक कॉलेज में आयोजित साप्ताहिक उत्सव के क्रम में आज पतंजलि आयुर्वेद हॉस्पिटल के तत्वावधान में ग्राम–मूलदासपुर माजरा, हरिद्वार में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 125 लोगों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क औषधि वितरण कार्यक्रम का लाभ लिया। इस शिविर का उद्देश्य जनमानस में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता लाना तथा आयुर्वेद के महत्व को जन–जन तक पहुंचाना था। शिविर में पुरुष, महिलाओं, बच्चों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया तथा हेल्थ चैक–अप कराया।इसी क्रम में आगामी एक सप्ताह में आयुर्वेद के प्रचार–प्रसार हेतु नुक्कड़ नाटक, चित्र प्रदर्शनी तथा जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा।शिविर में पतंजलि के चिकित्सकों डॉ. रोशनी गुप्ता, डॉ. अतुल अग्रवाल, डॉ. धीरज त्यागी, फार्मासिस्ट श्री विपिन भटट, सहायक भीम अरोरा के साथ–साथ पी.जी. स्कोलर्स, यू.जी. छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

### सासंद नरेश बंसल ने किया स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

हरिद्वार। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने बुधवार को स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस है। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर कई महत्वकांक्षी योजनाओं का शुभारम्भ किया गया है। पूरे देश में स्वास्थ्य पखवाड़ा आयोजित हो रहे है,जो 2 अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े में सभी का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया जायेगा।
इस अवसर पर विधायक मदन कौशिक व विधायक आदेश चौहान ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बेटियों को सशक्त बनने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का संचालन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच के तहत महिलाओं के लिए कई महत्वकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा दिव्यांग केवल राम एवं संतर राम को बैसाखी वितरित की गई।
इस अवसर पर राज्य सभा सासंद नरेश बंसल एवं विधायक मदन कौशिक, जिलाध्यक्ष भाजपा आशुतोष शर्मा ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया।
इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरके सिंह ने बताया कि आज से 02 अक्टूबर तक स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से जनपद में 311 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### नियमितीकरण की तिथि 2025 निर्धारित करने की मांग

नैनीताल । कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा नैनीताल तथा उत्तराखंड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ यूटा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजा है। इसमें मांग की गई है कि राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक व कर्मचारी, जिन्होंने वर्ष 2025 तक 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है, उन्हें नियमितीकरण का लाभ दिया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि संविदा व दैनिक वेतनभोगी बड़ी संख्या में कार्यरत हैं और उन्हें अत्यंत कम वेतन मिल रहा है। कहा है कि पूर्व में भी 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को नियमित किया गया है, इसलिए 2025 तक सेवा पूरी करने वालों को भी समान अवसर दिया जाना चाहिए। ज्ञापन पर प्रो.ललित तिवारी, डॉ. विजय कुमार, डॉ. संतोष कुमार, प्रो.नीलू लोधीयाल, डॉ. दीपिका गोस्वामी, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. रितेश साह, डॉ. पेनी जोशी, डॉ. उमंग सैनी, डॉ. दीपिका पंत और डॉ. अनिल बिष्ट सहित अन्य प्राध्यापकों ने हस्ताक्षर किए हैं।

# डूसू चुनाव केवल संगठन या प्रत्याशियों का नहीं बल्कि छात्रों की भागीदारी का पर्व है: अभाविप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली । दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रसंघ (डूसू) चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के प्रत्याशियों ने बुधवार को विश्वविद्यालय के छात्रों से आगामी 18 सितंबर को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी आर्यन मान, उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी गोविंद तंवर, सचिव पद के प्रत्याशी कुणाल चौधरी और सह सचिव पद की प्रत्याशी दीपिका झा ने कहा कि यह चुनाव केवल संगठन या प्रत्याशियों का नहीं, बल्कि छात्रों की भागीदारी का पर्व है। डूसू चुनाव 18 सितंबर को संपन्न होंगे और परिणाम 19 सितंबर को घोषित किए जाएंगे। अभाविप दिल्ली प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव डीयू के छात्रों के लिए एक उत्सव है। अभाविप सभी छात्रों से अपील करती हैं कि वे मतदान कर इस उत्सव को सफल बनाएं। सार्थक शर्मा ने कहा कि इस वर्ष डूसू चुनाव प्रचार का स्वरूप खासा अनूठा रहा। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अभाविप कार्यकर्ताओं और प्रत्याशियों ने प्रचार-प्रसार के नए तरीके अपनाए। उन्होंने पत्तों पर नाम लिखकर छात्रों तक संदेश पहुंचाया और डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग किया। इंस्टाग्राम रील, फ़ेसबुक लाइव, 'एक्स' पोस्ट और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए चुनावी संदेश व्यापक स्तर तक पहुंचाया गया। शर्मा ने कहा कि बुधवार सुबह 8 बजे से आचार संहिता के नियमों के तहत मैदान में प्रचार समाप्त हो चुका है, लेकिन सोशल मीडिया पर अभाविप का डिजिटल अभियान लगातार जारी है। उन्होंने छात्र संघ चुनाव में चारों सीटों पर अभाविप के प्रत्याशियों के जीत का दावा किया।

### सेल ने मिजोरम की बैराबी–सैरांग रेलवे परियोजना के लिए 15 हजार मी. टन स्टील आपूर्ति की

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी इस्पात उत्पादक और महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने मिजोरम में 51 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरांग रेलवे परियोजना के लिए लगभग 15 हजार मीट्रिक टन (एमटी) उच्च-गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादों की आपूर्ति की है। पूर्वोत्तर भारत में रेलवे कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने वाले इस महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 सितंबर को किया था।

इस्पात मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि इस परियोजना के लिए सेल ने अपने भिलाई इस्पात संयंत्र से लगभग 10 हजार मीट्रिक टन उच्च-श्रेणी के आर-260 प्राइम रेल की आपूर्ति की है। इसके अलावा सेल ने अपने बोकारो, राउरकेला, भिलाई, दुर्गापुर और बर्नपुर इस्पात संयंत्रों से प्लेट, टीएमटी और स्ट्रक्चरल स्टील सहित लगभग 5,000 मीट्रिक टन अन्य आवश्यक इस्पात उत्पादों की आपूर्ति की है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण, कई भवन खतरे में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। नैनीताल जनपद के निकटवर्ती बजून के दूधिला तोक में सोमवार रात्रि आई भीषण आपदा के बाद बुधवार को बजून में सभी संबंधित विभागों के साथ बहुउद्देश्यीय शिविर लगाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क से गांव के साथ उनके घरों व कृषि भूमि को खतरे, आपदा से बिजली व पानी की लाइनों को पहुंचे नुकसान, विद्यालय की छत से पानी टपकने जैसी अनेकों समस्याओं संबंधित अधिकारियों के सम्मुख रखीं और अधिकारियों ने उनका यथा संभव समाधान किया। इससे पूर्व विधायक सरिता आर्या के निर्देश पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, मंडी परिषद के सलाहकार मनोज जोशी, जिला उपाध्यक्ष दयाकिशन पोखरिया, मोहित आर्य, भारत मेहरा और नीरज मेहरा आदि ने एसडीएम नवाजिश खलीक सहित अन्य अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर त्वरित रूप से जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित ग्रामीणों को उनके घर को हुए नुकसान व 7 पशुओं की मौत पर तीन लाख बारह हजार रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया।

इधर, मानसूनी वर्षा से नैनीताल जिला मुख्यालय के सात नंबर क्षेत्र स्थित आल्मा कॉटेज इलाके में सड़क की सुरक्षा दीवार ढह जाने से एक दर्जन भवन खतरे की जद में आ गए हैं। देर रात भारी वर्षा के बाद हुए धंसाव से ऊपर पांच और नीचे सात परिवारों के भवन प्रभावित हो गए हैं। इधर नगर में बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी बारिश जारी है।

## 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' थीम के साथ अररिया में शुरू हुआ राष्ट्रीय पोषण माह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फारबिसगंज/अररिया । समेकित बाल विकास सेवाएँ अररिया के तत्वावधान में आज आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का भव्य शुभारंभ हुआ। इस वर्ष का थीम 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' रखा गया है, जिसका लक्ष्य महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाकर पूरे समाज को सशक्त बनाना है। यह अभियान 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें जिले के सभी आँगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। अभियान की शुरुआत समाहरणालय परिसर से एक विशाल पोषण रैली के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में आँगनबाड़ी सेविका, सहायिका और महिला पर्यवेक्षिका शामिल हुईं। इन सभी ने 'पोषण का महत्व, जन-जन तक' का संदेश देते हुए जागरूकता फैलाई। इस अवसर पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी श्रीमती कविता कुमारी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों में कुपोषण को दूर करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ''जब महिलाएँ स्वस्थ होंगी, तभी परिवार और समाज सशक्त होगा।'' उन्होंने बताया कि इस वर्ष का पोषण माह महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देगा और आँगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा।

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रेणु कुमारी ने बताया कि यह एक महीने का अभियान ग्रामीण स्तर पर उपलब्ध स्थानीय संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देगा।

उन्होंने कहा, ''हम ग्रामीण महिलाओं को सहजन की पत्ती, पालक, नोनी का साग जैसी हरी सब्जियों के नियमित सेवन के लिए प्रेरित करेंगे।'' साथ ही, धात्री माताओं को पोषण के बारे में जागरूक करने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

अभियान के तहत, आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यशालाएँ, जागरूकता कार्यक्रम और खान-पान से जुड़ी गतिविधियाँ होंगी, ताकि ग्रामीण महिलाओं को यह सिखाया जा सके कि वे स्थानीय संसाधनों का उपयोग करके अपने और अपने परिवार के लिए पौष्टिक भोजन कैसे तैयार कर सकती हैं।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार'' और ''आठवें राष्ट्रीय पोषण माह'' अभियान का शुभारंभ के अवसर पर देहरादून में वर्चुअल रूप से राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर निरीक्षण किया।

कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में राज्यपाल ने कहा कि ह्लस्वस्थ और जागरूक नारी ही समाज को नई दिशा दे सकती है। यह अभियान परिवार और समाज दोनों की मजबूती की आधारशिला है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी करें और इसे जन-आंदोलन का रूप दें, ताकि हर महिला तक समग्र स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचे और वह सम्मानपूर्वक, सुरक्षित तथा स्वस्थ जीवन जी सके। उन्होंने कहा कि हमारे परिवार के मुखिया की सोच ही हमारे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के परिवार, महिला स्व-सहायता समूह, उत्पादन लाइन ने गुणवत्ता, ब्रांडिंग और पैकेजिंग के क्षेत्र में जो प्रगति की है, जब उसे स्वदेशी का मंत्र मिलेगा, तो यह परिवर्तन अवश्य ही क्रांति का रूप लेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के बाद मीडिया से वार्ता में प्रधानमंत्री को जन्म दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है। वहीं इस दौरान उत्तराखण्ड में चारधाम परियोजना, हवाई सेवा विस्तार के साथ ही सभी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जी का सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय भी हर बार प्रधानमंत्री ने उत्तराखण्ड का सहयोग किया है, चाहे रैणी आपदा रही हो या जोशीमठ, सिलक्यारा या इस साल की प्राकृतिक आपदा, प्रधानमंत्री जी ने हर बार राज्य को सहयोग देने के साथ ही हमारे प्रयासों को प्रोत्साहन भी दिया है। उन्होंने कहा कि आज विश्वकर्मा जयंती के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी जन्मदिन है। इस अवसर पर ''स्वस्थ नारी सशक्त परिवार'' अभियान शुभारंभ किया गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी तैयारी की है, यह अभियान दो अक्टूबर तक चलेगा, इसलिए राज्य की माताएं, बहनें इसका लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास में मातृशक्ति ने बड़ा योगदान दिया है, महिलाएं अब होम स्टे सहित अन्य स्वरोजगार में अपना कौशल दिखा रही है, इसलिए महिलाओं का स्वस्थ होना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बद्रीनाथ, केदारनाथ और गंगोत्री धाम की यात्रा सुचारू हो गई है, जल्द ही यमुनोत्री धाम का मार्ग भी खोलते हुए यात्रा का संचालन किया जाएगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, रेखा आर्या, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक खजान दास, विनोद चमोली, सविता कपूर, सुरेश गड़िया, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063